36 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर

वर्ष-36 अंक-123 | रायपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com




## फर्स्ट कालम

### तेजस्वी चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं कर पाएगा, इस बार एनडीए प्रचंड बहुमत लाएगी : शाह

**बेगूसराय।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बिहार के बेगूसराय में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को मालिक बताया। शाह ने कहा- हमारे यहां नेता थोपे नहीं जाते, नीचे से उठ कर ऊपर आते हैं। मैं एक ऐसा कार्यकर्ता हूं, जिसके करियर की शुरुआत एक बूथ अध्यक्ष के रूप में शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि, बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रचंड बहुमत लाएगी। इसके बाद तेजस्वी यादव चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं कर पाएगा। अपने भाषण के दौरान अमित शाह ने मंच से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के लिए ताली भी बजवाई। अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने घुसपैठियों को बचाने के लिए वोटर अधिकार यात्रा निकाली थी।



### केरल-बच्ची के गले में च्युइंगम फंसी, पास खड़े युवकों ने बचाया

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर में कुछ युवाओं ने सूझबूझ और हिम्मत दिखाकर एक छोटी बच्ची के गले में फंसी च्युइंगम निकालकर उसकी जान बचाई। पल्लिक्कारा इलाके में 16 सितंबर को एक बच्ची अपनी साइकिल के साथ खड़ी थी और च्युइंगम खा रही थी। अचानक च्युइंगम उसके गले में फंस गई, जिससे उसे सांस लेने में परेशान होने लगी। बच्ची ने पास ही खड़े कुछ युवकों से घुटन और सांस लेने में दिक्कत होने की बात कही। इसके बाद युवक उसकी ओर दौड़े। एक युवक ने बच्ची को उठाकर उसे उल्टा किया और उसकी पीठ थपथपाई। कुछ ही देर में च्युइंगम बाहर निकल गया और बच्ची आसानी से सांसें लेने लगी।

### नारायण साईं को गुजरात हाई कोर्ट से 5 दिन की जमानत मिली

**अहमदाबाद।** दुष्कर्म के एक मामले में सूरत की लाजपोर जेल में बंद नारायण साईं ने अपनी 82 वर्षीय बीमार मां से मिलने के लिए हाईकोर्ट में 45 दिन की अंतरिम जमानत की अर्जी लगाई थी। गुरुवार को अंतरिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने शर्तों के साथ 5 दिन की बेल मंजूर कर ली है। साईं के वकील गुजरात हाई कोर्ट में पेश हुए और दलील दी कि याचिकाकर्ता की मां इस समय अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत गंभीर है। जमानत के दौरान नारायण साईं सिर्फ अपनी मां के घर पर ही रह सकेगा, अपने या आसाराम के अनुयायियों से नहीं मिल सकेगा।

### अमेरिकी टैरिफ मसला दो महीने में सुलझ सकता है

**नई दिल्ली।** भारत के चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर वी. अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार (18 सितंबर) को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले 8-10 हफ्तों में अमेरिका के साथ टैरिफ की समस्या का कोई हल निकल आएगा। अमेरिका ने भारत पर रूस से तेल खरीदने के कारण 25% अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया था, जिससे नई दिल्ली पर कुल टैरिफ 50त्र हो गया। ये बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और भारत के संबंध फिर से ट्रैक पर आ रहे हैं और दोनों देशों के अधिकारी टैरिफ और ट्रेड पर बात कर रहे हैं।

### अमेरिका ने भारतीय कंपनियों के अधिकारियों के वीजा रद्द किए

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने कुछ भारतीय कंपनियों के अधिकारियों और उनके परिवारों के वीजा रद्द कर दिए हैं। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि इन लोगों पर फेंटेनाइल (एक खतरनाक सिंथेटिक ड्रग) से जुड़े रसायनों की तस्करी में शामिल होने का शक है। दूतावास के मुताबिक, वीजा रद्द होने के बाद संबंधित लोग और उनके परिजन अब अमेरिका यात्रा के लिए अयोग्य हो सकते हैं। इसके साथ ही, जिन कंपनियों पर फेंटेनाइल तस्करी का आरोप है, उनसे जुड़े अधिकारियों की वीजा जांच भी और सख्त की जाएगी।

# राजिम क्षेत्र के लोगों को मिली सस्ती और सुलभ रेल सेवा, यात्रियों को होगा लाभ : मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजिम में नई रेल सेवा का किया शुभारंभ

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजिम में नई रेल सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों की आवागमन सुविधा में वृद्धि करते हुए राजिम से रायपुर के लिए नई मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने राजिम-रायपुर-राजिम मेमू नई ट्रेन सेवा तथा रायपुर-अभनपुर 2 मेमू रेल सेवा का राजिम तक विस्तार भी प्रारंभ किया। भारी संख्या में यात्री इस अवसर पर ट्रेन में सवार हुए और उत्साहपूर्वक रायपुर की ओर रवाना हुए। सस्ती एवं सुलभ नई रेल सुविधा मिलने से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस नई रेल सेवा से राजिम सहित गरियाबंद एवं देवभोग क्षेत्र के लोगों को भी राजधानी रायपुर तक सस्ती और किफायती यात्रा का विकल्प प्राप्त होगा। विद्यार्थी, नौकरीपेशा वर्ग और व्यापारी वर्ग सहित सभी के लिए यह ट्रेन अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रयाग, राजिम अब रेल नेटवर्क से जुड़ गया है। ग्रामीण अंचलों से राजधानी रायपुर का आवागमन अब और अधिक सुगम, सुविधाजनक और किफायती बन गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आशीर्वाद से लगातार 19 महीनों से विकास की गति निरंतर अग्रसर है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से हो रहा निवेश आने वाली पीढ़ियों के लिए नया भविष्य गढ़ेगा। उन्होंने बताया कि लगभग आठ वर्ष पूर्व धमतरी से रायपुर तक नैरोगेज ट्रेन चलती थी और अब आठ वर्षों के अंतराल के बाद यहां ब्रॉडगेज ट्रेन सुविधा उपलब्ध हुई है। इसके लिए उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में रेलवे की लगभग 45,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में लगभग 7,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे प्रदेश में रेल सेवाओं का तीव्र विस्तार और विकास सुनिश्चित हो रहा है। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, लोकसभा सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, नगर पालिका गोबरा नवापारा अध्यक्ष श्रीमती ओमकुमारी संजय साहू, नगर पंचायत राजिम अध्यक्ष महेश यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, रेलवे अधिकारी-कर्मचारी एवं भारी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**शराब घोटाला केस :** रिटायर्ड आईएएस पर सिंडिकेट ऑपरेट करने में अहम रोल निभाने का आरोप

# ईओडब्ल्यू ने रिटायर्ड आईएएस निरंजन दास को किया गिरफ्तार

### टुटेजा-ढेबर-अरुणपति के साथ बनाया सिंडिकेट, टेंडर दिलाने में अहम रोल

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला केस में ईओडब्ल्यू ने रिटायर्ड आईएएस निरंजन दास को गिरफ्तार किया है। पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास कांग्रेस सरकार के दौरान आबकारी आयुक्त थे। निरंजन पर सिंडिकेट ऑपरेट करने में अहम रोल निभाने का आरोप है।

ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया है कि रिटायर्ड आईएएस निरंजन दास ने पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, तत्कालीन विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी, कारोबारी अनवर ढेबर और अन्य के साथ मिलकर शराब घोटाले का सिंडिकेट खड़ा किया था। ईओडब्ल्यू के मुताबिक सिंडिकेट ने सरकारी शराब दुकानों में कमीशन तय करने, डिस्टलरियों से अतिरिक्त शराब बनवाने, विदेशी ब्रांड की अवैध सप्लाई कराने और डुप्लीकेट होलोग्राम के जरिए शराब बेचने जैसी गतिविधियों से राज्य सरकार को हजारों करोड़ का नुकसान पहुंचाया।

**निरंजन दास ने टेंडर दिलाने में निभाई थी भूमिका :** ईओडब्ल्यू की चार्जशीट के मुताबिक नोएडा की प्रिज्म होलोग्राफिक सिक्योरिटी फिल्म्स को टेंडर दिलाने में दास की अहम भूमिका रही। कंपनी अयोग्य होने के बावजूद शर्तें बदली गई और उसे काम दिया गया। इसके बाद डुप्लीकेट होलोग्राम बनाकर अवैध शराब की बिक्री को वैध ठहराया गया। ईओडब्ल्यू की चार्जशीट के मुताबिक प्रति होलोग्राम आठ पैसे का कमीशन तय हुआ। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि निरंजन दास और सिंडिकेट ने झारखंड की आबकारी नीति बदलवाने की भी साजिश रची। जनवरी 2022 में ढेबर और त्रिपाठी के साथ झारखंड अधिकारियों के साथ बैठक कर छत्तीसगढ़ मॉडल लागू कराया। रिटायरमेंट के बाद फरवरी 2023 में उन्हें संविदा पर आबकारी आयुक्त बनाया गया था। निरंजन दास की अग्रिम जमानत याचिकाएं कई बार खारिज हुईं। अब ईओडब्ल्यू उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में घोटाले की कई परतें और खुलेंगी।



**क्या है छत्तीसगढ़ का शराब घोटाला :** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी जांच कर रही है। ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था।

### नान-घोटाला केसः ईडी कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचे आलोक शुक्ला, कोर्ट का इंकार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ नान घोटाला केस में रिटायर्ड आलोक शुक्ला रायपुर की स्पेशल कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचे थे, लेकिन कोर्ट ने सरेंडर कराने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अभी सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर अपलोड नहीं हुआ है। सरेंडर नहीं करा सकते हैं। इसके बाद आलोक शुक्ला वापस लौट गए हैं। बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वह ईडी कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचे थे, लेकिन कोर्ट ने कहा कि अभी सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर आया नहीं है, जब ऑर्डर आ जाएगा तो आप ऑर्डर के साथ आइए। सुप्रीम कोर्ट ने 2 हफ्ते कस्टोडियल और ज्यूडिशियल रिमांड के आदेश दिए हैं। दरअसल, नान घोटाला केस में रिटायर्ड आईएएस आलोक शुक्ला को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी, लेकिन ईडी ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। ईडी ने कोर्ट में बताया कि आरोपियों ने 2015 में दर्ज नान घोटाला मामले और जांच को प्रभावित करने की कोशिश की थी। हमारी जांच अभी पूरी नहीं हुई है। इसके बाद जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने सुनवाई के बाद हाईकोर्ट से आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा को मिली अग्रिम जमानत को रद्द कर दी। कोर्ट ने ईडी की कस्टडी के लिए आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि पहले 2 हफ्ते ईडी की हिरासत और उसके बाद 2 हफ्ते न्यायिक हिरासत में रहना होगा। इसके बाद ही उन्हें जमानत मिल सकेगी। इसके साथ ही जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने ईडी और ईओडब्ल्यू को जांच पूरी करने के लिए तय समय सीमा दी है। बेंच ने ईडी को तीन महीने और ईओडब्ल्यू को 2 महीने में जांच पूरी करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि पेंडिंग मामलों का निपटारा समय पर होना चाहिए।




# राहुल के प्रजेंटेशन में वोटर्स डिलीट कराने का दावा, जिनके नाम कटे, उन्हें स्टेज पर बुलाया

### आयोग बोला- आरोप झूठे, नाम ऑनलाइन डिलीट नहीं होते

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को 'वोट चोरी' पर दूसरी बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इससे पहले उन्होंने 7 अगस्त को मीडिया से बात की थी। राहुल ने 31 मिनट के प्रजेंटेशन में वोट चोरी के आरोप लगाए और सबूत दिखाने का दावा किया।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जानबूझकर कांग्रेस के वोटों को निशाना बना रहा है और उनके नाम डिलीट कर रहा है। राहुल इस बार अपने साथ कर्नाटक के ऐसे वोटर्स को भी लेकर आए, जिनके नाम वोटर्स लिस्ट से डिलीट किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उन लोगों की रक्षा कर रहे हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने फिर कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और यूपी में यही हो रहा है चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को गलत और निराधार बताया। कोई भी आम नागरिक ऑनलाइन किसी का भी वोट डिलीट नहीं कर सकता। किसी का वोट डिलीट करने से पहले संबंधित व्यक्ति को अपनी बात रखने का मौका दिया जाता है।

राहुल ने 'कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा 2023 के चुनाव में किसी ने 6,018 वोट डिलीट करने की कोशिश की। इसकी संख्या ज्यादा भी हो सकती है। हमें नहीं पता कि कुल कितने वोट डिलीट किए गए। इन्हें डिलीट करते समय गलती से मामला पकड़ में आ गया। उन्होंने कहा- हुआ यूं कि वहां की एक बूथ-लेवल अधिकारी ने देखा कि उसके चाचा का वोट डिलीट हो गया है। उसने जांच की तो पाया पड़ोसी ने वोट डिलीट किया था। बीएलओ ने उससे बात की। जब उसने अपने पड़ोसी से पूछा तो उसने कहा कि मैंने कोई वोट डिलीट नहीं किया। यानी न तो जिस व्यक्ति ने वोट डिलीट किया और न ही जिसका वोट डिलीट हुआ- दोनों को इस बारे में कुछ पता था। असल में किसी और ताकत ने सिस्टम को हाईजैक करके ये वोट डिलीट किए थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान 63 साल की गोदाबाई का वीडियो दिखाया गया। इसमें उन्होंने कहा- मेरा वोट डिलीट किया गया।



### अब हमें निर्वाचन आयोग के अंदर से मदद मिलनी शुरू हो गई है : राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि 'वोट चोरी' के मुद्दे पर अब उन्हें निर्वाचन आयोग के अंदर से मदद मिल रही हैं और सूचनाएं उन तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा करने का काम उनका नहीं, बल्कि संस्थाओं का है, लेकिन संस्थाओं के अपना काम नहीं करने के कारण वह बतौर नेता प्रतिपक्ष यह जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने मुहिम के क्रम में बृहस्पतिवार को मतदाता सूचियों से 'कांग्रेस समर्थक मतदाताओं' के नाम हटाए जाने का विषय उठाया और आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार 'लोकतंत्र की हत्या करने वालों' तथा 'वोट चोरों' की रक्षा कर रहे हैं।

# कस्टम मिलिंग घोटाला : भिलाई समेत 10 ठिकानों पर ईडी की दबिश

### 140 करोड़ से अधिक के कस्टम मिलिंग से जुड़ा मामला

समवेत शिखर न्यूज



**दुर्ग-भिलाई/रायपुर।** कस्टम मिलिंग घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गुरुवार को भिलाई समेत प्रदेश के 10 ठिकानों पर छापेमारी की। मामला 140 करोड़ से अधिक के कस्टम मिलिंग से जुड़ा बताया जा रहा है। मामले में ईडी की टीम प्रदेश के 10 अलग-अलग जिले में दबिश दी। ईडी की छह सदस्यीय टीम ने हुडको स्थित सुधाकर रावटे के घर दबिश दी। टीम सुधाकर रावटे से पूछताछ के साथ कस्टम मिलिंग स्कैम से जुड़े दस्तावेजों को खंगालने में जुट गई। टीम ने घर को चारों ओर से घेरकर महत्वपूर्ण दस्तावेजों और लेनदेन से जुड़े कागजातों की छानबीन शुरू कर दी। इससे पहले एसीबी ने इस घोटाले में मुख्य आरोपी अनिल टुटेजा और रायपुर के होटल कारोबारी अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया था। दोनों से पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर ही ईडी ने भिलाई में छापा मारा। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में कई अधिकारियों और मिलर्स की मिलीभगत के अहम सुराग मिले हैं, जिनके चलते यह दबिश दी गई है। इसके बाद आलोक शुक्ला पर भी गिरफ्तार की तलवार लटक रही है। (शेष पेज-4 पर)

### ऑनलाइन गेमिंग के कड़े नियम 1 अक्टूबर से लागू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि ऑनलाइन गेमिंग से संबंधित नए नियम 1 अक्टूबर से लागू होंगे। वैष्णव ने कहा कि हमने उनके (ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों और हितधारकों) साथ कई बार चर्चा की है... और कानून पारित होने के बाद, एक बार फिर, हमने उनके साथ बातचीत की है।÷ उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने बैंकों और अन्य हितधारकों से भी परामर्श किया है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सरकार का दृष्टिकोण बहुत ही परामर्शात्मक बना हुआ है और कार्यान्वयन से पहले उद्योग के साथ एक और दौर की चर्चा की जाएगी।

# उत्तराखंड के चमोली में बादल फटा, 14 लोग लापता

### मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स फंसे हिमाचल में 419 मौतें

**नई दिल्ली/भोपाल/देहरादून (ए)।** उत्तराखंड में दो दिन में दूसरी बार बादल फटा है। 17 सितंबर की रात चमोली जिले के नंदानगर घाट में बादल फटा। यहां कुंटरी लंगाफली वार्ड में छह घर मलबे में दब गए। 14 लोग लापता हैं और 20 लोग घायल हैं। अब तक 2 लोग रेस्क्यू किए गए।

इससे पहले 16 सितंबर को देहरादून में बादल फटा था। देहरादून से मसूरी का 35 किलोमीटर का रास्ता कई जगह क्षतिग्रस्त है। इसके कारण मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स लगातार तीसरे दिन फंसे हुए हैं। हिमाचल में इस सीजन बारिश, बाढ़, लैंडस्लाइड और अचानक आई बाढ़ से अब तक 419 लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग ने दोनों ही राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश को अगले 48 घंटे हाई अलर्ट पर रखा है।



देश में इस साल 24 मई को दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल पहुंचा था। देश में अब तक (17 सितंबर) सामान्य से 8त्न ज्यादा बारिश हो चुकी है। 3 राज्यों राजस्थान (पश्चिम), पंजाब और हरियाणा से मानसून की विदाई शुरू भी हो चुकी है, लेकिन इसके जाते-जाते भी देश के 7 राज्यों में तेज बारिश की संभवना है। मौसम विभाग और ग्लोबल फोरकास्ट सिस्टम (त्नस्नस्) के मुताबिक, सितंबर के आखिरी कुछ दिन और अक्टूबर की शुरुआत तक एक बड़े कम दबाव के क्षेत्र के साथ जबरदस्त बारिश के आसार हैं।

25-26 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में बड़ा मानसूनी सिस्टम लो प्रेशर एरिया बन रहा है।

**समझौता** » दावा- एटमी हथियार का भी इस्तेमाल शामिल

# सऊदी-पाक के बीच रक्षा समझौता, मिलकर हमले का जवाब देंगे

**रियाद (ए)।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक रक्षा समझौते पर साइन किए। इस समझौते के तहत एक देश पर हमला दूसरे पर भी हमला माना जाएगा।



सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, दोनों देशों ने एक जॉइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। रॉयटर्स के मुताबिक इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा समझौते पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को इसकी जानकारी पहले से थी। शहबाज शरीफ के साथ पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर, उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब और हाई लेवल डेलिगेशन सऊदी पहुंचा है। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे। एक अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि यह समझौता किसी खास देश या घटना के खिलाफ नहीं हुआ है, बल्कि दोनों देशों के बीच लंबे समय तक चलने वाले गहरे सहयोग का आधिकारिक रूप है।

### पाकिस्तान ने नाटो जैसी फोर्स बनाने का सुझाव दिया था

इजराइल ने 9 सितंबर को कतर की राजधानी दोहा में हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर हमला किया था। इस हमले में अल-हय्या बच तो गया था, लेकिन 6 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद 14 सितंबर को दोहा में मुस्लिम देशों के कई नेता इजराइल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए थे। यहां पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसी जॉइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया था। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार ने एक जॉइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र करते हुए कहा था कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय (उम्माह) के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा।

# हिंडनबर्ग केस : अडाणी को एसईबीआई की क्लीनचिट

**मुंबई (ए)।** गौतम अडाणी और उनकी कंपनियों (जैसे- अडाणी पोर्ट्स और अडाणी पावर) पर शेयर बाजार में हेरफेर के आरोप लगाए थे। 24 जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें अडाणी ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे कई आरोप लगाए गए थे। इससे 25 जनवरी तक ग्रुप के शेयरों की मार्केट वैल्यू करीब 12 बिलियन डॉलर (1 लाख करोड़ रुपए) कम हो गई थी। गौतम अडाणी बोले- झूठी कहानी फैलाने वाले देश से माफी मांगे सेबी से क्लीनचिट मिलने के बाद ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा, लंबी जांच के बाद, सेबी ने फिर से वही बात कही जो हम हमेशा कहते आए हैं। हिंडनबर्ग के दावे बेबुनियाद थे। पारदर्शिता और ईमानदारी हमेशा से अडाणी ग्रुप की पहचान रही है।



हमें उन निवेशकों के नुकसान का बहुत दुख है, जिन्होंने इस फर्जी और दुर्भावनापूर्ण रिपोर्ट की वजह से पैसा गंवाया।

## ►► न्यूज़ ब्रीफ

### पांच दिन चलने वाली श्री अग्रसेन जयंती मनाने हुई शुरुआत



**थानखम्हरिया।** नगर में महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5194 वीं जयंती अश्विन शुक्ल 1 संवत् 2082 याने 22 सितम्बर को नगर के अग्रवाल समाज द्वारा धूमधाम से मनाई जाएगी।जिसकी शुरुआत आज भगवान अग्रसेन की पूजा अर्चना के साथ हो गयी है। पांच दिन तक चलने वाली जयंती मे विविध कार्यक्रम व प्रतियोगिता का आयोजन समाज द्वारा किया जाएगा। 22 सितम्बर को विशाल शोभायात्रा व अग्रसेन सभा के आयोजन के साथ ही समापन होगा।नगर के सेठ मथुरादास धर्मशाला मे सभी कार्यक्रम संपन्न होंगे इस अवसर पर बच्चो व महिलाओं के लिए विविध रोचक आयोजन किये जायेंगे,सभी विजेताओं को पुरुस्कृत भी किये जायेंगे।

### पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत 2 अक्टूबर तक लगेगा लोक कल्याण मेला, पथ विक्रेता ले सकेंगे लाभ

**पाटन।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक लोक कल्याण मेला का आयोजन नगर पालिका परिषद कुंदरई में किया जा रहा है। नगर पालिका अधिकारी हेमंत वर्मा ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत अब ऋण सीमा में बदलाव किया गया है। प्रथम चरण में ?10,000 की ऋण राशि को बढ़ाकर अब 15,000 कर दिया गया है। द्वितीय चरण में 20,000 की राशि को बढ़ाकर 25,000 किया गया है। तृतीय चरण की राशि पूर्ववत ?50,000 रहेगी। ऋण चुकाने वाले हितग्राहियों को बैंक की तरफसे क्रेडिट कार्ड भी दिया जाएगा। जो पथ विक्रेता एमएसएमई का लाइसेंस बनवाना चाहते हैं, उन्हें सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। ऐसे हितग्राही जिनका आवेदन बैंक द्वारा वापस किया गया है, उन्हें दोबारा काउंसलिंग की जाएगी। इस हेतु 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक लोक कल्याण मेला का आयोजन किया जा रहा है। हितग्राही स्वयं के मोबाइल फोन या कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से फॉर्म भर सकते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने सभी पथ विक्रेताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ लें।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची के लेजर प्रिंटिंग के लिए निविदा आमंत्रित

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया एवं 72 कवर्धा के मतदान केन्द्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का लेजर प्रिन्टिग का कार्य किया जाना है। इसके लिए 06 अक्टूबर 2025 को दोपहर 3 बजे तक सीलबन्द निविदाएँ इस कार्यालय के कक्ष क्रं. 23 सामान्य निर्वाचन शाखा में आमंत्रित की गई है। निविदाएँ इसी दिन सांय 4 बजे गठित समिति के द्वारा निविदाकारों अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय में इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र जिला कबीरधाम के वेबसाईट से भी डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

### दानवीर भामाशाह सम्मान 2025 के लिए 21 सितंबर के पूर्व प्रविष्टियां आमंत्रित

**राजनांदगांव।** समाज कल्याण विभाग द्वारा दानवीर भामाशाह सम्मान 2025 के लिए दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति व संस्था से 21 सितम्बर 2025 के पूर्व प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। दानवीर भामाशाह सम्मान 2025 के लिए इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति व संस्था निर्धारित तिथि तक जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव में प्रविष्टि प्रस्तुत कर सकते है। उल्लेखनीय है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति व संस्था को दानवीर भामाशाह सम्मान से अलंकृत किया जाता है। चयनित व्यक्ति व संस्था को सम्मान के रूप में 1 लाख रूपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए 21 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सत्र अगस्त 2025 से प्रारंभ होने वाले विभिन्न व्यवसायों के रिक्त सीटों पर सातवें एवं आठवें चरण में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन व रजिस्ट्रेशन 21 सितम्बर 2025 तक विभागीय वेबसाईट https://cgiti.admissiàæns.nic.in पर किया जा सकता है।

# 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के तहत दुर्ग पहुंचे सचिन पायलट का भव्य स्वागत

### भाजपा सरकार पर साधा निशाना

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के तहत राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट शुक्रवार को दुर्ग पहुँचे। उनके आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जोरदार स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान सचिन पायलट का छत्तीसगढ़ की परंपरागत संस्कृति के अनुरूप खुमरी पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, वरिष्ठ नेता अय्यूब खान, राजीव गुप्ता, नासिर खोखर, मुकेश साहू और मोहित वाल्दे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने स्वागत भाषण देते हुए भाजपा पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जनता के वोट की चोरी कर सत्ता हासिल की है और जनता से किए गए वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। अपने संबोधन में सचिन पायलट ने कहा-आज देश और प्रदेश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से परेशान है। भाजपा ने सत्ता पाने के लिए जनादेश का अनादर किया और छल-फरेब से सरकार बनाई। परंतु जनता सब कुछ देख रही है और आने वाले समय में इसका करारा जवाब देगी। कांग्रेस पार्टी ही लोकतंत्र, संविधान और आमजन के अधिकारों की सच्ची रक्षा कर सकती है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस संगठन का हर कार्यकर्ता गाँव-गाँव, शहर-शहर जनता के बीच जाकर उनके दुख-दर्द को समझे और भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर करे। हम सब मिलकर ऐसा माहौल बनाएँ कि जनता को फिर से कांग्रेस पर भरोसा हो और कांग्रेस की सरकार मजबूत बहुमत से बने। सचिन पायलट ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आगे आएँ और राजनीति में स्वच्छ विचारधारा और सेवा भाव को आगे बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार और किसान हित कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक नारेबाजी की और सचिन पायलट के संबोधन का स्वागत तालियों की गड़गड़ाहट के साथ किया। इसके पूर्व नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने भी सभा को संबोधित किया। दुर्ग में आयोजित यह कार्यक्रम कांग्रेसजनों की एकजुटता और भाजपा सरकार के खिलाफ बढ़ते जनाक्रोश का प्रतीक बन गया।

# तिरगा हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरण

### विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर हुआ आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** ग्राम तिरगा स्थित दाऊ स्व. प्यारेलाल बेलचंदन हायर सेकेंडरी स्कूल में 17 सितंबर भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करना रहा। इस अवसर पर छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व जनपद सदस्य भूपेन्द्र बेलचंदन, जनपद सदस्य श्रीमती दामिनी साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष युवराज देशमुख, विधायक प्रतिनिधि टिकेश्वर दिल्लीवार, सरपंच घसियाराम देशमुख, हीरालाल दिल्लीवार, प्राचार्या श्रीमती रामटेके मैडम, तथा संकुल समन्वयक रधूनाथ देशमुख सहित विद्यालय परिवार व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस आयोजन से विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। छात्राओं ने भी साइकिल पाकर प्रसन्नता जाहिर की और शिक्षा में और अधिक मेहनत करने का संकल्प लिया।



# 'दीदी के गोठ' केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है: बजरंग दुबे

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान के तहत तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम ÷दीदी के गोठ÷ का आज आकाशवाणी रायपुर सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केन्द्रों से एक साथ प्रसारण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं के नाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्य के उपमुख्यमंत्री और पंचायत तथा ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के संदेश प्रसारित किए गये।

जिला दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न जनपद पंचायतों में दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं की जागरूकता, शासन की योजनाओं की जानकारी और सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित किया गया। जनपद पंचायत दुर्ग के ग्राम सिरसाखुर्द, जनपद पंचायत धमधा के ग्राम बोरी, पेंण्ड्रावन, मुरमुंडा और दरगांव, जनपद पंचायत पाटन के ग्राम दरबार मोखली, जामगांव (अ), जामगांव(एम) बेल्हारी और ढौर में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। उन्होंने न केवल कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की, बल्कि शासन की योजनाओं जैसे मनरेगा, आजीविका मिशन, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, और स्वच्छता पर गहन चर्चा की। साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने योजना से प्राप्त लाभ और अनुभव साझा किए, जिससे अन्य ग्रामीणों को भी प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, सरपंच सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एवं जनपद स्तरीय सीईओ जागेंद्र साहू अति. सीईओ श्वेता यादव, पीआरपी श्रीमती गीता साहू एव जनपद अधिकारीगण ने भी सहभागिता की और महिलाओं को शासन की योजनाओं से अधिकाधिक जुड़ने हेतु प्रेरित किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने कहा ÷दीदी के गोठ केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

# कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव से महापौर ने की मुलाकात शहर की प्रकाश व्यवस्था के लिए 40 लाख की मांग

### दीपावली से पहले पूरे शहर में लगेगी नई रोशनी

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र में लंबे समय से प्रकाश व्यवस्था की समस्या बनी हुई थी। विभिन्न वार्डों और मुख्य मार्गों पर कई जगहों पर स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी थीं, जिससे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। त्योहारों का सीजन नजदीक होने के कारण इस समस्या का समाधान त्वरित रूप से जरूरी था। इसी उद्देश्य से आज महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव से उनके निवास में मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की।

महापौर ने मंत्री को बताया कि निगम क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्ट्रीट लाइटों को बदलने और नई लाइट लगाने की आवश्यकता है। लेकिन महापौर निधि, पार्षद निधि और निगम मद से इतनी बड़ी राशि का प्रावधान संभव नहीं है। इस कारण नागरिकों को अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है और दीपावली जैसे बड़े पर्व के पहले प्रकाश व्यवस्था में सुधार आवश्यक है। महापौर की मांग पर कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने तुरंत सकारात्मक रुख अपनाया। उन्होंने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल 40 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर शासन को भेज दी। मंत्री ने आश्वासन दिया कि दीपावली के पहले शहर की प्रमुख सड़कों, चौक-चौराहों और वार्डों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। महापौर अलका बाघमार ने मंत्री के इस निर्णय पर आभार जताते हुए कहा कि इस राशि से नगर पालिक निगम को बड़ी राहत मिलेगी और दीपावली पर पूरा शहर रोशनी से जगमगा उठेगा। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कार्य प्राथमिकता से पूरा कराया जाएगा।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर सलौनी में स्वच्छता संकल्प, जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान



समवेत शिखर संवाददाता

**खैरागढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को ग्राम पंचायत सलौनी में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणों ने न केवल स्वच्छता का संकल्प लिया, बल्कि सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर स्वच्छता के महत्व का संदेश भी दिया। इस अवसर पर जनपद सदस्य खेमराज जैन, सरपंच सौरभ साहू, उपसरपंच पुराणिक वर्मा, पंच खेमलाल, धर्मेंद्र, जगनारायण भारद्वाज, देवशरण वर्मा, पीतांबर वर्मा, जगत साहू और भागवत चंदेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मिलकर गांव की गलियों और चौक-चौराहों की सफाई कर श्रमदान किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बननी चाहिए। गांव की स्वच्छता से ही समाज और राष्ट्र स्वस्थ और सशक्त बन सकता है। ग्रामीणों ने भी नियमित साफ-सफाई करने और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 'मोटापे की रोकथाम' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता




**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 17 सितम्बर 2025 से 16 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में परियोजना आईसीडीएस सहसपुर लोहारा एवं कुरुपुर के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में द्वितीय दिवस को मोटापे की रोकथाम विषय पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सहसपुर लोहारा परियोजना के अंतर्गत जिले के समस्त 259 आंगनबाड़ी केन्द्रों में मोटापे की रोकथाम एवं स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी गतिविधियाँ संपन्न हुई। कार्यक्रम में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं तथा आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों का ऊँचाई एवं वजन लेकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चीनी एवं तेल के सीमित उपयोग पर विशेष बल दिया गया तथा अतिपोषण एवं मोटापे के दुष्परिणामों पर चर्चा की गई। विभिन्न योगासन कराकर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन, गर्भवती माताओं की गोदभराई एवं जन स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। साथ ही पोषण रंगोली, टेक-अवे पोस्टर, अनाज, सब्ज़ी एवं फलों की प्रदर्शनी के माध्यम से जन समुदाय को संतुलित आहार एवं पोषण संबंधी जानकारी दी गई। परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिनों ने उपस्थित बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं, पालकों तथा नागरिकों को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया। इसी प्रकार एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरुपुर अंतर्गत भी सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। द्वितीय दिवस पर ÷मोटापे की रोकथाम÷ विषय पर गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी श्री बृजेश सोनी ने कहा कि मोटापा आज के समय का अत्यंत गंभीर विषय है। इससे मधुमेह, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, फैटी लीवर तथा कुछ प्रकार के कैंसर जैसी बीमारियाँ हो सकती हैं। इसका मुख्य कारण जंक फूड, चीनी एवं तेल का अधिक सेवन है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के लोगों से निरंतर जुड़ी रहती हैं और सुपोषण चौपाल के माध्यम से सही खानपान, प्रतिदिन योगाभ्यास एवं सुव्यवस्थित दिनचर्या अपनाने का संदेश लगातार दिया जा रहा है।

# नीति आयोग ने कबीरधाम जिले के तालाब उन्नयन कार्यों की सराहना की

### 58 तालाबों में गहरीकरण, भू-जल स्तर में आया सुधार, किसानों और पंचायतों को मिल रहा लाभ

समवेत शिखर संवाददाता





**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति एवं आदिवासी बाहुल्य आकांक्षी विकासखंड बोड़ला में तालाब उन्नयन और जल संरक्षण कार्यों की गूंज अब राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुकी है। नीति आयोग ने इस अभियान की सराहना करते हुए अपने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बोड़ला ब्लॉक के कार्यों को प्रमुख स्थान दिया है। आयोग ने विस्तार से बताया कि किस तरह तालाब गहरीकरण से ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और भू-जल स्तर में वृद्धि हुई है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार एवं नीति आयोग ने अप्रैल 2025 से सरोवर समृद्धि कार्यक्रम की शुरुआत की थी, जिसके तहत भू-जल संरक्षण एवं संचयन के लिए तालाबों का गहरीकरण और उन्नयन कार्य किए जा रहे हैं। इसी अनुक्रम में कबीरधाम जिले के आकांक्षी विकासखंड बोड़ला को चुना गया, जहाँ स्थानीय प्रशासन और पंचायतों के सहयोग से अभियान को धरातल पर सफलतापूर्वक उतारा गया। कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा ने जानकारी दी कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य मानसून से पहले तालाबों से गाद निकालकर उनकी क्षमता बढ़ाना और भू-जल पुनर्भरण को सशक्त बनाना है। जिले में बोड़ला ब्लॉक के अंतर्गत कुल 58 तालाबों का उन्नयन स्वीकृत किया गया है। इनमें से 41 तालाबों में कार्य प्रारंभ हो चुका है, जबकि 27 तालाबों में 10,000 घन मीटर से अधिक गाद निकालने का कार्य पूरा किया जा चुका है। अब तक इन तालाबों से लगभग 3.2 लाख घन मीटर गाद निकाली गई है। निकाली गई गाद को किसानों ने अपने खेतों में उर्वरक के रूप में उपयोग किया है, जिससे भूमि की उर्वरता में वृद्धि हो रही है। साथ ही, पंचायतों ने भी इस गाद का उपयोग मैदानों के समतलीकरण और सड़क निर्माण जैसे कार्यों में किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम श्री अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उन्नयन कार्य पूरे हो चुके 27 तालाब अब पूरी तरह जल से परिपूर्ण हैं। इसका लाभ ग्राम पंचायतों को सीधे तौर पर मिल रहा है। बढ़े हुए भू-जल स्तर से आसपास के हैंडपंप रिचार्ज हो रहे हैं, पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है और सिंचाई के लिए भी नए साधन उपलब्ध हो रहे हैं।

**1. ग्राम पंचायत- पोड़ी :** ग्राम पंचायत-पोड़ी, जनपद पंचायत-बोड़ला, जिला-कबीरधाम, कार्य- सतनामी पारा पैठु तालाब गहरीकरण, कार्य प्रारंभ-11/06/2025, कार्य पूर्ण-14/07/2025, कार्य विवरण-तालाब गहरीकरण के अंतर्गत 10014.2 सीयू एम गाद निकाला गया। अब तालाब में जल भराव क्षमता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है इससे भु-जल संरक्षण एवं भू-जल स्तर में वृद्धि हुई है।

**2. ग्राम पंचायत-आमनारा :** ग्राम पंचायत-आमनारा, जनपद पंचायत-बोड़ला, जिला-कबीरधाम, कार्य- प्राथमिक शाला के पास तालाब गहरीकरण, कार्य प्रारंभ-20/05/2025। कार्य पूर्ण-जून 2025। कार्य विवरण-तालाब गहरीकरण के अंतर्गत 10033 सीयू एम गाद निकाला गया। अब तालाब में जल भराव क्षमता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है इससे भु-जल संरक्षण एवं भू-जल स्तर में वृद्धि हुई है।

**3. ग्राम पंचायत- खारा :** ग्राम पंचायत-खारा, जनपद पंचायत-बोड़ला, जिला-कबीरधाम, कार्य- प्राथमिक शाला के पास तालाब गहरीकरण, कार्य प्रारंभ-13/05/2025, कार्य पूर्ण- 06/06/2025। कार्य विवरण-तालाब गहरीकरण के अंतर्गत 9796 सीयू एम गाद निकाला गया। अब तालाब में जल भराव क्षमता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है इससे भु-जल संरक्षण एवं भू-जल स्तर में वृद्धि हुई है।

# चार सूत्रीय मांग को लेकर दस्तावेज लेखक व स्टाम्प विक्रेताओं का प्रदर्शन

समवेत शिखर संवाददाता



**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता जनकल्याण संघ परिवार के आह्वान पर मंगलवार को प्रदेशव्यापी एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की गई। इसी क्रम में खैरागढ़ में भी दस्तावेज लेखक और स्टाम्प विक्रेताओं ने अंबेडकर चौक पर एकजुट होकर धरना दिया और शासन-प्रशासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया। संघ के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि संघ की चार सूत्रीय मांगों को लगातार अनसुना किया जा रहा है जिससे पूरे वर्ग में असंतोष व्याप्त है। उन्होंने सबसे पहले बिलासपुर के दस्तावेज लेखक महेंद्र सिंह ठाकुर की बिना प्राथमिक जांच गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हुए उनकी शीघ्र रिहाई और निष्पक्ष जांच की मांग रखी। साथ ही पंजीयन विभाग में पदस्थ टॉपग्रेट कंपनी के कंप्यूटर ऑपरेटरों पर पक्षकारों से अवैध वसूली और दस्तावेज लेखकों के साथ असहयोग करने का आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। संघ ने वर्षों से लंबित मानदेय वृद्धि का मुद्दा भी पुरजोर तरीके से उठाया और कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में आज भी दस्तावेज लेखकों को पराने मानदेय पर काम करने को तितश दोना पट रहा है।

पुराने मानदेय पर काम करने को विवश होना पड़ रहा है। इसके अलावा स्टाम्प वेंडरों का कमीशन बढ़ाने की मांग को भी प्रदर्शन का मुख्य आधार बताया गया। संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो आगे और उग्र आंदोलन की रणनीति अपनाई जाएगी। हड़ताल मे सत्यनारायण सिंह, ईश्वर वर्मा, चैनु सारथी, महेन्द्र वर्मा, अजय श्रीवास्तव, सूरज देशमुख, महेश वर्मा, गुलशन यादव, ओमप्रकाश चंद्राकर, पीयूष साहू, स्तुति सिंह, सुनील यादव, विनोद चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रायपुर में 6 थाना प्रभारियों का ट्रांसफर

**रायपुर।** रायपुर में 6 थानेदारों का ट्रांसफर हुआ है। शिवनारायण सिंह को कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई। रविंद्र यादव को मौदहापारा से डीडी नगर का थाना प्रभारी बनाया गया है। मुकेश शर्मा को पुलिस लाइन से मौदहापारा भेजा गया है। वहीं, कोतवाली में तैनात अजीत सिंह को पुलिस लाइन के रक्षित आरक्षी केंद्र भेजा गया है।

### जिले में अवैध शराब पर आबकारी विभाग का सख्त एक्शन जारी



**रायपुर।** रायपुर जिले में अवैध शराब विक्रय और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। सचिव सह आबकारी आयुक्त एवं प्रबंध संचालक सुश्री आर. शंगीता, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश तथा प्रभारी उपायुक्त आबकारी श्री राजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिलेभर में सघन जांच अभियान चलाया गया। 15 और 16 सितंबर की रात को संयुक्त टीम द्वारा वी.आई.पी. रोड और नवा रायपुर क्षेत्र के होटल, बार, ढाबा, फार्म हाउस और रेस्टोरेंट्स की गहन जांच की गई। इस दौरान एफएल. 2(क) श्रेणी का हाईपर क्लब निर्धारित समय के बाद भी खुला पाया गया, साथ ही अन्य अनियमितताएं भी पाई गईं। मामले में विभागीय प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। आबकारी विभाग ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की आबकारी अपराध से जुड़ी सूचना आबकारी नियंत्रण कक्ष, रायपुर क्रं 0771-2428201 पर दर्ज कराएं।

### युवती का 11 साल छोटे नाबालिग से अफेयर शादी से मना किया तो मांगे 50 लाख

**रायपुर।** रायपुर में रहने वाली एक युवती का अपने से 11 साल छोटे उम्र के नाबालिग से अफेयर का मामला सामने आया है। जहां 28 साल की युवती ने 17 साल के लड़के से दोस्ती की फिर दोनों रिलेशनशिप में आ गए। जब युवती ने लड़के से शादी करने की बात रखी तो लड़का पीछे हट गया। मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। जिसके बाद युवती ने 50 लाख की डिमांड की और नहीं देने पर थाने में शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं, यह मामला महिला आयोग भी पहुंचा। जहां लड़की ने ये बयान दिया कि उसे लड़के के उम्र के बारे में मालूम नहीं था। महिला आयोग ने इस मामले में सुनवाई से साफ मना कर दिया है।

### भाइयों ने मिलकर लड़की को पीटा

**रायपुर।** रायपुर में दो परिवारों के बीच गाली-गलौज की बात पर जमकर मारपीट हुई है। इस मारपीट में एक पक्ष के भाइयों ने मिलकर दूसरे पक्ष की महिलाओं को भी पीटा है। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि करीब आधे दर्जन लोग युवती की पिटाई कर रहे हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफसे क्रॉसकेसदर्ज की है। मिली जानकारी के मुताबिक, बसंत धीवर ने थाने में शिकायत दी। जिसने बताया कि वो त्रिमूर्ति चौक भाटागांव में रहता है। 16 सितंबर के रात 9 बजे उसका अपनी पत्नी से विवाद हो रहा था। इस दौरान मोहन सोनकर, लक्ष्मण सोनकर, देवा सोनकर हमें गाली क्यों बक रहे हो कहने लगे। फिर उन्होंने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में कमला धीवर, अरुण धीवर और पायल धीवर के साथ जमकर मारपीट की। आरोपियों का युवती के साथ मारपीट करने वीडियो भी आया है। जिसमें युवती का सिर भी फूटा है। इस मामले में दूसरे पक्ष से मोहन सोनकर ने भी शिकायत दी है। उसने बताया कि बसंत धीवर और उसके परिवार के लोग जबरन गाली गलौज कर रहे थे। मना करने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में चेहरे और अन्य जगहों पर चोटें आई है। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है।

### रायपुर में रिटायर्ड पुलिस से साइबर फ्रॉड

**रायपुर।** रायपुर में एक रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर के साथ साइबर फ्रॉड हुआ है। ठग ने योनो एसबीआई ऐप अपडेट करने के बहाने लिंक भेज कर फोन हैक कर लिया। फिर इंस्पेक्टर के अकाउंट से पैसे पार कर लिए। इसी तरह एक महिला भी साइबर फ्रॉड का शिकार हुई है। उसके व्हाट्सएप पर चालान का मैसेज आया। उसने लिंक क्लिक किया तो मोबाइल हैक हो गया। दोनों मामलों में ठगों ने करीब 6 लाख रुपए पार कर लिए है।

# सभी जिले में बनेगा मॉडल स्कूल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा होगी सुनिश्चित : शिक्षा मंत्री यादव

### कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका नवंबर तक अपडेट करने कहा, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन के लिए भटकना न पड़े

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आज मंत्रालय, महानदी भवन में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी वर्षों की ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी पिल्ले, स्कूल शिक्षा सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संचालक लोक शिक्षण श्री ऋतुराज रघुवंशी, एवं प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा श्री संजीव झा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

बैठक में मंत्री श्री यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य के सभी जिलों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे। मॉडल स्कूल स्थापित करने योग्य स्कूलों की जानकारी 10 दिन में संचालनालय को प्रस्तुत की जाए। शिक्षा मंत्री ने कहा डीएवी, इग्नाइट और पीएम श्री विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने भवन विहीन और भवन की आवश्यकता वाले स्कूलों की संख्यात्मक जानकारी ली और अधिकारियों से कहा कि जहां भवन बनाना आवश्यक हो वहां प्राथमिकता से इस कार्य को करें। उन्होंने कहा कि डिस्मेन्टल योग्य भवनों की स्थिति का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने लघु मरम्मत और शौचालय मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री यादव ने कहा कि नए शिक्षा सत्र शुरू होते ही निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश और सायकल का वितरण स्कूल खुलते ही विद्यार्थियों तक पहुँच जाना चाहिए। इसके लिए सभी आवश्यक औपचारिकताएँ समय रहते पूरी कर ली जाएँ। श्री डीएन मिश्रा, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रामानुजगंज-बलरामपुर को शासकीय कार्यों में लापरवाही करने के कारण निलंबित करने तथा मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर.पी. मिरे को प्रशासनिक कार्यों में उदासीनता बरतने हेतु कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों को दिए। मंत्री श्री यादव ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए प्रारंभ से ही विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के बच्चों के प्रतिभा में कोई कमी नही है। उन्होंने विभाग के अंतर्गत न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन जानकारी लेकर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना, विद्यार्थियों के बैंक खाते खोलने तथा उनके जाति प्रमाण पत्र आदि के संबंध में विशेष चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पेंशन और वेतन निर्धारण के मामलों पर मंत्री श्री यादव ने कहा कि किसी भी कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका और पास बुक नवंबर माह तक अपडेट कर ली जाए।

# दिव्यांग खिलाड़ियों के साहस और संघर्ष है मिसाल : मंत्री राजवाड़े

### राज्य स्तरीय व्हीलचेयर रग्बी प्रतियोगिता के समापन समारोह में हुई शामिल

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े आज रायपुर सिविल लाइन स्थित शालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय व्हीलचेयर रग्बी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुईं। मंत्री ने आयोजकों और प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि व्हीलचेयर रग्बी जैसे खेल दिव्यांग खिलाड़ियों के साहस और संघर्ष की प्रेरणादायी मिसाल हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजन को मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें खेल और अन्य गतिविधियों में प्रोत्साहित करने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं दिव्यांग खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक संदेश भी देती हैं। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय व्हीलचेयर रग्बी प्रतियोगिता के समापन समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,खेलप्रेमी, खिलाड़ी, विद्यार्थियों और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# जिन पर विधायकों की चोरी का आरोप हो, वो वोट चोरी की बात करते हैं : कश्यप

### राहुल गांधी खुद को स्थापित करने के लिए लगातार झूठ बोल रहे हैं : वन मंत्री कश्यप

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** प्रदेश के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी भ्रामक प्रचार करने वाली एक एजेंसी के प्रमुख हो गए हैं। वे हमेशा बेतुकी बातें कहते हैं, जिनका वर्तमान, भविष्य और अतीत से कोई नाता नहीं है। उनके सलाहकार राहुल गांधी को सही सलाह भी नहीं देते हैं। प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि भारत के चुनाव आयोग ने राहुल गांधी झूठे दावों को खारिज कर दिया है। एक बार फिर, राहुल गांधी के सारे झूठे दावे मिनटों में ध्वस्त हो गए। श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उनके भेजे गए प्रभारी सचिन पायलट भी उसी तरह की बातें कर रहे हैं। वे एक ऐसे पायलट हैं, जो राजस्थान में कांग्रेस का विमान सही ढंग से उड़ा नहीं पा रहे हैं। हमेशा प्रदेश में कांग्रेस में चमचा बनाओ स्पर्धा चलती रहती है जिसे लेकर लगता है कि वे बहुत विवश हैं। प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि कथित तौर पर वोट चोरी की बात कर कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने में लगी हुई है। पूरे देश में उनका भ्रम फैलाओ मोर्चा यही बात कह रहा है जिसका जुड़ाव जनता से कहीं नहीं है। जिन लोगों पर खुद के विधायकों की चोरी कर अपनी ही सरकारों को स्थिर करने का आरोप लग चुका है, आज वे किस मुँह से वोट चोरी की बात कर रहे हैं? जनता उन्हें जानती है कि विधायकों की चोरी छत्तीसगढ़ और राजस्थान में किसने की थी? इसके साथ ही कांग्रेस की रैलियों में जिस तरह से धनबल का उपयोग कर सफल होने का दावा किया जा रहा है, वह पूरी तरह से असफल है। आंतरिक गुटबाजी और विवाद के बीच कांग्रेस में संवाद की स्थिति नहीं है जिसे लेकर उनके ही कार्यकर्ताओं में भ्रम है जो सब भ्रम फैलाओ मोर्चा के सदस्य हैं। पत्रकार वार्ता में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष नंदन जैन एवं छ.ग. आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधी पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम मौजूद रहे।

# एनएचएम कर्मचारियों का जेल भरो आंदोलन

### तूता में जुटे 10 हजार कर्मी, हस्ताक्षर कर लौटे बोले- मांग पूरी होने तक जारी रहेगी लड़ाई

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नियमितीकरण समेत 10 मांगों को लेकर एनएचएम संविदा कर्मचारी एक महीने से हड़ताल पर हैं। बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर 3 संभाग के 10 हजार कर्मचारियों ने गुरुवार को नया रायपुर में जेल भरो आंदोलन किया।

प्रशासन ने राजेश्वर मैदान को लगभग डेढ़ घंटे तक एक प्रतीकात्मक जेल के तौर पर बदल दिया था। डेढ़ घंटे तक इस प्रतीकात्मक जेल में यह कर्मचारी बंद रहे। इसके बाद हर कर्मचारी का नाम और हस्ताक्षर लिए गए और उन्हें छोड़ दिया गया। रायपुर एनएचएम संघ के जिला अध्यक्ष ने बताया कि आंदोलन के बाद बाकी कर्मचारी अपने-अपने जिले लौट गए। कल से यह आंदोलन जिला स्तर पर जारी रहेगा। कर्मचारियों का कहना है कि मांगे पूरी नहीं होती है तो उग्र आंदोलन और आत्मदाह भी करेंगे। छत्तीसगढ़ में एनएचएम संविदा कर्मचारियों की हड़ताल का आज 32वां दिन रहा। सरकार ने 16 सितंबर तक सभी कर्मचारियों को काम पर लौटने का फाइनल अल्टीमेटम दिया था। लेकिन कर्मचारियों ने हड़ताल जारी रखा। इधर सरकार ने एक्शन लेते हुए 17 सितंबर को सूरजपुर जिले में 594 कर्मचारियों की सेवा खत्म कर दी है।इससे पहले यानी 16 सितंबर को बलौदाबाजार और कोरबा में 200 कर्मचारी को नौकरी से निकाला दिया गया। बलौदाबाजार के 160 और कोरबा के लगभग 21 कर्मचारियों को एक मुश्त नौकरी से निकाला गया था।

# रायपुर में मध्य भारत का सबसे बड़ा रास गरबा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया पोस्टर विमोचन



### ओमाया गार्डन में किया जाएगा कार्यक्रम का आयोजन

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में 25 सितंबर से 28 सितंबर तक ओमाया गार्डन, वीआईपी रोड पर रास गरबा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का पोस्टर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विमोचित किया। उन्होंने आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई की ओर से आयोजित इस गरबा उत्सव को मध्य भारत का सबसे बड़ा रास गरबा बताया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि इस बार गरबा उत्सव को बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है और शहरवासियों को शानदार अनुभव मिलेगा।सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, महामंत्री सुनील कुकरेजा, पार्षद सचिन मेघानी, उपाध्यक्ष नितिन कृष्णानी, निलेश तारवानी, जितेंद्र मलघानी और गोल्डी सिदारा सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

### आम आदमी पार्टी की रणनीति अब अलग, जमीनी लड़ाई लड़ने के लिए 90 प्रभारी नियुक्त किए

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी का प्रदेश में संगठन विस्तार जारी है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि पार्टी ने अभी से ही प्रदेश की सभी 90 विधानसभा के लिए प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। प्रदेश के सभी बड़े नेताओं को जमीन पर काम करने के लिए लगाया गया है और इसके लिए व्यापक तैयारी भी की गई है प्रदेश के सहप्रभारी व दिल्ली सुल्तानपुर मांजरा के विधायक मुकेश अहलावत ने लगातार दो दिन तक प्रदेश के पदाधिकारियों की मैराथन बैठक हुई जिसमें उन्होंने एक अलग रणनीति पर चर्चा की जिसमे प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश के सभी बड़े नेता उक्त रणनीति पर कार्य करने की सहमति बनायें। प्रदेश संगठन महासचिव उत्तम जायसवाल और प्रदेश संगठन महासचिव देवलाल नरेटी ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर बताया कि चरणबद्ध तरीके से पूरे चुनाव तक का कार्यक्रम हमे मिला हुआ है प्रदेश प्रभारी, प्रदेश सह प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में ज़ोन,जिला, विधानसभा, ब्लॉक स्तर, वार्ड, पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन की टीम तैयार करने की रुपरेखा तैयार कर ली गयी है।

# यूएन के एसडीजी को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा ग्लोबल गांव तूता

### तूता बनेगा मॉडल गांव-शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तीकरण में नई मिसाल

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) द्वारा दिये गये सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुरूप गांव तैयार करने रायपुर जिले में प्रोजेक्ट 'ग्लोबल गांव' की शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर एवं कलेक्टर डा. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में एसडीजी के लक्ष्यों के मुताबिक चिन्हांकित 17 लक्ष्यों को प्राप्त करने तूता गांव से इसकी शुरूआत की गई है। इसका उद्देश्य यह है कि आर्थिक विकास के साथ ही यहां सामाजिक और पर्यावरणिक दृष्टिकोण से भी भरपूर विकास हो।

इस परियोजना का उद्देश्य तूता गांव को ऐसा मॉडल गांव बनाना है जहां सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विकास एक साथ हो। अक्सर गांवों का विकास केवल सड़कों और मकानों तक सीमित रह जाता है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण जैसे क्षेत्र पीछे रह जाते हैं। यह पहल संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को गांव स्तर पर लागू करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इन लक्ष्यों में गरीबी हटाना, भूख खत्म करना, अच्छी शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ पानी, स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक वृद्धि, उद्योग और नवाचार को बढ़ावा, असमानता में कमी, जलवायु सुरक्षा, प्रकृति की रक्षा, शांति और न्याय शामिल हैं।तूता गांव को आत्मनिर्भर, स्वच्छ, शिक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने का लक्ष्य है। यह गांव बाकी गांवों के लिए एक उदाहरण बनेगा और सतत विकास की दिशा में राज्य को नई पहचान देगा। ग्राम तूता में श्रम विभाग द्वारा 50 नए श्रम कार्ड बनाए गए और 12 पुराने कार्ड नवीनीकृत किए गए।

# वास्तविक सुख बाहर नहीं भीतर आत्मा में : महेंद्र सागरजी महाराज

### संसार में राग, द्वेष व मोह रहित जीना है

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में जारी पांच दिवसीय भेद विज्ञान शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। धर्मसभा में उपाध्याय भगवंत आध्यात्म योगी महेंद्र सागरजी महाराज साहब ने कहा कि संसार में शरीर और भोग के चक्कर में घूमते रहते हैं। इसी को सुख मान बैठे हैं। बाहर के काल्पनिक सुख को ही हम सुख मान बैठे हैं। वास्तविक सुख आत्मा में है। इंद्रिय सुख काल्पनिक है। आत्मिक सुख वास्तविक है। आत्मिक सुख मिलेगा तो शांति सहज आएगी। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि कर्म के द्वारा हमारा पूरा ध्यान शरीर में होता है। शरीर के भीतर जो आत्मा है, उसकी तरफहम सोच भी नहीं पाते।

हमारा पूरा ध्यान अघातीय कर्म में लगा रहता हैं। कामना हमेशा रहती है पुण्य का उदय बना रहे। अच्छी व्यवस्था मिलती रहे। मन के अनुकूल सब हो। सब पुण्य हो, लेकिन पुरुषार्थ पाप का करते रहते हैं। घातीय कर्म की कामना नहीं करते हैं। कर्मों का बंध निरंतर होता रहता है। कर्म हमारे गुणों का घात करते हैं। हमारे गुणों को विकसित नहीं होने देते। ये कर्म ही संसार में परिभ्रमण कराते रहते हैं। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि मैं आत्मा हूं इस सोच से आगे बढ़ेंगे तो आत्म कल्याण की दिशा में आगे बढ़ेंगे। सहज शांति का अनुभव होगा। आकुलता में सुख नहीं है। निराकुलता में सुख है। जीवन में कोई विकल्प नहीं हो। राग, द्वेष और मोह यह हमारे संताप, दुखों की जड़ है। राग व द्वेष को महत्व नहीं देना है। राग और द्वेष बाहर के हैं। महत्व आत्मा का है। आत्मा शुद्ध अवस्था में रहे। राग द्वेष रहित आत्मा रहे। इस पर सदैव लक्ष्य बनाना है। राग व द्वेष करना भी चारित्र्य है। राग व द्वेष नहीं करना भी चारित्र्य है। राग व द्वेष करना मिथ्या चारित्र्य है। राग व द्वेष नहीं करना सम्यक चारित्र्य है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि भेद विज्ञान का पहला लक्ष्य अपनी समझ को देव, गुरु और शास्त्र की समझ के माध्यम से अच्छी बनाना है। समझ और मान्यताओं को ठीक करना है। भेद विज्ञान का दूसरा उद्देश्य समझ और मान्यता ठीक हो जाए तो उसे मान्यता के आधार पर संसार को देखना है। संसार में राग, मोह व द्वेष रहित जीना है। दृष्टिकोण को सम्यक बनाना है। सम्यक दृष्टिकोण से ज्ञान को सम्यक बनाना है। वस्तु में राग द्वेष उत्पन्न किए बगैर जीना है।

# सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आज छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, मुख्यालय वनधन भवन, सेक्टर-24, नवा रायपुर में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 11.30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हुआ। यह आयोजन सेवा पखवाड़ा के तहत मानव सेवा और सामाजिक योगदान का एक प्रेरणादायक उदाहरण बना।

इस शिविर में वनोपज संघ के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगभग 40 यूनिट रक्त स्वेच्छा से दान किया। खास बात यह रही कि इस शिविर में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। यह आयोजन लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक श्री अनिल कुमार साहू के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने भी रक्तदान कर दूसरों को प्रेरित किया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी चिकित्सीय नियमों का पालन करते हुए रक्त संग्रहण किया।



### रायपुर शहर जिले में कुल 135 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया

**रायपुर।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आज भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में रायपुर के जयस्तंभ चौक एवं मोवा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जयस्तंभ चौक में 108 यूनिट एवं मोवा में 27 यूनिट कुल 135 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू आदि उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा जयंती पर निकली शोभायात्रा, जवाहर नगर मंडल ने पुष्पवर्षा के साथ किया स्वागत

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** देवताओं के इंजीनियर माने जाने वाले 'भगवान विश्वकर्मा' की जयंती पर राजधानी के विश्वकर्मा समाज ने दुलार धर्म शाला बढ़ईपारा से देर शाम भव्य शोभा यात्रा निकाली, जिसमें भगवान विश्वकर्मा की मनमोहक झाकी बना कर नगर भ्रमण करवाया गया। विश्वकर्मा पूजन समिति 2025 के अध्यक्ष सन्नी शर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा जयंती शोभायात्रा आरंभ हुई तो एक भव्य रथ पर विराजमान भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का पूजन अर्चन विधिविधान से किया गया। इस शोभायात्रा का जगह-जगह आरती के साथ स्वागत किया गया। जवाहर नगर मंडल द्वारा भी राठौड़ चौंक में भव्य स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। इस अवसर पर जवाहर नगर मंडल के अध्यक्ष संदीप जंघेल के साथ अन्य पदाधिकारीगण उपस्थिति थे। यह शोभा यात्रा बढ़ई पारा स्थित श्री दुलार धर्मशाला से प्रारंभ होकर रामसागर पारा होते हुए राठौड़ चौक,तेलघानी नाका,अग्रसेन चौक, आमापारा चौक होते हुए आजाद चौक तात्यापारा चौक, से ललिता चौक होते हुए वापस दुलार धर्मशाला मे धार्मिक वातावरण में समापन किया गया।

**शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।**
**डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।**

## संपादकीय

### ट्रंप का दावा खारिज

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार का बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दावे को खारिज करता है। भारतीय सरकार शुरू से कहती रही है कि उसने किसी तीसरे की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की, ऐसा करना पॉलिसी का हिस्सा ही नहीं है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के बयान के बाद मई से शुरू हुई इस बहस पर विराम लग जाना चाहिए। इशाक डार के इंटरव्यू से साफ होता है कि पाकिस्तान की तरफ से अमेरिका के दखल की गुजारिश की गई थी, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि भारत किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। डार के मुताबिक, जुलाई में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से उनकी इस मसले पर फिर बात हुई थी। तब भी उन्हें अमेरिका की तरफ से यही बताया गया कि भारत ने इसे द्विपक्षीय मुद्दा करार दिया है। 10 मई को सीजफायर के बाद से ट्रंप दर्जनों बार दोहरा चुके हैं कि उनकी वजह से भारत-पाकिस्तान के बीच शांति हुई, वरना तो परमाणु युद्ध की नौबत आ चुकी थी। भारत के इनकार के बावजूद ट्रंप ने अपना दावा नहीं छोड़ा। दोनों देशों के रिश्तों में हाल में आए तनाव की एक वजह यह भी मानी गई कि ट्रंप खुद को सीजफायर का क्रेडिट न दिए जाने से नाराज हैं। लेकिन, भारत ने वही कहा जो शुरू से उसका रुख रहा है कि उसके और पाकिस्तान के बीच संवाद में किसी तीसरे की जगह नहीं है। जहां तक पाकिस्तान का ताल्लुक है, तो उसे किसी की मध्यस्थता से कोई ऐतराज नहीं। डॉनल्ड ट्रंप पहले कार्यकाल में भी भारत-पाकिस्तान संबंधों की गंभीरता को समझने में चूक कर बैठे थे। उस समय उन्होंने कश्मीर मामले में मध्यस्थता का प्रस्ताव दे दिया था, जबकि अमेरिकी सरकारें इससे बचती रही हैं। भारत को संवाद से कभी गुरेज नहीं रहा। पहले भी भारत की तरफ से सीमा पर शांति की कई कोशिशें की जा चुकी हैं, लेकिन ऐसा कोई भी प्रयास परिस्थितियों को देखते हुए और बिना किसी बाहरी दबाव के होना चाहिए। ट्रंप का दावा भले दोनों तरफ से नकारा जा चुका हो, लेकिन भारत-अमेरिकी रिश्तों के संदर्भ में देखें तो इसे पुरानी बात मानकर आगे बढ़ जाना ही बेहतर है। ट्रंप ने पिछले दिनों तनाव को कम करने की कोशिश करते हुए भारत-अमेरिकी संबंधों को विशेष बताया था। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर भी दोनों नेताओं के बीच फोन पर बात हुई। इस समय ट्रेड डील पर बात करने के लिए अमेरिकी दल भारत में है। तो इस मौके का इस्तेमाल बीती बातों से आगे बढ़ने के लिए कर सकते हैं।

# विचारों को मूर्त रूप प्रदान करना, मोदी का अंदाज

■ हसमुख अधिया द्वारा





नरेन्द्र मोदी की यात्रा के मूल में एक विशेष आदत- अनवरत अवलोकन निहित है। वह प्रत्येक मुलाकात को विचारों के स्रोत के रूप में देखते हैं, चाहे वह सामान्य बातचीत हो या विदेश यात्रा। लेकिन इन्हें नवीनता या अकादमिक विचार मानने वाले अनेक लोगों के विपरीत, मोदी इनमें से प्रत्येक विचार को संभावित समस्या के मूल कारण के आधार के तौर पर परखते हैं और फिर उसे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुकूल समाधान में ढालते हैं। जिज्ञासा, विश्लेषण और प्रभावी क्रियान्वयन के इसी मिश्रण ने उन्हें जमीनी स्तर के आयोजक से एक वैश्विक राजनेता के रूप में स्थापित किया है। वास्तव में, मोदी के लिए सीखना कभी उम्र का मोहताज नहीं रहा। बचपन से ही, उनमें सहज जिज्ञासा थी और वे विविध कहानियों और अनुभवों को आत्मसात करते और तलाशते थे। जीवन भर उनका यही विश्वास रहा है कि जिज्ञासा हर स्तर पर को सीखने को बढ़ावा देती है। यहाँ तक कि उनकी जिम्मेदारियाँ जब क्षेत्रीय नेतृत्व से राष्टीय पद तक बढ़ गई, इसके बावजूद, ऐसी नियमित मुलाकाते उनके मन में विचारों को जन्म देती रहीं और छोटी-छोटी बातें सीख में बदल गई, जो वर्षों बाद, ऐन कार्रवाई करने का समय आने पर ही फिर से उजागर हुईं।

किशोरावस्था में, ज्ञान की इसी ललक ने उनकी यात्रा का आगाज़ किया। पहले-पहल आध्यात्मिक साधक के रूप में और बाद में एक समर्पित संघ प्रचारक के रूप में उन्होंने समूचे भारत की यात्रा की और ऐसे अनुभव बटोरे, जिन्होंने दुनिया को देखने-समझने की उनकी दृष्टि को आकार दिया। हर बातचीत उनके लिए कुछ नया सीखने का अवसर थी। लेकिन जो बात उन्हें दूसरों से जुदा करती है, वह यह है कि यह सूझबूझ केवल सैद्धांतिक नहीं रही; अवसर पाते ही, उन्होंने इसे क्रियान्वित किया। हालाँकि, समस्या-समाधान की यह कला अक्सर अप्रत्याशित तरीकों से सामने आती रही। उदाहरण के लिए, काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के दौरान, उन्होंने देखा कि कर्मचारी संगमरमर के ठंडे फर्श पर नंगे पाँव काम कर रहे थे और उन्होंने तुरंत उन कर्मचारियों के लिए जूट की चप्पलों का प्रबंध कर दिया, यह एक आसान उपाय था, जो सर्दी और आने वाली गर्मी, दोनों के लिए कारगर रहा। एक अन्य घटना में, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जापान की अपनी यात्रा के बाद, उन्होंने स्पर्शनीय मार्गचिन्ह (उभरी हुई सतह) की अवधारणा शुरु की। दृष्टिबाधित लोगों के लाभ के लिए उन्होंने इसे अहमदाबाद में लागू करने पर ज़ोर दिया। ये संकेत उनकी एक अनवरत आदत को जाहिर करते हैं- अनदेखा कर दी गई बारीकियों को दैनिक जीवन को आसान बनाने वाले व्यावहारिक सुधारों में बदलना। उनके कुछ विचार बीते दशकों की याद दिलाते हैं। 1993 में लॉस एंजिल्स की अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने फाइनेंशियल हाई-राइजिज के समूहों का अध्ययन किया; वर्षों बाद, उन्हीं विचारों ने गुजरात में गिफ्ट सिटी को भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को केंद्रीकृत करने के केंद्र के रूप में प्रेरित किया। इसी जिज्ञासा ने अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट को आकार दिया, जहाँ उन्होंने अधिकारियों से दुनिया भर की सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करवाया, लेकिन यह भी सुनिश्चित किया कि अंतिम डिज़ाइन स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित रहे।

उनके अनुसार, ग्लोबल मॉडल तभी मायने रखते हैं, जब उन्हें पहले स्थानीय समुदायों की सेवा के लिए अनुकूलित किया जा सके। इस पद्धति में, कोई भी अवलोकन कभी भी सराहना किए योग्य अलग-थलग विचार नहीं होता, बल्कि यह एक रिसोर्स बैंक की तरह होता है, जो परिस्थितियों के अनुकूल होने पर लौटकर आता है, और संग्रहीत विचारों को विशाल परियोजनाओं में परिवर्तित कर देता है।

2002 में, कच्छ में आए विनाशकारी भूकंप के बाद मोदी ने आपदा से निपटने में इस पद्धति को अपनाया। उन्होंने नियमित नौकरशाही मॉडलों को नकारते हुए अपनी टीम को जापान के कोबे भूकंप प्रबंधन का अध्ययन करने और उसके योजनाकारों से संपर्क करने का निर्देश दिया। लेकिन उनका विचार स्पष्ट था- मॉडलों को पूरी तरह से आयातित नहीं किया जाएगा। इसके बजाय, इन जानकारियों को गुजरात के लिए तत्काल आवश्यकता वाले समाधानों जैसे भूकंपरोधी आवास, सुरक्षित निर्माण पद्धतियाँ और सामुदायिक भागीदारी- में ढाला गया। भारत में यह पुनर्वास के लिए एक मानक बन गया, जिसने दिखाया कि कैसे एक संकट अंतर्राष्टीय ज्ञान को भारतीय पहल के साथ मिलाने का परीक्षण स्थल बन सकता है। प्रधानमंत्री के रूप में, उन्होंने इसी क्रम को जारी रखा, दक्षिण कोरिया में नदी-सफाई परियोजनाओं का दौरा इसी इरादे से किया, कि उनसे प्राप्त सबक को नमामि गंगे में लागू किया जा सके।

भारत के भीतर से उभरने वाले विचारों के प्रति भी उन्होंने उतना ही उत्साह दिखाया है। इसका उल्लेखनीय उदाहरण नैनो यूरिया है, जो एक युवा वैज्ञानिक द्वारा प्रधानमंत्री को दिए गए सुझाव से उपजा नवाचार है। मोदी ने तुरंत इसकी क्षमता को पहचाना और इसके विकास पर ज़ोर दिया। आज, इसकी एक छोटी बोतल पारंपरिक उर्वरक की एक बोरी की जगह ले सकती है, जिससे लागत में कमी आती है और किसानों का बोझ कम होता है। यही खुलापन सरकारी कार्यक्रमों को भी आकार देता है- जब वित्तीय समावेशन योजना के नामकरण के लिए जनता की प्रतिक्रिया मांगी गई, तो नागरिकों ने ही ÷जन धन÷ शब्द गढ़ा। वैज्ञानिकों और आम लोगों, दोनों के नवाचारों को प्रोत्साहित करते हुए मोदी ने दिखाया कि कैसे घरेलू विचारों को राष्टीय समाधानों में बदला जा सकता है।

ये कहानियाँ मिलकर मोदी के जीवन के एक अनवरत सूत्र को उजागर करती हैं। मंदिर में मामूली प्रतीत होने वाली असुविधा को दूर करने से लेकर, एक आधुनिक शहर की रूपरेखा तैयार करने, किसी तबाह क्षेत्र के पुनर्निर्माण या किसी क्रांतिकारी उर्वरक को अपनाने तक, उनकी प्रक्रिया एक समान ही रही है- स्थिति का ध्यानपूर्वक अवलोकन करना, लोगों की वास्तविक आवश्यकताओं की पहचान करना और उसे पूरा करने के लिए निर्णायक रूप से कार्य करना। ÷आ नो भद्रा- क्रतवो यन्तु विश्वत÷ (प्रत्येक दिशा से कल्याणकारी विचार हमारी ओर आएँ) के भारतीय दर्शन का पालन करते हुए, मोदी हर यात्रा और संवाद से सक्रिय रूप से अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हैं और भारत को आगे बढ़ाने के लिए उनका उपयोग करने का दृढ़तापूर्वक प्रयास करते हैं। अंततः, उनका हर विचार लोगों के लिए होता है, उनके जीवन और विकसित भारत की उनकी आकांक्षाओं में निहित होता है।

**इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।**

## प्रेरक प्रसंग

### अवसरों का लाभ उठाएं

एक बार की बात है, किसी शहर में एक बहुत अमीर आदमी रहता था। उसे एक अजीब शौक था, वो अपने घर के अन्दर बने एक बड़े से स्विमिंग पूल में बड़े-बड़े रेप्टाइल्स पाले हुए था; जिसमे एक से बढ़कर एक सांप, मगरमच्छ ,घड़ियाल ,आदि शामिल थे। एक बार वो अपने घर पर एक पार्टी देता है .बहुत से लोग उस पार्टी में आते हैं। खाने-पीने के बाद वो सभी मेहमानों को स्विमिंग पूल के पास ले जाता है और कहता है - दोस्तों, आप इस पूल को देख रहे हैं, इसमें एक से एक खतरनाक जीव हैं , अगर आपमें से कोई इसे तैर कर पार कर ले तो मैं उसे 1 करोड़ रुपये या अपनी बेटी का हाथ दूंगा। सभी लोग पूल की तरफ देखते हैं पर किसी की भी हिम्मत नहीं होती है कि उसे पार करेज.लेकिन तभी छपाक से आवाज होती है और एक लड़का उसमे कूद जाता है ,और मगरमच्छों, साँपों, इत्यादि से बचता हुआ पूल पार कर जाता है। सभी लोग उसकी इस बहादुरी को देख हैरत में पड़ जाते हैं. अमीर आदमी को भी यकीन नहीं होता है कि कोई ऐसा कर सकता है ; इतने सालों में किसी ने पूल पार करना तो दूर उसका पानी छूने तक की हिम्मत नहीं की ! वो उस लड़के को बुलाता है, लड़के, आज तुमने बहुत ही हिम्मत का काम किया है, तुम सच-मुच बहादुर हो बताओ तुम कौन सा इनाम चाहते हो। अरे, इनाम-विनाम तो मैं लेता रहूँगा , पहले ये बताओ कि मुझे धक्का किसने दिया था !, लड़का बोला. मित्रों ये एक छोटा सा जोक था। पर इसमें एक बहुत बड़ा सन्देश छुपा हुआ है ङ्क उस लड़के में तैर कर स्विमिंग पूल पार करने की काबीलियत तो थी पर वो अपने आप नहीं कूदा , जब किसी ने धक्का दिया तो वो कूद गया और पार भी कर गया . अगर कोई उसे धक्का नहीं देता तो वो कभी न कूदने की सोचता और न पूल पार कर पाता , पर अब उसकी ज़िन्दगी हमेशा के लिए बदल चुकी थी ऐसे ही हमारे अन्दर कई टैलेंट छुपे होते हैं जब तक हमारे अन्दर कॉन्फिडेंस और रिस्क उठाने की हिम्मत नहीं होती तब तक हम लाइफ के ऐसे कई चैलेंजेज में कूदे बगैर ही हार मान लेते हैं , हमें चाहिए कि हम अपनी काबीलियत पर विश्वास करें और ज़िन्दगी में मिले अवसरों का लाभ उठाएं।

## धर्म-कर्म

### 21 सितंबर को साल का आखिरी सूर्य ग्रहण

सूर्य ग्रहण एक खगोलीय घटना है, जो हर साल होती है। साल का दूसरा व आखिरी सूर्य ग्रहण 21 सितंबर, रविवार को लगने वाला है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस दिन सर्वपितृ अमावस्या है। इस बार पितृ पक्ष की शुरुआत चंद्र ग्रहण से हुई थी और समापन सूर्य ग्रहण से हो रहा है। पितृ पक्ष की अमावस्या पर सूर्य ग्रहण लगने के कारण लोगों के मन में कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है। जानें ग्रहण से जुड़े जरूरी सवालों के सवाल।

1. 21 सितंबर को सूर्य ग्रहण कब प्रारंभ होगा- 21 सितंबर को सूर्य ग्रहण की शुरुआत भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से होगी और इसका समापन देर रात 03 बजकर 23 मिनट पर होगा। ग्रहण की अवधि 4 घंटे 24 मिनट की है।

2. किस राशि व नक्षत्र में लगेगा सूर्य ग्रहण- यह सूर्य ग्रहण कन्या राशि व उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में लग रहा है।

3. क्या भारत में दिखेगा सूर्य ग्रहण- 21 सितंबर को लगने वाला सूर्य ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा। भारत में सूर्य ग्रहण नहीं दिखने के कारण इसका सूतक काल भी देश में मान्य नहीं होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सूर्य ग्रहण का सूतक काल 12 घंटे पहले से लग जाता है।

4. क्या ग्रहण के कारण नवरात्रि व श्राद्ध कार्य होंगे बाधितः यह सूर्य ग्रहण भारत के किसी भी हिस्से में नजर नहीं आएगा, जिसके कारण देश में धार्मिक नियम मान्य नहीं होंगे। इसलिए नवरात्रि व श्राद्ध कार्य बिना किसी बाधा के किए जा सकेंगे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, जहां पर सूर्य ग्रहण दिखाई पड़ता है, वहीं पर सूतक व धर्म से जुड़ी मान्यताएं लागू होती हैं।

## आंचलिक

# ग्राम पंचायत बिंजाम में हुआ जल जीवन मिशन का सफल क्रियान्वयन

### घर-घर पहुंचा नलों का पानी, महिलाओं को हुई आसानी

समवेत शिखर संवाददाता





**दंतेवाड़ा।** विकासखंड गीदम के ग्राम पंचायत बिंजाम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तहत जल जीवन मिशन का सफल क्रियान्वयन किया गया हैं। लगभग 267 घरों वालो इस गांव के अधिकांश ग्रामीणों आजीविका मुख्यतः खेती और मजदूरी है, इस आंचलिक गांव के लोगों के लिए कभी पानी का मुख्य स्रोत मुख्यतः हैंडपंप ही था, पर आज केन्द्र सरकार की योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम की प्रमुख पेयजल समस्या का सफल निदान किया गया। इस गांव में मिशन के तहत कुल 16066 मीटर पाइप लाइन बिछाकर व 9 मीटर स्टेजिंग 1 सोलर तथा 40 कि.ली. का कुल 03 उच्च स्तरीय जलागार के माध्यम से आज हर घर नल से शुद्ध पेयजल कुल 267 घरों में पहुंचाया जा रहा है, जिससे आज हर घर में नल का पानी उपलब्ध है। इस कदम ने गांव को ''हर घर जल ग्राम'' का दर्जा दिलाया है। पूर्व में इस गांव की महिलाओं कोधूप गर्मी बरसात होने या रात होने पर भी घर से दूर पीने का पानी लेने के लिए जाना पड़ता था। भले ही उनके घर में छोटे बच्चे हो या फिर उनकी तबीयत खराब हो परन्तु किसी भी परिस्थिति में पेयजल की व्यवस्था करना का भार उन्हीं पर था। लेकिन अब इन विभिन्न परेशानियों उन्हें मुक्ति मिल गई है।

**महिलाओं के दिनचर्या में आया महत्वपूर्ण बदलाव :** जल जीवन मिशन योजना ने गांव की महिलाओं के जीवन को पूरी तरह बदल दिया है, इस संबंध में बिजांम ग्राम की महिलाएं बताती है कि पहले पानी लाने में महिलाओं को बहुत समय और कठिन मेहनत करना पड़ता था और साथ ही उन्हें जल की गुणवत्ता की भी जानकारी नहीं थी। उसपर सुबह का अधिकांश समय पानी लाने में ही बीत जाता था, घर गृहस्थी के लिए पेयजल की प्रबंध करने में ही उनकी दुनिया सिमट सी गई थी। जिसके चलते न तो वे खेती किसानी में अपना हाथ बंटा सकती थी न ही स्व रोजगार संबंधी गतिविधियों में लेकिन अब हर घर नल कनेक्शन के कारण पानी की समस्या समाप्त हो गई है। महिलाओं ने बताया कि ऐसी योजना से न केवल उनका समय बचा है बल्कि अन्य कार्यो को और साथ ही घर पर अपने बच्चों की अच्छे से देखभाल कर पा रही है। इस संबंध में गांव में जल वाहिनी नामक समूह का गठन किया गया है, जिसमें ग्राम की महिलाओं को जल परीक्षण के लिए प्रशिक्षित किया गया है। गांव की महिलाएं अब फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच कर रही है, जिससे गांव के पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित हो रही है। कुल मिलाकर जल जीवन मिशन ने स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर गंदे पानी से होने वाली बीमारियों को काम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गांव में हर घर शुद्ध पेयजल मिलने से दूषित पानी पीने की समस्या का समाधान हुआ है, जिससे जल जनित रोगों के मामलों में कमी आई है। यह योजना न केवल ग्रामीणों के स्वास्थ्य जीवन के लिए कारगर साबित हो रहा है बल्कि महिलाओं और बच्चों के जीवन को भी स्वस्थ और आसान बना रहा है।

**ग्राम बिंजाम के ग्रामीणों ने जताया आभार :** इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अति महत्वपूर्ण जीवनदायिनी योजना जल जीवन मिशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीणों का कहना था कि पहले पानी की कमी एक बड़ी समस्या थी लेकिन हर घर में नल कनेक्शन होने से जीवन सरल हो गया है।

# अंतर-महाविद्यालयीन क्विज, समूह चर्चा एवं भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक लिया हिस्सा

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, जगदलपुर एवं शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर, बस्तर के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 17 सितम्बर 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती समारोह के अंतर्गत अंतर-महाविद्यालयीन क्विज, समूह चर्चा एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बस्तर जिले के 10 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर संभाग उच्च शिक्षा के अपर संचालक डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा, विभिन्न परंपराओं के संरक्षण एवं शिक्षा को रोजगार से जोड़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न रोजगार मेलों एवं कार्यक्रमों में भाग लेकर रोजगार के अवसरों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं में क्विज में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, जगदलपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण एवं समूह चर्चा प्रतियोगिता में शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## आज का इतिहास

- 1891 - विलियम शेक्सपीयर के प्रसिद्ध नाटक 'मर्चेंट ऑफ वेनिस' का मैनचेस्टर में पहली बार मंचन किया गया।
- 1893 - स्वामी विवेकानंद ने शिकागो (अमेरिका) के विश्व धर्मसंसद में ऐतिहासिक भाषण दिया।
- 1893 - न्यूजीलैंड में निर्वाचन अधिनियम 1893 के तहत सभी महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया गया।
- 1955 - अर्जेंटीना की सेना और नौसेना ने विद्रोह कर राष्ट्रपति जुआन पेरोन को पद से हटाया।
- 1957 - अमेरिका ने नेवादा के रेगिस्तान में पहला भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- 1962 - भारत की उत्तरी सीमा पर चीन द्वारा आक्रमण।
- 1982 - स्कॉट फाहमैन ऑनलाइन संदेश का इस्तेमाल करने वाले पहले व्यक्ति बने।
- 1983 - ब्रिटिश उपनिवेश कैरीबियन द्वीप, सेंट किट्स एवं नेविस स्वतंत्र।

प्रथम पेज का शेष

### कस्टम मिलिंग घोटाला: भिलाई समेत 10 ठिकानों पर ईडी की दबिश

इससे पहले बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने रिटायर्ड आईएएस डॉ. शुक्ला और अनिल टुटेजा की अग्रिम जमानत खारिज की थी।

शीर्ष अदालत ने बिलासपुर हाईकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत को भी खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक दोनों अधिकारियों को पहले दो हफ्ते ईडी की कस्टडी में रहना होगा। उसके बाद दो हफ्ते न्यायिक हिरासत में रहना होगा। हिरासत में पूछताछ पूरी होने के बाद ही उन्हें जमानत मिल सकेगी। अदालत ने यह भी कहा कि आरोपियों ने 2015 में दर्ज नाम घोटाला मामले और ईडी की जांच को प्रभावित करने की कोशिश की थी। नान घोटाला जब सामने आया था, तो आलोक शुक्ला खाद्य विभाग के सचिव थे। उन्हें भी आरोपी बनाया गया था और दिसंबर 2018 को उनके खिलाफ कोर्ट में ईओडब्ल्यू ने चार्जशीट पेश किया था। इसके बाद 2019 को आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिली थी। अग्रिम जमानत मिलने के बाद दोनों अफसरों को कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार में पावरफुल पोस्टिंग मिली थी। इस पोस्टिंग के दौरान ईओडब्ल्यू की नान घोटाले की जांच को प्रभावित करने का आरोप दोनों अफसरों पर लगा थी।

कस्टम मिलिंग घोटाला : बता दें कि कस्टम मिलिंग के एवज में मिलने वाली रकम का भुगतान 20 रुपए प्रति क्विंटल देने पर ही बिल का भुगतान होता था। रकम देने वाले मिलर्स की सूची तैयार करने के बाद उन्हें ही कस्टम मिलिंग की रकम जारी होती थी। मामले में ईडी ने 3500 पेज का चालान पेश किया है, जिसमें 35 पेज की समरी भी शामिल है।

# कुआकोंडा में पोषण माह 2025 का शुभारंभ समुदाय ने दिखाई उत्साहपूर्ण भागीदारी

समवेत शिखर संवाददाता





**दंतेवाड़ा।** जिले के कुआकोंडा ब्लॉक में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में आज पोषण माह 2025 का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों की विविध पोषण एवं स्वास्थ्य गतिविधियाँ संपन्न हुईं। जिसमें स्थानीय ग्रामीण समुदाय की उत्साहपूर्वक सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत आंगनबाड़ी हितग्राहियों के बीएमआई मापन और मोटापा जांच से हुई। इसके साथ ही योग सत्र आयोजित किए गए तथा बच्चों और अभिभावकों को जंक फूड से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान पोषण पखवाड़ा थीम पर आधारित विशेष गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

ज्ञात हो कि इस पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण परामर्श एवं आहार प्रदर्शन, गर्भवती और धात्री माताओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर, कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की पहचान व उपचार, और स्थानीय खाद्य पदार्थों से पौष्टिक आहार बनाने का प्रशिक्षण जैसी गतिविधियां की जायेगी। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा, मितानिन, पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय स्व-सहायता समूह की महिलाएं सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं एएनएम भी मौके पर मौजूद रहे।

# रेडियो प्रसारण 'दीदी के गोठ' कार्यक्रम दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न गांवों में हुआ आयोजन

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित रेडियो प्रसारण ''दीदी के गोठ'' कार्यक्रम का सफल आयोजन दंतेवाड़ा जिले के कई गांवों में किया गया।

इस क्रम में गांव धुरली, बिंजाम, नागफनी एवं बड़े तुमनार में महिलाओं और ग्रामीणजनों ने बड़ी उत्सुकता से इस कार्यक्रम को सुना। रेडियो प्रसारण में स्व-सहायता समूहों की दीदियों की कहानियां और उनके संघर्ष एवं सफलता की यात्रा साझा की गई। इस रेडियो प्रसारण के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए उपस्थित महिलाओं ने बताया कि इस तरह के प्रसारण से उन्हें नई प्रेरणा और आत्मविश्वास मिलता है। साथ ही अन्य दीदियों के अनुभव सुनकर ग्राम की महिलाएं भी स्वरोजगार एवं समूह गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित होती है। उक्त रेडियो प्रसारण कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक भागीदारी ही ग्रामीण विकास की असली कुंजी है।

## न्यूज ब्रीफ

### पालिका द्वारा दुकानों से प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग किया जब्त, चेतावनी के साथ जुर्माना भी वसूला



**कुम्हारी।** गुरुवार को नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रान्तर्गत 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025' के तहत् कार्यक्रम सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधन सुनिश्चित करते हुए नेतराम चन्द्राकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेशानुसार राजस्व विभाग के द्वारा विभिन्न दुकानों से प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग को जप्त करने की कार्यवाही की गई, कार्यवाही के दौरान 48 दुकानों एवं 22 ठेला व्यवसायियों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 14 दुकानों से लगभग 5 किलो 235 ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग जप्त करते हुए 5100/- रू. का जुर्माना वसूल किया गया साथ ही सभी दुकानदारों को प्लास्टिक कैरी बैग उपयोग न करने की समझाईस भी दी गई, कार्यवाही के दौरान राजस्व प्रभारी नितिन श्रीवास एवं कैलाश देवदास के साथ राजस्व विभाग के अन्य प्लेसमेन्ट कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वनभूमि पर अवैध रूप से चर्च निर्माण अथवा प्रार्थना सभा की सूचना असत्य एवं भ्रामक, डीएफओ ने जांच के दिए थे निर्देश

**कवर्धा।** कवर्धा वनमंडल अधिकारी श्री निखिल अग्रवाल ने जांच रिपोर्ट के आधार पर बताया है कि कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत वनभूमि पर अवैध रूप से चर्च अथवा प्रार्थना सभा निर्माण की जो खबरें प्रसारित हुई हैं, वे पूरी तरह से असत्य, आधारहीन और भ्रामक हैं। वनमंडल अधिकारी ने बताया कि उक्त खबरों के संबंध में पंडरिया उपवनमंडल एवं संबंधित परिक्षेत्र अधिकारियों को गहन जांच और स्थल निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे। जांच में यह तथ्य सामने आया कि जिन स्थानों का उल्लेख किया गया है वह स्थल कवर्धा वनमंडल अंतर्गत वनभूमि की नही है। विभागीय जांच में वनक्षेत्र के भीतर किसी भी प्रकार का चर्च, प्रार्थना सभा नहीं पाया गया। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वनभूमि की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए नियमित रूप से सघन निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### 105 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में आदि सेवा केन्द्र का हुआ शुभारंभ

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिवस आदि सेवा पर्व अंतर्गत राजनांदगांव जिले के 105 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में आदि सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत छुरिया विकासखंड के 67 गांव, डोंगरगढ़ विकासखंड के 28 गांव, डोंगरगांव विकासखंड के 8 गांव तथा राजनांदगांव विकासखंड के 2 गांव में आदि सेवा केन्द्र की स्थापना की गई है। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराना है।

# अमृत सरोवर तालाब निर्माण से आजीविका गतिविधि से हो रहा महिलाओं को लाभ

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** ग्राम पंचायत बोरिंदा में निर्मित अमृत सरोवर अब सिर्फ जल संरक्षण का साधन नहीं रहा, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए सशक्त आजीविका का केंद्र बन चुका है। इस तालाब के माध्यम से शीतल स्वास्थ्य समूह की 12 महिला सदस्य संगठित होकर मछली पालन कर रही हैं।

मनरेगा योजना के अंतर्गत बना यह अमृत सरोवर अब ग्रामीणों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सफल उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। तालाब में अब तक 1,00,000 से अधिक मछलियों (बीज) का संचयन किया गया है और नियमित उचित आहार फीड व बीज की व्यवस्था की जा रही है ताकि उत्पादन बढ़े और मछलियों की सेहत बनी रहे। शीतल स्वास्थ्य समूह की महिलाएं ने बताया कि यह काम उन्हें नियमित आमदनी देने की संभावनाएँ दिखा रहा है। उनकी योजना अब इस गतिविधि को व्यवसायिक स्तर तक ले जाने की है, जिससे भविष्य में और अधिक लाभ मिल सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग दुबे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अमृत सरोवर केवल जल संरक्षण का माध्यम नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन का भी एक सशक्त स्रोत बन सकता है। बोरिंदा की महिलाओं ने यह साबित कर दिया है कि यदि सही संसाधन व समर्थन हो, तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं। इस तालाब के किनारों पर लगभग 10-15 एकड़ क्षेत्र में किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल रही है जिससे खरीफएवं रबी दोनों में फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है।



तालाब में 10,000 घन मीटर पानी का भंडारण संभव है। इसके अलावा तालाब के किनारे आम, बरगद, पीपल, नीम, बादाम, अशोक जैसे लगभग 60 पौधे रोपित किए गए हैं, जिससे हरियाली बढ़ी है और पर्यावरण को भी लाभ मिला है। जिले में अब तक कुल 123 अमृत सरोवरों का निर्माण हो चुका है, जिनमें से 65 सरोवरों में महिलाओं द्वारा आजीविका गतिविधियाँ शुरू हुई हैं। प्रत्येक समूह में लगभग 10-10 महिलाएँ सक्रिय हैं, जिससे कुल मिलाकर लगभग 650 महिलाएँ इन तालाबों से मछली पालन के माध्यम से लाभ उठा रही हैं। तालाबों के किनारे मछली सुखाने के लिए चबूतरे बनाए गए हैं, जिससे मछली प्रसंस्करण और विपणन में सुविधा हो रही है। ग्रामवासियों द्वारा किए जा रहे मछली पालन से न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है, बल्कि ग्राम पंचायत की आय में भी वृद्धि हो रही है। यह पहल ग्राम के बेरोजगार युवाओं के लिए एक सकारात्मक उदाहरण बन गई है।



## ग्राम पंचायत तिरगा में महिलाओं ने सुना 'दीदी के गोठ' विशेष रेडियो कार्यक्रम

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान समूह की महिलाओं के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रसारित दीदी के गोठ विशेष आकाशवाणी रेडियो कार्यक्रम का ग्राम पंचायत तिरगा में सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके आजीविका से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों और सफलता की कहानियों को साझा करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया है। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इससे प्रेरणा प्राप्त की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत तिरगा के सरपंच घसिया राम देशमुख, सचिव सूर्यकांत देशमुख, उपसरपंच सुखीत राम, पंच कुलेश्वरी देशमुख, गोवर्धन ढीमर सहित जय मां शीतला स्व सहायता समूह, जय अम्बे स्व सहायता समूह, क्रांति समूह तिरगा, स्वास्थ्य समिति तिरगा, क्लस्टर अंडा जिला दुर्ग के सदस्यगण, ग्राम तिरगा की पशु सखी एवं कृषि सखी उपस्थित रहीं।

सरपंच घसिया राम देशमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिहान स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शुरू किए गए ऐसे कार्यक्रम न केवल महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें अपने क्षेत्र में नए अवसरों और आजीविका के साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित भी करते हैं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत 128 हितग्राहियों का वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से कराया गया गृह प्रवेश

समवेत शिखर संवाददाता

**कुम्हारी।** भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार छ.ग. में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत् आवासीय लाभ और अन्य सुविधाओं को हर पात्र परिवार तक पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार ने ÷अंगीकार 2025÷ अभियान की शुरूआत की है। यह राष्ट्रव्यापी अभियान 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा कार्यालय सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत अंगीकार 2025 अभियान के तहत् 17 सितंबर 2025 को आवास दिवस के रूप में मनाया गया।

अंगीकार 2025 अभियान अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री छ.ग. शासन द्वारा नगर पालिका परिषद कुम्हारी अंतर्गत पूर्ण आवासों के 128 हितग्राहियों का वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से ÷गृह प्रवेश÷ कराया गया एवं गृह प्रवेश की चाबी एवं प्रमाण पत्र नगरपालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, द्वारा पार्षदगण एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सौपी गई। उक्त कार्यक्रम में 40 आवासों की नवीन स्वीकृति पत्र सौपा गया साथ ही प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली सूर्या घर योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों में बिजली का लाभ लिये जाने हेतु भी प्रेरित किया गया। इस अभियान से पात्र परिवारों को योजना की विस्तृत जानकारी, पंजीयन, ऋण सुविधा और पहले से स्वीकृत घरों के शीघ्र पूर्ण की प्रक्रिया को गति मिलेगी। सरकार का लक्ष्य है कि अंगीकार 2025 के माध्यम से हर शहरी गरीब परिवार को पक्का घर, ऊर्जा, स्वास्थ्य और सम्मान दिलाया जाए। सेल्फी बुथ की स्थापना कर लोगों में शासन की महत्वाकांक्षी योजना का प्रदर्शन किया गया। केन्द्र एवं राज्य प्रवर्तित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना ही इस अभियान का उद्देश्य है। आयोजन में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, स्वच्छ भारत मिशन एवं विभिन्न प्रकार के योजनाओं का लाभ दिये जाने हेतु विशेष रूप में प्रदर्शन एवं विस्तार से अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, पार्षद अश्वनी देशलहरे, पार्षद डिकेश पटेल, पार्षद उमाकांत साहू, पार्षद श्रीमती रितिका यादव, पार्षद ओंकार मार्कण्डेय, पार्षद अनुराग गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि पालिका राजू निषाद, सांसद प्रतिनिधि मिथलेश यादव, रामकुमार सोनी, उप अभियंता, सीएलटीसी, आर्किटेक्ट सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## क्रीड़ा भारती क्रीड़ा केंद्र खेलगांव खम्हरिया की रागिनी यादव का चयन राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए, विधायक ने दी बधाई

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** 21 से 24 सितंबर तक जगदलपुर में आयोजित 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए क्रीड़ा भारती क्रीड़ा केंद्र खेलगांव खम्हरिया के एथलेटिक्स खिलाड़ी व ग्राम धनोरा निवासी रागिनी यादव पिता नीलकंठ यादव का चयन 17 वर्ष आयु वर्ग 3000 मीटर पैदल?चाल में हुआ है। रागिनी यादव का चयन बालोद में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। रागिनी यादव के प्रदर्शन को देखते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक व छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने इनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामना दिया । इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा आपकी इस उपलब्धि से पूरे ग्राम धनोरा और दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र को गर्व हैं। आपकी मेहनत और समर्पण ने इस मुकाम तक पहुंचाया है, और आगे भी अपने खेल में उत्कृष्टता हासिल करती रहें। बहुत बहुत शुभकामनाएं। साथ ही साथ सरपंच ग्राम पंचायत धनोरा रुलेश्वरी बंजारे ने रागिनी यादव के लिए 2 जोड़ी जूता (कंपटीशन जूता एवं जागर शूज) एवं पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक श्रीमती पुष्पा सिंह मैडम ने ट्रैकसूट अपने तरफसे प्रदान किया। ज्ञातव्य हो कि रागिनी यादव विगत पांच माह से खेलगांव खम्हरिया क्रीड़ा भारती क्रीड़ा केंद्र मुख्य प्रशिक्षक एवं पीटीआई सेजस फरीदनगर बालकदास डहरे एवं बी.आर.साहू अंर्तराष्ट्रीय खिलाड़ी बी.आर.साहू के कुशल निर्देशन में नियमित अभ्यास कर रही है।



## स्वच्छता और पर्यावरण पर ग्रहण लगाने वालों पर जुर्माना

### झिल्ली का उपयोग नहीं करने की समझाइश

समवेत शिखर संवाददाता

**रिसाली।** स्वच्छता और पर्यावरण पर ग्रहण लगाने वाले व्यापारियों से रिसाली निगम ने जुर्माना वसूल किया है। वे प्रतिबंधित पॉलिथीन से ग्राहकों को सामान दे रहे थे। नगर पालिक निगम के अधिकारियों ने 02 किलो से भी अधिक प्रतिबंधित वन टाइम यूज कैरीबैग जब्त किया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर पालिक निगम रिसाली का राजस्व और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बाजार क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों ने ठेला, गुमटी संचालकों को सामान कागज के पैकेट या कपड़े को थैले में देने की समझाईश दी। जांच के दौरान चिकन व अन्य दुकानों से पॉलिथीन जब्त किया। इस दौरान राजस्व विभाग के दुर्गेश गुप्ता, जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी अमित चंद्राकर के अलावा मंगल कुर्रे, किशोर रामटेके, पीआईयू विजय कश्यप आदि उपस्थि थे। निगम अधिकारियों ने ऐसे दुकानदारों से जुर्माना वसूला जिनपर समझाईश का असर नहीं हो रहा था। कुल 5 लोगों से 3000 जुर्माना वसूला गया। साथ ही समझाईश दी गई कि दोबारा कैरीबैग मिलने पर चलान राशि दोगुना वसूल की जाएगी।

## पोषण पंचायतों को सक्रिय करते हुए विभिन्न गतिविधियों का करें आयोजन : कलेक्टर

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की उपस्थिति में पोषण अभियान अंतर्गत पोषण माह 2025 के जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने कहा कि पोषण अभियान के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के साथ ही पोषण माह का शुभारंभ किया जाएगा। पोषण माह 2025 का आयोजन 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक होगा। इसका उद्देश्य पोषण पंचायतों को सक्रिय करना है। पोषण माह के दौरान ग्राम स्तर पर मोटापे का समाधान-चीनी और तेल की खपत कम करना, स्थानीयता को बढ़ावा देना, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) व पोषण भी पढ़ाई भी, कनवरजेंट एक्सन एण्ड डिजिटलाटाइजेशन, शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार की प्रथाएं, मैन-स्ट्रीमिंग थीम पर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई
### (संपत्तिकर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./ 2025/ 632/227 भिलाई, दिनांक 15.09.2025

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | हस्तांतरण का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरुप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्व. एच.पी.फुलझेले आ. बी.पी. फुलझेले से 1. संजय कुमार फुलझेले, 2 सीमा धाकतोड़, 3. मेघा कापरे, 4 के हेमा फुलझेले सभी आ. स्व. एच.पी. फुलझेले निवासी जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | श्री संजय कुमार फुलझेले, पिता-स्व. एच.पी. फुलझेले, निवासी बी-213, सड़क-6 स्मृति नगर जुनवानी भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | वारिसान/ हकत्याग | जुनवाई वार्ड नं.-2 स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था अंदर भाग भूखंड बी-213, खसरा नं.-572 /33, रकबा-2400 व.फी. आवासीय भवन निर्मित। |
| 2 | श्री के.के. शिव कुमार, पिता-श्री के.एस. के रमन पता-पी-85, सड़क नं.-12 स्मृति नगर भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) | सुश्री बुलुस भारती पिता-श्री बुलुस चिट्टी सुब्रमण्य शास्त्री पता-म.नं.-54/3 सड़क नं. 6बी, मैत्रीनगर रिसाली, भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | स्मृतिनगर, वार्ड नं.-2 भिलाई, भूखंड क्रमांक-बी-85, खसरा नंबर-434/241, रकबा-2400 व.फू. आवासीय भवन निर्मित। |
| 3 | एल.सी. थॉमस (एलिस थामस) पति स्व. सी.टी. थामस निवासी-मकान नं. एम.आई.जी.-2/31 आमदी नगर हुडको भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. रंजित थॉमस, पिता स्व. सी.टी. थामस. 2 सुजा साराह थामस पति रंजित थामस, दोनो निवासी-मकान नं. एम.आई.जी. 2/31, आमदी नगर हुडको भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | उपहारपत्र | आमदी नगर, हुडको भिलाई, वार्ड नं. 69, शहीद कौशल यादव नगर दक्षिण अंदर भाग खसरा नं. 1/2, 2/2 भूखंड क्र. एम.आई.जी.-2, प्लाट नं.-31, रकबा-192.00 वर्गमीटर आवासीय भवन निर्मित। |
| 4 | गुर्रप्पडि राजा रमेश कुमार पिता स्व. गुर्रप्पडि राधाकृष्ण निवासी-प्लाट नं.-75, सुंदर नगर वेस्ट कोहका सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती सुभाय्या परवीन, पति सय्येद जावेद रफी, निवासी-क्वा. नं. 11/बी सड़क 36, सेक्टर-04, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, रानी अवंतिबाई कोहका शिक्षक नगर अंदर भाग (सुंदर नगर वेस्ट अंदर भाग), वार्ड नं. 08, प्लाट नं.-75, खशरा नं. 3355, रकबा-200 व.मी. आवासीय भवन निर्मित। |
| 5 | श्री अजय कुमार मार्टिन, पिता श्री हेराल्ड मार्टिन, निवासी-हाउस नं.-10/ए स्ट्रीट नं.-17 सेक्टर-05 भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती अनीता फिलिप पति श्री क्लिप्टन जार्ज, फिलिप, (पिता-श्री हेराल्ड मार्टिन) निवासी एच नं.-410, क्रिश्चन कालोनी, मधुकर शाह, वार्ड नं.-4 सागर, तह. व जिला सागर (म.प्र.) | दान पत्र | कोहका (वार्ड नं.-08, (नया वर्तमान वार्ड नं.-12) रानी अवंति बाई कोहका वार्ड के लैण्डमार्क डेवलपर्स आनंदपुरम फेस-2 रविन्द्र सिंह कुशवाहा परिसर विवेकानंद नगर आनंद भाग), फ्लेट नं. -603 (छठवा तल) क्षेत्रफल-950 व.फी. आवासीय फ्लैट निर्मित। |

अपर आयुक्त (संपत्तिकर)
नगर पालिक निगम
भिलाई

### न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग छ.ग.
### ईश्तहार

राजस्व प्रकरण ब/121
वर्ष 2025

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मनीष ध्रुव पिता उदयसिंह ध्रुव निवासी देमार, तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि स्व. उदय सिंह ध्रुव पिता बिसरू राम ध्रुव की मृत्यु दिनांक 04.07.2025 को ग्राम देमार, तहसील पाटन, जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक मनीष ध्रुव पिता उदयसिंह ध्रुव निवासी देमार, तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 29/09/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/09/2025 को जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार
पाटन

### न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)
### // ईश्तहार //

रा.मा.क्रं. ................ अ/27
वर्ष 2025-26
ग्राम परसदा प.ह.नं. 18 रा.नि.म. नवापारा, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर
क्रमांक/ /तह./वा.-1/2025
नवापारा, दिनांक 11.09.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लीलाराम पिता रामा निवासी ग्राम परसदा के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम परसदा प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. नवापारा, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 232, 242, 956 रकबा 0.15, 0.08, 0.94 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि को अपने जीवनकाल में अपने पुत्रगण के मध्य आपसी पारिवारिक बंटवारा कर प्रदान कर दिया गया जिसे आपसी पारिवारिक बंटवारा एवं काश्त कब्जा अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 29/09/2025 को नियत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में आए दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर तहसीलदार
गोबरा नवापारा

### छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
### कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर ( छ.ग. )
### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए द्वितीय निविदा आमंत्रण दिनांक 03.10.2025 सायं 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक) |
|---|---|---|---|
| 175513 | 17/व.ले.लि./ 2025-26 दि. 16.09.2025 | कांकेर जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा में चारगांव जलाशय का 2 नग स्लूस गेट, उलट वियर, 8 नग वी.आर.बी., 2 नग साइफन, दो-वॉल, 2 नग एक्वाडक्ट, 1 नग क्रॉसिंग ड्रेनेज, 6 नग कुलाबा आउट लेट, 4 नग इनलेट निर्माण कार्य एवं नहर के आर.बी.सी. 0 मी. से 2370 मी. तक एवं एल.बी.सी. 0 मी. से 2310 मी. तक सीमेंट कांक्रीट लाइनिंग का कार्य | रु. 422.99 लाख |
| 175708 | 18/व.ले.लि./ 2025-26 दि. 16.09.2025 | कांकेर जिले के विकासखंड अंतागढ़ की अनुविभागीय कार्यालय अंतागढ़ का जीर्णोद्धार कार्य | रु. 59.17 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक **23.09.2015** समय 17.31 बजे से देखें तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट:**- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन के अंतर्गत ठेकेदारों को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**जी-252603577/8**

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कांकेर**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

### कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

रजिस्टर्ड कार्यालय : 27 केबीसी, सी-27, 'जी' ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला काम्पलेक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुंबई-400051, (महाराष्ट्र)
शाखा कार्यालयः प्रथम तल, पुजारी काम्पलेक्स, निरंकारी फर्नीचर के पीछे, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) 492001

**भौतिक कब्जे का नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)**
**(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट iv के अनुसार)**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के अर्थ के तहत एक बैंकिंग कंपनी है, जिसका पंजीकृत कार्यालय 27 बीकेसी, सी 27, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051 में है, शाखा कार्यालय कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, पुजारी काम्पलेक्स, निरंकारी फर्नीचर के पीछे, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) 492001 में है, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के तहत, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया गया है। बैंक द्वारा कब्जे में ली गई बंधक संपत्ति के साथ पक्षों का विवरण नीचे दिया गया है-

| ग्राहक (उधारकर्ता)/सह-उधारकर्ता और गारंटर का नाम ऋण खाता संख्या के साथ | सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के साथ नियम 9 के तहत मांग नोटिस की तिथि, रुपए में राशि के साथ | कब्जे में ली गई अचल संपत्ति का विवरण (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (1) के साथ पठित परिशिष्ट iv के अनुसार) | भौतिक कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|
| **एचएफ ऋण सुविधा ऋण खाता संख्या एचएफ39694529 एवं एचएफ39773602, सीआरएन 766986965 है।** **1. श्री आदित्य बंसोड़ (स्वर्गीय श्री सुरेंद्र बंसोड़ और श्रीमती संजना बंसोड़ के कानूनी उत्तराधिकारी), आशियाना फेस 2, मकान नं. बी8, विजयनगर चौक, अवंती विहार, रायपुर (छ.ग.)-492001.** **2. सुश्री अदिति बंसोड़ (स्वर्गीय श्री सुरेंद्र बंसोड़ और श्रीमती संजना बंसोड़ की कानूनी उत्तराधिकारी), आशियाना फेस 2, मकान नं. बी8, विजयनगर चौक, अवंती विहार, रायपुर (छ.ग.)-492001.** | **डिमांड नोटिस तिथि 9 जुलाई 2025 और एनपीए तिथि 8 जून 2025** सभी ऋण खातों का कुल योग **13,12,869 रुपए (तेरह लाख बारह हजार आठ सौ उनसठ रुपए मात्र)** 7 जुलाई 2025 तक | परिवर्तित जमीन पर आवासीय संपत्ति के वह सभी हिस्सा एवं खंड, खसरा नं. 426/31, परिमाप क्षेत्रफल 3050 वर्ग फीट, वार्ड नं. 28, महर्षि वाल्मिकी वार्ड, कंडिका क्रमांक 20, विजय नगर, मौजा ग्राम- तेलीबांधा, प. ह. नं. 113/64, आर.एन.एम. रायपुर-1, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.), रायपुर नगर निगम सीमा के भीतर घिरे हुए हैं: उत्तर : सड़क, दक्षिणः सड़क, पूर्वः श्रीमती दिशा भट्ट की जमीन, पश्चिमः मंजीत कौर चावला की जमीन। स्व. श्रीमती संजना बंसोड़ द्वारा बंधक। | **17 सितंबर 2025** |

उधारकर्ताओं द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ पठित उक्त नियमों के नियम 9 के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ऊपर 'कब्जे की तिथि' कॉलम में उल्लेखित तिथि को ले लिया है।

विशेष रूप से ऊपर उल्लेखित उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से किसी भी प्रकार का लेन-देन कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि इस नोटिस में उल्लेखित राशि के साथ-साथ संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज और स्थानापन्न ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत और शुल्क आदि देय होंगे, जो कि उपरोक्त विवरण में दर्शाई गई बकाया राशि की स्थिति की तारीख की अगली तारीख से, पूर्ण पुनर्भुगतान और/या वसूली की तारीख तक देय होंगे। इसके अतिरिक्त, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधान की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

कृपया ध्यान दें कि संपत्तियों का विवरण ऊपर उल्लेखित है।

**दिनांक : 19 सितंबर 2025**
**स्थान : रायपुर, छग**

**एसडी/-**
**(प्राधिकृत अधिकारी)**
**कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के लिए**

## न्यूज ब्रीफ

### रोजगार पंजीयन को आधार से लिंक कराना अनिवार्य

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र महासमुंद में पंजीकृत आवेदकों के लिए रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024 के पूर्व पंजीयन करवाने वाले आवेदक अपने रोजगार पंजीयन को आधार से लिंक करा सकते हैं। इसके लिए आवेदक गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध डाउनलोड कर सकते हैं अथवा वेबसाइट पर लिंकिंग की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त वे किसी भी ऑनलाइन सुविधा केन्द्र अथवा स्वयं भी इस प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि रोजगार पंजीयन कार्ड पर अधिकारी के हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं जो आवेदक नया पंजीयन, अतिरिक्त योग्यता दर्ज कराना या नवीनीकरण करना चाहते हैं, वे भी इस ऑनलाइन सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र महासमुंद से सीधे संपर्क कर सकते हैं या दूरभाष क्रमांक 07723.299025 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### स्वच्छता व जल प्रबंधन पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता




**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता एवं वर्षा जल प्रबन्धन से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रथम स्थान पर कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा धनेश्वरी सेन, द्वितीय स्थान पर कक्षा दसवीं के छात्र कुन्दन और भारत भूषण तृतीय स्थान पर कक्षा नवमी के छात्र केयूर भूषण रहे , इस से पूर्व स्वच्छता पखवाड़ा के दूसरे दिन विद्यालय में हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित कर अच्छे से हाथ धोने की प्रक्रिया प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने बताया।उन्होंने सिर्फ पानी से हाथ धोना और साबुन लगाकर हाथ धुलाई के बारे में बताया और हानिकारक जीवाणु, कीड़े मकोड़े आदि से नुकसान के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा के द्वारा किया गया। विद्यालय के व्याख्याता गण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, रवि प्रकाश पात्रे, नीलू सोनी सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक पुष्कर भारती कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, कार्तिक राम यादव सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### अस्पताल में बेबी किट का वितरण

**महासमुंद।** महावीर इंटरनेशनल शाखा महासमुंद द्वारा सामाजिक सेवा के तहत शासकीय अस्पताल में बेबी किट वितरण किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष हेमंत मालू एवं सचिव रविंद्र लूनिया के नेतृत्व में हुआ। संस्था की ओर से अस्पताल प्रबंधन को कुल 50 बेबी किट वितरण हेतु सौंपकर विधिवत रजिस्टर में प्रविष्टि कराई गई। साथ ही मौके पर उपस्थित कुछ जरूरतमंद नवजात शिशुओं को बेबी किट प्रदान भी किए गए, जिससे उनके अभिभावकों ने प्रसन्नता एवं आभार व्यक्त किया। महावीर इंटरनेशनल के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था समाज सेवा कार्यों के प्रति समर्पित है और भविष्य में भी इस प्रकार की सेवा गतिविधियाँ नियमित रूप से जारी रहेंगी।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर लिया जायजा

**धमतरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के इसी माह प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज जिला कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा करेली बड़ी पहुंचे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार भी उनके साथ रहे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सबसे पहले हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने करेली कार्यक्रम स्थल मंडी परिसर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंच व्यवस्था,वीआईपी और आम नागरिकों के बैठक स्थल, प्रवेश एवं निकासी द्वार, वाहन पार्किंग व्यवस्था आदि का बारीकी से अवलोकन किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम स्थल के नक्शे का भी उन्होंने निरीक्षण किया और आवश्यक सुधार हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने समय रहते सभी तैयारियाँ गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान आने वाले जनसमूह को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय व्यवस्था और यातायात नियंत्रण जैसी सुविधाओं को सुचारू बनाने पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर उन्होंने नव निर्मित महतारी सदन का भी अवलोकन किया।

# तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप मिनी स्टेडियम में आज से

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** शहीद स्व. आकाशराव गिरेपुंजे सहायक पुलिस अधीक्षक की स्मृति में बास्केटबॉल संघ जिला महासमुंद द्वारा राज्य स्तरीय सब . जूनियर बालक एवं बालिका बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 19 से 21 सितंबर तक मिनी स्टेडियम महासमुंद में किया जा रहा हैं। प्रतियोगिता में महासमुंद जिले के अलावा राज्य से बिलासपुर, रायपुर जिला व रायपुर नगर निगम, सरगुजा, राजनांदगांव जिला, कोरबा, रायगढ़ जिला व कार्पोरेशन, धमतरी एवं गरियाबंद भिलाई नगर निगम की बालक एवं बालिका टीम, प्रशिक्षक व दल मैनेजर शामिल होंगे।



आयोजन की प्रारंभिक तैयारियों को लेकर बैठक लिया गया, जिसमें खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, राजस्व निरीक्षक मनीष श्रीवास्तव, अध्यक्ष बास्केटबॉल संघ महासमुंद नुरेन चंद्राकर, चेयरमैन गौरव चंद्राकर, सचिव शुभम तिवारी, अभिषेक, कुलेश्वर चंद्राकर, राहुल रंजन आदि उपस्थित रहे। चैंपियनशिप हेतु आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें संरक्षक विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, प्रशांत श्रीवास्तव, दिग्विजय साहू, बादल मक्कड़, गिरधर यदु प्रतियोगिता संचालक प्रदेश उपाध्यक्ष नुरेन चंद्राकर आदि शामिल हैं। उक्त चैंपियनशिप में खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी, नगर पालिका परिषद, माई भारत, रिवर्डल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद, चंद्रोदय पब्लिक स्कूल, आर एल सी हॉस्पिटल, महानदी हॉस्पिटल, सोहम हॉस्पिटल, दीना ग्लोबल हॉस्पिटल महासमुंद, टी वी एस शो रूम, एच डी एफसी बैंक, एच सी कैफे, डी3 स्पोर्ट्स आरंग, स्पोर्ट्स गैरेज, विजय चंद्राकर, संतोष चंद्राकर अन्य लोगों के सहयोग से किया जा रहा हैं। अध्यक्ष नुरेन चंद्राकर ने बताया कि राज्य स्तरीय आयोजन में शहीद स्व. आकाशराव गिरेपुंजे के परिवार, आई जी रायपुर, विधायक महासमुंद, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुंद, कलेक्टर, एसपी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों, जिला अधिकारियों सामाजिक संगठन, सहयोगी व गणमान्य नागरिक अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## भाजपाइयों ने सेवा, स्वच्छता अभियान के साथ मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ सेवा ,स्वच्छता कार्य के साथ मनाया। भाजपा शहर मण्डल के द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने स्थानीय बस स्टैंड ,सब्जी मंडी क्षेत्र में साफसफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

स्वच्छता कार्य पश्चात कार्यकर्ताओ ने शहर में स्थित महात्मा गांधी ,डॉ आंबेडकर ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,लाल बहादुर शास्त्री,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा की साफ सफाई कर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बीज निगम आयोग के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा,जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर,मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, महामंत्री अग्रज शर्मा ,मीना वर्मा,पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, मुन्ना लाल साहू , राजेंद चंद्राकर, सेवा पखवाड़ा पकड़ा संयोजक, एम आर विश्वनाथन ,सहसंयोजक पियूष साहू ,हिमांशु चंद्राकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पार्षद पवन पटेल, माखन पटेल, भाऊ राम साहू ,महेंद्र जैन, मनीष शर्मा, प्रकाश शर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, सोनाधर सोनवानी, अरविंद, गोविंद सिंह ठाकुर, माखन पटेल आदि उपस्थित थे।

## रजत महोत्सव पर शांत्रीबाई कालेज में हुई संगोष्ठी व परिचर्चा

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** स्थानीय शांत्रिबाई कला,वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में छग राज्य के रजत महोत्सव 2025 में संगोष्ठी,परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर एवं अध्यक्षता कालेज की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने की।

विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, संदीप दीवान अध्यक्ष बाल कल्याण समिति,भागवत जगत भूमिल साहित्यकार, उत्तरा विदानी वरिष्ठ पत्रकार उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और राज्यगीत अरपा पैरी के धार से हुई। मुख्यअतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विकास रफ्तार से जारी है,पहले हमारे राज्य की छवि उदास थी, विकास की गति बेहद धीमी थी, लेकिन केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार ने हमने बनाया है हम ही संवारेंगे की तर्ज पर संजीदगी से राज्य में विकास की गति को बढाया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व अटल विहारी वाजपेयी का आभार मानते हुए कहा का राज्य बनने के बाद की स्थिति काफी दयनीय थी और आज का दिन है कि हम एक लाख 57 हजार करोड का बजट राज्य के लिए रखा है यह बजट पहले की बजट से बीस गुना अधिक है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कालेज के प्राचार्य डॉण्सविता चंद्राकर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करने के बाद कहा कि देश को, राज्य को और समाज को युवा शक्ति का साथ जरूरी होता है। युवाओं के पास इतनी शक्ति है कि वे युग परिवर्तन कर सकते हैं, इस वक्त छत्तीसगढ़ राज्य भी पच्चीस साल का युवा है और स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रहा है ऐसे में याद रहे कि छत्तीसगढ़ निर्माण के दौर में बहुमूल्य योगदान देने वालों को कदापि नहीं भूला जाय, कई तरह की कोशिशों के बाद इस राज्य का जन्म हुआ है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में चंद्रनाहू शिक्षण समिति की सदस्य तारिणी चंद्राकर, भाजपा नेता आनंद साहू, पंकज चंद्राकर, कालेज स्टाफ व बीएड के छात्रायापकए बीएएबीएससी के विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन सहायक प्राध्यापक गोविंद श्रीवास व आभार व्यक्त बीएड विभागध्यक्ष मेनका चंद्राकर ने किया।

## विभिन्न गांवों के विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 17 सितंबर को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रामखेड़ा पटेवा, लभराकला एवं पिरदा में ग्रामीणों द्वारा भगवान देव शिल्पी विश्वकर्मा की प्रतिमा विराजित की गई थी। दिनभर भक्ति मय कार्यक्रमों के बाद इन ग्रामों में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को ग्रामीणों ने बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया था।

उनके आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए नपाध्यक्ष श्री साहू उपरोक्त ग्रामों के आयोजित पूजा कार्यक्रमों में पहुंचकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। तथा गांव, क्षेत्र, जिला व प्रदेश सहित देश की उत्तरोत्तर प्रगति की प्रार्थना की। मुख्य अतिथि श्री साहू ने सभी गांवों में लोगों को पर्व की बधाई देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा श्रीजन के देवता हैं, वे श्रेष्ठी की रचना ब्रह्मदेव के बाद उनका भी उल्लेख किया जाता है। समस्त मानव जाति को परिश्रम व ईमानदारी से मेहनत करने का आशीर्वाद भगवान विश्वकर्मा ने दी है। कोई भी निर्माण कार्य भगवान विश्वकर्मा की पूजा से शुरू की जाती है। आज गांव गांव में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर जो आयोजन हो रहे हैं, वह निश्चित ही प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि आप सभी के माध्यम से भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त करने का जो सौभाग्य मिला है, उसके लिए आप सभी के प्रति मैं कृतज्ञ हूं। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी है। जिसमें मुख्य रूप से युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ लोधी, नपं तुमगांव के पार्षद रोहित साहू, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, लभराकला सरपंच गीता बाई, तानसेन सिन्हा, ओमप्रकाश चंद्राकर, दिलीप सिन्हा, गोविंद सिन्हा, नारायण साहू, भुवन यादव, लेखराम ध्रुव आदि उपस्थित थे।

## लाखों के चावल हेराफेरी के मामले में कार्रवाई की मांग, एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** शहर के 3 उचित मूल्य दुकानों में लाखों के चावल हेराफेरी मामले में अब तक कार्रवाई नहीं होने से नाराज एनएसयूआई पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी के नेतृत्व में जिला खाद्य अधिकारी तथा एसडीएम महासमुंद को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी ने कहा कि मार्च में सत्यापन में चावल की कमी पाई गई थी। उसके बाद आज 6 महीने उपरांत भी कार्रवाई नहीं हो पाई। ना ही चावल की वसूली की गई और न ही दोषियों पर कार्रवाई की गई। इससे चावल के हेराफेरी में शामिल लोगों के हौसले बुलंद है तथा आगामी भविष्य में इनके द्वारा और वृहद स्तर पर हेराफेरी को अंजाम देने से इनकार नहीं किया जा सकता। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी पाए गए हैं उन पर शीघ्र एफ आई आर कर वसूली की कार्रवाई की जाए।

साथ ही इस मामले में संलिप्त समितियों एवं संचालकों ने गरीब हितग्राहियों के अधिकारों का हनन करते हुए शासकीय खाद्यान्न का गबन किया है। यह आचरण न केवल सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पूरी व्यवस्था को कलंकित करता है, बल्कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का गंभीर उल्लंघन भी है। खाद्य विभाग द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बावजूद भी दोषियों ने निर्धारित समय में कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया और न ही गबन की गई राशि जमा की। यह उनकी संलिप्तता और अपराध की गंभीरता को और स्पष्ट करता है। अतः दोषी समितियों एवं संचालकों के विरुध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाए। दोषियों को भविष्य में किसी भी प्रकार की समिति या सार्वजनिक वितरण प्रणाली संचालन से स्थायी रुप से प्रतिबंधित किया जाए। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु जिम्मेदार अधिकारियों की भी जवाबदेही तय कर उचित विभागीय कार्यवाही की जाए। इस मामले में सही और स्पष्ट कार्यवाही किया जाना नितांत आवश्यक है ताकि गरीबों का हक सुरक्षित रहे और दोषियों को कठोर दंड मिल सके।

## दाबपाली में हुआ राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दाबपाली में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित पड़ोसी राज्य उड़ीसा के विभिन्न जिलों से आई हुई डांस टीमों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता के शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं खल्लारी विधानसभा के वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं बागबाहरा जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने की। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम देवी-देवताओं एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। विधिवत पूजन के बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात मंच पर एक-एक कर टीमों ने अपनी प्रस्तुति दी, जिनमें स्थानीय संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत समन्वय दिखाई दिया। तत्पश्चात अतिथि उद्बोधन का दौर शुरू हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक द्वारिकाधीश यादव ने उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷युवा पीढ़ी को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर ऐसे मंचों से मिलता है। डांस केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह हमारी अभिव्यक्ति और संस्कृति का दर्पण भी है। दाबपाली जैसे ग्रामीण अंचल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। यह साबित करता है कि गांव अब केवल कृषि और पारंपरिक कार्यों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यहां के युवा कला, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। श्री यादव ने आगे कहा कि ÷हमारी सरकार और समाज का दायित्व है कि ऐसे प्रतिभावान युवाओं को प्रोत्साहन दें ताकि वे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचकर अपने क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष केशव नायक रामचंद्राकर ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि ÷डांस जैसी गतिविधियां युवाओं में आत्मविश्वास, एकाग्रता और सृजनात्मकता को विकसित करती हैं। दाबपाली जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इस स्तर का आयोजन होना इस बात का प्रमाण है कि हमारे गांव अब सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अग्रसर हैं। यह आयोजन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी की सकारात्मक दिशा में भागीदारी का उदाहरण है।÷

## जिला एवं पुलिस प्रशासन की दुर्गा उत्सव एवं गरबा समितियों के साथ हुई बैठक

**धमतरी।** जिले में आगामी नवरात्र पर्व को देखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन ने दुर्गा उत्सव एवं गरबा समितियों की बैठक आयोजित की। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव ने कहा कि धमतरी धर्म की नगरी के रूप में जाना जाता है, इसलिए दुर्गा उत्सव समितियां परंपरागत और धार्मिक वातावरण बनाए रखते हुए गरबा व अन्य कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने कहा कि शहर की छवि बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है और इसके लिए शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि दुर्गा पंडालों और गरबा स्थलों की सुरक्षा हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना की जाएगी। पुलिस की पेट्रोलिंग टीमें शाम से लेकर देर रात तक प्रत्येक स्थल पर तैनात रहेंगी। किसी भी प्रकार की आपराधिक या असामाजिक गतिविधि की जानकारी मिलने पर तुरंत कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में पाए जाने वाले व्यक्तियों पर भी पुलिस सख्त रुख अपनाएगी। उन्होंने साउंड सिस्टम के उपयोग पर उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप ही संचालन किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। गरबा आयोजनों में सभ्यता, परंपरा और धार्मिक आस्था का विशेष ध्यान रखने को कहा गया।

## भगवान विश्वकर्मा की जयंती के कई कार्यक्रमों में शामिल हुए अंकित

समवेत शिखर संवाददाता



**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा के सक्रीय ईमानदार कांग्रेसी अंकित बागबाहरा ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में वो भरूवामुडा, नवाडीह, दाबपाली में शामिल हुए ।

सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अंकित बागबाहरा द्वारा अपने मुख्य अतिथि के रूप में उद्बोधन में कहा कि सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा के पुत्र भगवान विश्वकर्मा जी ने रामायण काल के उड़नखटोला पुष्पक विमान,स्वर्गलोक,इंद्र लोग,स्वर्ण लंका, द्वारकाधीश, हस्तिनापुर, शंकर जी के त्रिशूल,कृष्ण जी के चक्र, गांडीव आदि का निर्माण किया था, वैसे ही आज उनके वंशज के रूप में हमारे बीच राजमिस्त्री, बढ़ई, लोहार,मैकेनिक,पेंटर जैसे कई रूपों में मौजूद हैं समस्त ग्रामवासियों व मौजूद दर्शकों में बड़ी संख्या में उपस्थित माताओं को सादर प्रणाम किया और तीनों जगह के रंगारंग कार्यक्रम में दो संदेश देने का प्रयास किया कि व्यक्ति अपने जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है कहते हुए कर्म के विषय में कहा कि पानी से भीगा हुआ इंसान लिबास बदलता है और पसीने से भीगा हुआ इंसान इतिहास बदलता है, साथ ही कहा कि आज डांस के लिए देश में बुगी बुगी,डांस इंडिया डांस,झलक दिखलाजा, इंडियाज बेस्ट डांसर जैसे कई प्लेटफार्म हैं जहां कलाकार अपनी अभिव्यक्ति दिखा पूरे विश्व में प्रसिद्धि पा सकता है, अंकित ने आयोजन समिति को कलाकारों को मंच उपलब्ध करवाने हेतु भी साधुवाद दिया।

साथ ही प्रत्येक कार्यक्रम में उद्बोधन का समापन कका तोर बहुत सुरता आवत है, चल निपोर बिजली बिल ज्यादा आवत है के साथ कर तालियां बटोरी। अंकित बागबाहरा के साथ मंगलू ठाकुर जनपद सदस्य, पार्वती नायक सरपंच, कृष्ण कुमार ठाकुर सरपंच, नाथु महानंद सरपंच, महेश्वर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, लोकेश पटेल पूर्व सरपंच,पीतांबर पटेल,मेघनाथ यादव, जागेश्वर ठाकुर, देवानंद साहू, विनोद मरकाम,जीवन नायक, डाकेश्वर यादव, सोमन पांडे,मुरारी निषाद, जोगन ध्रुव, धनेश्वर ठाकुर, तुलसी ठाकुर, गीता केवट, जीवर्धन पटेल, अनिल चंदेल, राजू यादव, सुनील ब्यौहार, अंकित पटेल,भारत ध्रुव, लखमन ध्रुव, चिरंजीव यादव, राम ध्रुव, देवलाल दीवान,नारायण पटेल, सुभाष राव,शोभाराम ठाकुर, सीआरपीएफ जवान भारत ध्रुव, भारत ध्रुव पूर्व जनपद सदस्य,पप्पू पटेल, हेमंत ठाकुर, शेखर दुलेश्वर,सागर यादव, रामकृष्ण यादव, लोकेश साहू, घनश्याम, एस कुमार साहू, रामकिशन साहू आदि उपस्थित थे ।

## कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष नियुक्ति के लिए प्रभारी ने ली बैठक

समवेत शिखर संवाददाता



**बागबाहरा।** अखिल भारतीय कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश एवं जिला कांग्रेस के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी विनोद तिवारी बागबाहरा ग्रामीण के कांग्रेस जनों का बैठक पी डब्ल्यू रेस्ट हाउस बागबाहरा मे मे लिया। जिसमें खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उक्त बैठक को विधायक द्वारिकाधीश यादव, प्रभारी विनोद तिवारी, कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेस जन सेवाराम साहू, मानसिंह दीवान, मोहन कुलदीप, गणेश शर्मा, टेनूराम साहू, मनोहर ठाकुर, हेमसिंह नायक, दुर्गा सागर, मनोहर पटेल, रामेश्वर चक्रधारी, पुष्पेंद्र चंद्राकर, रामराज चौबे, संतोष जांगड़े, दुमन लाल यादव, आदि ने संबोधित कर कांग्रेस को सशक्त एवं सक्रिय बनाने आह्वान किया। प्रभारी विनोद तिवारी ने बंद कमरे में सभी दावेदारों एवं समर्थकों से अलग अलग बात उनके पक्ष सुना। ब्लाक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के ब्लाक अध्यक्ष के लिए कुल 9 नाम सामने आया जिसमें वर्तमान ब्लाक अध्यक्ष रवि निषाद, हीरादास टंडन, तारेश साहू, चयनकुमार कौशिक, देवनाथ साहू, माखन सोन, टेकराम कुलदीप, कोमलबाई टंडन, एवं नंदकुमार निषाद है।

# लोगों को हितग्राही मूलक बैंकिंग सुविधाओं से करें लाभान्वित : कलेक्टर

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** कलेक्टर बी.एस.उईके की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक में कलेक्टर श्री उइके ने जिले में बैंकिंग गतिविधियों से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली।उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को हितग्राहीमूलक बैंकिंग ऋण सुविधाओं से लाभान्वित करने के निर्देश सभी बैंकिंग अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर ने बैठक में जिले के सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासकीय विभागों द्वारा प्रकरण प्रेषित किए जाते हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करें। कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन एवं पशुपालन विभाग द्वारा भेजे गए केसीसी के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करे।कलेक्टर ने हितग्राही मूलक आवेदनों को शाखा लेवल में लंबित नहीं रखने के निर्देश दिये।कलेक्टर द्वारा जिन बैंक शाखा का ऋण अनुपात कम है उन्हें ऋण अनुपात निर्धारित समय सीमा में पूरा करने को कहा गया। साथ ही प्राथमिकता क्षेत्र,कृषि क्षेत्र,एमएसएमई ऋण वार्षिक लक्ष्य पूरा करने को कहा गया। कलेक्टर श्री उइके ने जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने बैंक शाखा स्तर ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक पंजीयन करने के निर्देश दिये।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर,अग्रणी बैंक प्रबंधक,महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग, एनआरएलएम प्रतिनिधि,राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन,खादी ग्रामोद्योग,आदिवासी स्वरोजगार एवं अंत्योदय स्वरोजगार विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत खोले गये बैंक खातों में आधार सीडिंग तथा रूपे कार्ड वितरण के प्रगति की समीक्षा की।साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना,प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति,अंत्यावसायी स्वरोजगार योजना,राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन पीएम स्वनिधि योजना की जिले में प्रगति की समीक्षा कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने के आवश्यक निर्देश दिये।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### मोपका में विश्वकर्मा की पूजा की गई



**भाटापारा।** ग्राम मोपका में विश्वकर्मा भगवान कि मूर्ति का स्थापना किया गया नवयुवा विश्वकर्मा समिति बजार चौक मोपका के द्वारा विगत 12 वर्ष से भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना करते राज मिस्त्रीयो के द्वारा किया गया है जिसे शाम को पूरे गांव में भ्रमण के बाद गांव के देवराहा तलाब में विसर्जन किया गया जिसमें राम गोपाल निषाद शिव ध्रुव ,मंगलू चक्रधारी ,वेद प्रकाश साहू ,जनपद सदस्य भीश्वराम निषाद ,कामता साहू ,पंच तिहारु निषाद ,मोहित साहू ,उमेराम वर्मा, ग्राम वासी शामिल थे।

### मोदी का जन्मदिवस मनाया गया



**भाटापारा।** ग्राम पंचायत एवं भाजपा मंडल निपानिया द्वारा संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मदिन के अवसर पर साफसफाई एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निपानिया में मरीजों को फल वितरण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से नरेश नेताम सरपंच ग्राम पंचायत निपानिया ,भाजपा मंडल अध्यक्ष मथुरा यदु, मोपका सरपंचचेतन वर्मा , समिति अध्यक्ष धनीराम साहू , कोदवा सरपंच , बसंत वर्मा, हर्ष तिवारी ,जनपद सदस्य मालिक राम साहू, रेशम यदु, दीपक नेताम, सुनील तिवारी, सुनीता डेहरी ,हेमंत ध्रुव ,संतोष मिरी महिला एवं बाल विकास सभापति पटेल ,डॉक्टर लिसा चंदवानी, सचिव शंभू नाथ ध्रुव एवं अस्पताल के समस्त स्टाफव मितानीन तथा ग्रामीण जन उपस्थित थे

### उपअभियंता व लेखापाल का तबादला

**भाटापारा।** नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रशासनिक दृष्टि से अनेक अधिकारी एवं कर्मचारियो का तबादता किया गया है जिसमें नगर पालिका परिषद भाटापारा में पदस्त उपअभियंता कमलेश कुमार साहू,का तबादला नगर पालिका कुरूद किया गया है उनके स्थान पर उपअनिभयंता विनोद कुमार यादव को पदस्त किया गया है। इसी प्रकार पालिका के लेखापाल संतोष कुमार साहू का तबादला नगर पंचायत चन्द्रखुरी किया गया है।

## निधन

### कृष्ण कुमार मूंधड़ा



**भाटापारा।** प्रतिष्ठित व्यवसायी कृष्ण कुमार मूंधड़ा (बब्बू मूंधड़ा ) का आकास्मिक निधन हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा 19 सितंबर दिन शुक्रवार, सुबह 10 बजे निवास 18, सेक्टर 1, अवंती विहार, रायपुर से मारवाड़ी मुक्तिधाम, बुढ़ापारा, रायपुर जाएगी। वे सुरेश कुमार मूंधडा के भाई थे एवं अतुल कुमार मूँधड़ा वअखिल कुमार मूँधड़ा के पिता थे ।

### चेतन लाल ठाकुर



**आरंग।** गांधी चौक चूड़ी लाइन आरंग निवासी चेतन लाल ठाकुर सेवानिवृत्त शिक्षक का 82 वर्ष की आयु मे गुरुवार को निधन हो गया द्य वे प्रहलाद ठाकुर के पिताजी एवं राहुल, आशु, गौरव के दादाजी थे द्य अंतिम संस्कार नया तालाब मुक्तिधाम मे सम्पन्न हुआ। जहाँ समाज, व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# खपराडीह में कर्मयोगी प्रशिक्षण हुआ



समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** आज हमारे ग्राम पंचायत खपरा डीह में कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे 7 ग्राम पंचायत के पंच सरपंच सचिव उपस्थित थे ।

शिक्षा विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास महिला समूह के साथ ग्राम के जनप्रतिनिधि भी उपस्थिति थे। उक्त कार्यक्रम में ज्ञानचंद नेताम सरपंच सहित बड़ी संख्या में गांव वासी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने गरबा का लिए विरोध, सौंपे ज्ञापन



**गरियाबंद।** कुछ ही दिनों में नवरात्रि का पर्व प्रारम्भ होना है,उसकी तैयारी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के नवदुर्गा समिति के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है, वही गुरुवार को छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के सदस्यों के द्वारा गरबा नृत्य का विरोध करते हुए उस नृत्य को रोकने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे।ज्ञापन के आधार पे छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के सदस्यों ने बताया कि नवरात का पर्व मां दुर्गा की सेवा कर उनको प्रसन्न करने के लिए माता सेवा,जसजीत और भजन कीर्तन किया जाता है,लेकिन कुछ समितियों के द्वारा अन्य प्रदेश की संस्कृति को छत्तीसगढ़ में लाकर गरबा नृत्य का नाम देकर उसमें छोटे छोटे कपड़े पहनकर अश्लीलता ब्यक्त कर केवल मनोरंजन किया जाता है।जबकि माता सेवा में मां दुर्गा के चरित्र का वर्णन कर 33 कोटि देवी देवता को प्रसन्न किया जाता है।इससे देवी देवता का अपमान होता है।ऐसे कार्यक्रम पर रोक लगाते हुए इस पर कड़ी कार्यवाही की मांग किया गया।

# आईएसबीएम विवि में इंजीनियर्स डे मनाया गया



समवेत शिखर संवाददाता

**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नावापारा कोसमी में मंगलवार को इंजीनियर्स डे 2025 का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम एम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन पर मनाया जाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी.पी. भोल, विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ पी विश्वनाथन एवं इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष श्री टाकेश्वर कौशिक ने अपना उद्बोधन दिया।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी.पी. भोल ने इंजीनियरिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के युग में साइबर सिक्योरिटी और साइबर हाइजीन की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनिवार्य है, क्योंकि यह न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। आज मैकेनिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग को मिलाकर एक नया ब्रांच मैकटोनिक बनाया जा रहा है। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ पी विश्वनाथन ने कहा कि इंजीनियरिंग सभी के लिए खुला ब्रांच है। नई-नई तकनीकों और बहुविषयी दृष्टिकोण के चलते अब सभी शाखाएँ जैसे–सिविल, मैकेनिकल, फार्मास्युटिकल और आईटी सेक्टर–आपस में जुड़ रही हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग को समाज के विकास, डिज़ाइन, क्रिएशन और इनोवेशन का आधार बताया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष श्री टाकेश्वर कौशिक ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से इंजीनियरिंग की महत्ता और इंजीनियर्स के योगदान को समझाया। इसके साथ ही छात्रों के बीच क्विज़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन इंजीनियरिंग के छात्र मुकेश द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक श्री अनिल कुमार द्वारा दिया गया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग एवं आईटी के सभी छात्र उपस्थित रहे।

# ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मीटिंग आयोजित की गई

## पुलिस विवेचकों को जिले के अभियोजन अधिकारियों द्वारा नवीन अपराधिक कानून,एडीपीएस,पोक्सो एक्ट,आबकारी एक्ट एवं आर्म्स एक्ट में विवेचना के संबंध प्रशिक्षण

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** गुरुवार को गरियाबंद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिले के समस्त विवेचकों को नवीन अपराधिक कानून, एनडीपीएस,पोक्सो एक्ट,आबकारी एक्ट व आर्म्स एक्ट एवं अन्य प्रकरणों में विवेचना में आने वाली दिक्कतों एवं खामियों के संबंध में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मीटिंग आयोजित किया गया था।

उक्त मीटिंग में जिला के अभियोजन अधिकारी शीतल दुबे ठाकुर डीपीओ,विकाश टोप्पो एडीपीओ एवं प्रदीप बेलोजिया के द्वारा जिले के समस्त विवेचकों को उक्त प्रकरणों में विवेचना के दौरान आने वाली दिक्कतों के निराकरण के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

मीटिंग के दौरान श्रीमती शीतल दुबे ठाकुर डीपीओ गरियाबंद के द्वारा नवीन अपराधीक कानून,पोक्सों एक्ट एवं महिला व बच्चों के संबंध में विवेचना के दौरान विवेचकों के द्वारा की जाने वाली विवेचना में समस्याओं एवं खामियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।साथ ही एडीपीओ विकाश टोप्पो एवं प्रदीप बेलोजिया के द्वारा एडीपीएस,आबकारी एक्ट एवं आर्म्स एक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मीटिंग के दौरान विवेचकों के द्वारा प्रश्न भी पुछा गया।जिसका विस्तृत एवं स्पष्ट जवाब अभियोजन अधिकारियों द्वारा दिया गया।

# उठाईगिरी में एक और आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** शहर में उठाईगिरी मामले में पुलिस ने एक और आरोपी अनिश साहू को गिरफ्तार किया है। पूर्व में उक्त मामले में 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर 3,19,500 रकम बरामद किया गया था । आरोपी द्वारा अपने अन्य 3 साथियों के सांथ मिलकर अंडरब्रिज भाटापारा के पास उठाई गिरी की घटना को अंजाम दिया गया था और पॉच लाख रूपये लेकर फरार हो गये थे आरोपी से अड़सठ हजार पॉच सौ रूपये बरामद किया गया है। 16 सितंबर को प्रार्थी सचिन सचदेव निवासी संत कंवर राम वार्ड भाटापारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि उसके 5 लाख रूपये अज्ञात चोरो द्वारा चुरा लिया गया तब सीसीटीवी चेक करने पर अंडरब्रिज के पास गुरु नानक होटल के सामने गाड़ी रोककर मोबाइल से बात करते समय किसी अज्ञात आरोपी द्वारा कंधे में लगे बैग के पीछे से बंडल को चोरी कर लिया जाना पता चला। जिसके आधार पर प्रकरण में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है । प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा चारो आरोपियों को हिरासत में लिया है।

# स्कूल राजिम में साइबर जागरूकता कार्यक्रम किया गया

समवेत शिखर संवाददाता





**फिंगेश्वर।** जिला पुलिस व राजिम पुलिस द्वारा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम में साइबर जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजन किया गया।

जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूल के छात्र/छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान थाना राजिम पुलिस टीम द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अनचाहे लिंक „क्य स्नद्वद्यद्ग को डाउनलोड न करने, किसी भी शर्त में अपने ओटीपी शेयर न करने, अपने बैंक खातों किराए से दूसरों को न देना, डिजिटल अरेस्ट जैसे कोई चीज नहीं होती किसी के ऊपर में मामला बनता है तो सीधे पुलिस आकर उस मामले की समीक्षा करती है। इस सभी फ्रॉड विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 में फोन कर शिकायत दर्ज कराने को बोला गया ।

# भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर किया पौधारोपण

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 75 वे जन्म जयंती पूरे भारत देश में सभी जगह भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण कर स्वच्छता अभियान चलाकर या रक्तदान कर मरीज को फल वितरण कर मनाया गया भाजपा के केंद्र एवं राज्य नेतृत्व के निर्देश पर सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मदिन से लेकर 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जी की जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में भाजपा कार्यकर्ता एवं संगठन द्वारा मनाया जा रहा है जिसमें भाजपा मंडल फिंगेश्वर के तत्वाधान में मां मावली मंदिर के प्रांगण पर झाड़ू लगाकर साफसफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर के सामने प्रांगण पर गरियाबंद जिला की वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू के नेतृत्व में सात नीम का पौधा रोपण किया गया तथा मोदी जी को जन्मदिन पर यादगार बनाने हेतु यह पौधा लगाया गया, रामू राम साहू ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आर्थिक दृष्टि से तथा विश्व सुरक्षा के दृष्टिकोण से बहुत ही ताकतवर हुआ है, नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विश्व के विकसित देशों में से चौथे नंबर पर आ चुका है, नरेंद्र मोदी जी का सपना है कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है, वृक्षारोपण के अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता रामू राम साहू, जिला पंचायत गरियाबंद की सभापति श्रीमती नंदनी कोमल ढीढी, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्यारेलाल सोनकर, महामंत्री प्रेमलाल टोडर, युवा नेता राकेश साहू,होरीलाल साहू,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर विपिन लहरे उपस्थित रहे।

# सात्विक आहार करने वालों को सात्विक विचार आएंगे

समवेत शिखर न्यूज



पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.

**अहमदाबाद।** जैसा अन्न वैसा डकार। हमारे विचार में गठन की नींव हमारा भोजन होता है। सात्विक आहार करने वालों को सात्विक विचार आएंगे। तामसी याने अभक्ष्य भोजन से तामसी भावना याने खून खराबी की ही भावना पैदा होती है। क्या मांस खाये उसे मांसाहारी कहेंगे यह बात गलत होगी। मांसाहार का भोजन करने वाले भी जीवन में अधिक अन्नाहार शाकाहार का ही उपयोग करते है। मानव देह के लिए अन्नाहार शाकाहार ही अनुकूल है।

प्रखर प्रवचनकार-संत मनीषि गीतार्थ गच्छाधिपति प.पू.आ. देव राजयश सूरिश्वरजी महाराजा श्रोताजनों को संबोधित करते हुए फरमाते है भोजन को हमें भोग्य नहीं बनाना है भोजन तो साधना होती है। भारत के गांव-गांव, नगर नगर में आबाल वृद्ध सभी में इष्ट देव और इष्ट मंत्र की अगाध आस्था है। चाहे इष्ट देव कोई भी रहो इष्ट मंत्र स्मरण जरूर करेगा। भोजन को साधना बनाना है तो पहले तय करना है कि भोजन पर ब्रेक याने अभक्ष्य-अपथ्यू तामसी आहार का करना। हमारी श्रद्धा इष्ट यंत्र नवकार बनी है।

तय कर लो कुछ भी खाना-पीना है पहले नवकार गिनना है। खाने पीने के बाद भी नवकार गिने। नवकार गिनकर भोजन लेते है। तब भोजन का कण कण अमृत बन जाता है। नवकार गिनते जितनी श्रेष्ठ-उन्नत पवित्र भावना हम बनाते है। वैसा ही भावनापुर का अन्न में अवतरण होता है। मीरा ने विष को अमृत बनाया था। विष में अमृत की भावना को बहाने वाला मानसिट पुट तैयार किया था मनो भावनापुर का विष में अवतरण हुआ तब विष भी अमृत बन गया। हम इसे चमत्कार समझते है परंतु यह एक बड़ा मनोवैज्ञानिक सत्य है।

मंत्र कोई सामान्य शक्ति नहीं है। मंत्र चेतना में तीन जगत को हिला देने की ताकात है। मंत्र चेतना शक्ति से आग भी पानी बनता है। सर्प भी फूल माला बन जाता है शली सुवर्ण सिंहासन में परिवर्तित हो जाती है विष भी अमृत बन जाता है। नवकार मंत्र हमने एक बार नहीं, हजारों और लाखों बार गिने परंतु हमने मंत्र में चैतन्य प्रकट नहीं किया। आत्म चैतन्य द्वारा जब मंत्र में चैतन्य प्रकट होता है तब दो महान शक्ति का प्रकटीकरण होता है।

जीवन को मंगलमय बनाना हो तो भोजन विधि में अवश्य परिवर्तन लाना है। नवकार स्मरण के बाद ही भोजन का ग्रहण करना होगा। चूंकि भोजन सुधरा तो मन सुधरा और मन सुधरा तो जीवन सुधरा हमारे यहां भोजन को पवित्र बनाने मुट्ठिस्नहियं की प्रतिज्ञा होती है। भोजन करने से पहले बंध करके एक नवकार गिनना और बाद में भोजन करना। दिन में कितने भी दफे भोजन करें परंतु मुट्ठि बंध करके नवकार गिनके ही खाना, यह विधि ठीक से बरकरार करते रहना है। मुट्ठि बंद करके मंत्र स्मरण करना यह कोई सामान्य क्रिया नहीं है। हमारी पंच अंगुली में पृथ्वी-जल-अग्नि-वायु-आकाश पांच तत्व की प्रतिनिधित्व है। मुट्ठि बंद होती है के साथ इनका संबंध जुड़ता है। नवकार स्मरण के बाद भोजन करते है तो इनके प्रभाव से विष का अपहार होता है बस, नवकार के स्मरण से परमात्म तत्व की ओर बढ़े।

# विधायक–पार्षद ने किया भूमिपूजन

## जल्द बनेगी लाइब्रेरी और शौचालय

समवेत शिखर संवाददाता



**खरोरा।** वार्ड क्रमांक 03 में विकास कार्यों की दिशा में एक और कदम उठाते हुए वार्ड पार्षद राहुल मरकाम ने क्षेत्रीय विधायक के नेतृत्व में बच्चों के पढ़ाई हेतु एक लाइब्रेरी और शौचालय निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की।

राहुल मरकाम शुरू से ही अपने वार्ड में सक्रिय पार्षद के रूप में पहचान रखते हैं। इससे पहले भी वे आवास योजनाओं सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को वार्ड में सफलतापूर्वक लागू करा चुके हैं।

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान राहुल मरकाम ने बताया कि लाइब्रेरी के निर्माण से बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा, वहीं शौचालय निर्माण से स्वच्छता और स्वास्थ्य के स्तर में सुधार होगा।

स्थानीय नागरिकों ने पार्षद के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे जनहित में निरंतर कार्य कर रहे हैं और उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से पूरे वार्ड में सकारात्मक माहौल बन रहा है।

वार्डवासियों को उम्मीद है कि इन योजनाओं के पूर्ण होने के बाद शिक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में वार्ड को एक नई दिशा मिलेगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### रक्तदान के लिए विधायक के हाथों सम्मानित हुए जवाहर शर्मा



**राजिम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन एवं सेवा पखवाड़ा के अवसर पर पांडुका के भाजयुमो नेता जवाहर शर्मा ने रक्तदान किया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने प्रमाण पत्र एवं हेलमेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ,भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर,जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू,सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### सिंगारपुर में नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित होंगे

**भाटापारा।** शारदीय नवरात्रि महोत्सव 2025 के लिए मांवली माता मंदिर सिंगारपुर में भव्य रूप से तैयारी जारी है जहां आश्विन शुक्ल प्रतिपदा सोमवार 22 सितंबर को प्रातः 11 बजकर 36 मिनट पर घट स्थापना कार्यक्रम होगा आश्विन शुक्ल अष्टमी 30 सितंबर मंगलवार शाम 5 बजे हवन एवं पूर्ण आहुती के साथ संम्पन्न होगा आश्विन शुक्ल नवमी 01 अक्टुबर बुधवार को प्रातः 10 बजे महा नवमी का कार्यक्रम होगा जिसमें कन्या ज़ेज का आयोजन किया गया है। नवरात्रि महोत्सव में मांवली माता मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किये जायेगें इच्छुक श्रद्धालु 651 रूपये जमा करके अपने नाम की मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करा सकेगें ।

### लोकोत्सव मैदान में होने वाला हैं बड़ा रास गरबा

**भाटापारा।** नगर में नवरात्रि के पावन अवसर पर जन ज्योति दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा भव्य गरबा नाइट्स का आयोजन किया जा रहा हैं जो की 28 और 29 सितंबर को शाम 7 बजे से प्रारंभ होगो यह आयोजन लोकउत्सव मैदान महारानी चौक, भाटापारा मे होने जा रहा हैं। संरक्षक ज़ेला साहू, अध्यक्ष सौरभ साहू, निहाल साहू, उपाध्यक्ष मोहन साहू लखन साहू, मार्गदर्शक प्रमोद जैन, तिलक साहू, सचिव योगेश साहू कोषाध्यक्ष देवेन्द्र साहू अभिषेक वैष्णव जुटे हुए है।

### युवक-युवती नदी में कूदे, युवक मिला, युवती-लापता

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के राताखार एनीकट डैम में एक युवक और युवती ने छलांग लगा दी। जिसमें से युवक को बाहर निकाल लिया गया है, लेकिन युवती अभी भी लापता है। दोनों को बचाने के प्रयास में एक पुलिसकर्मी ने नदी की तेज धारा में छलांग लगा दी, वह भी डूबते-डूबते बचे। हालांकि, उनके साथी ने ट्यूब फेंककर उनकी जान बचाई। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। घटना गुरुवार 18 सितंबर की सुबह 10 बजे की है। बताया जा रहा है कि युवक ने लगभग 25 फीट ऊंचे डेम से छलांग लगाई थी। डेम के ऊपर उसकी बाइक खड़ी मिली, जिससे आशंका है कि वह अकेला आया था।

### ट्रक की टक्कर से ससुर-दामाद की मौत

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में गुरुवार दोपहर मोरन चौक के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में ससुर-दामाद की मौके पर मौत हो गई। वारदात के बाद ट्रक लेकर ड्राइवर भाग गया। घटना वाड्रफनगर चौकी क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम इंजानी निवासी संतोष पटेल (48) अपने ससुर गिरजा शंकर पटेल (65) के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से वाड्रफनगर जा रहे थे। वे अंबिकापुर-वाराणसी मुख्य मार्ग पर मोरन चौक से वाड्रफनगर की ओर मुड़े। इसी दौरान चौक से करीब दो किलोमीटर आगे बस्ती के पास वाराणसी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक समेत सड़क पर गिर गए।

### भोपाल, इंदौर और उज्जैन समेत कई जिलों में बारिश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में गुरुवार को हल्की बारिश का दौर जारी रहा। छतरपुर के खजुराहो में 1 इंच से ज्यादा बारिश हो गई, जबकि ग्वालियर में आधा इंच से ज्यादा पानी गिरा। भोपाल, जबलपुर, दतिया, इंदौर, श्योपुर, उज्जैन, मंडला, रीवा, टीकमगढ़, उमरिया और बालाघाट में भी हल्की बारिश हुई। राजगढ़ और श्योपुर में तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून की विदाई के दौरान भी पूरे प्रदेश में तेज बारिश का एक और दौर शुरू हो सकता है। हालांकि, 4 दिन तक तेज बारिश का अलर्ट नहीं है। भोपाल, जबलपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है। इस मानसूनी सीजन में औसत 42.7 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य कोटे से 7 इंच ज्यादा है। इससे पहले भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर और नर्मदापुरम समेत 25 जिलों में बुधवार शाम से देर रात तक गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई। भोपाल में कुछ सड़कों पर जाम लग गया। इंदौर में एक 8 साल के बच्चे की नाले में बहने से मौत हो गई। उज्जैन में शिप्रा में बाढ़ से रामघाट के मंदिरों में पानी घुस गया।

# चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहा : पायलट

## कांग्रेस के 'वोट-चोर गद्दी-छोड़' अभियान का समापन, भूपेश बघेल बोले-दिनदहाड़े हत्याएं हो रही

समवेत शिखर संवाददाता



**राजनांदगांव/दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के 'वोट चोर-गद्दी छोड़' कार्यक्रम का तीसरे दिन समापन हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि मोदी सरकार और चुनाव आयोग मिलकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे। सचिन पायलट ने दुर्ग में समापन सभा में मोदी सरकार को वोट चोर बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। राहुल गांधी ने वोट चोरी के सबूत दिए, लेकिन आयोग ने उल्टा उन्हें नोटिस थमा दिया।

पायलट ने कहा कि छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा पर भी यही आरोप लगे, लेकिन उन्हें कोई नोटिस नहीं मिला। चुनाव आयोग अब भाजपा सरकार के लिए काम करता दिख रहा है। छत्तीसगढ़ में जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस की सरकार बनेगी।

वहीं राजनांदगांव में आयोजित सभा में भाषण के दौरान अजान की आवाज़ आई, तो पायलट ने डेढ़ मिनट तक मौन रखकर धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया। इसके बाद पायलट ने कहा कि वोट चोरों को देश की जनता माफनहीं करेगी। देशभर में वोट चोरी के खिलाफआवाज उठ रही है।

वहीं इसी सभा में पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि निर्वाचन आयोग देश का नहीं भाजपा का बन गया है। विधानसभा चुनाव में वोटों की चोरी हुई। वोटर लिस्ट में किसी का नाम काट दिया गया तो किसी का तीन-तीन बार नाम है। एक घर से सैकड़ों नाम भी सामने आए हैं। भूपेश बघेल ने कहा कि वोट चोरी पर चुनाव आयोग चुप रहा, लेकिन जवाब भाजपा देती रही। निर्वाचन आयोग देश का नहीं भाजपा का बन गया है। बघेल ने बिजली कटौती पर कहा कि, कांग्रेस कार्यकाल में बिजली बिल नहीं बढ़ाया गया, लेकिन भाजपा ने आते ही पहले बिजली दरें बढ़ाई।

बिजली बिल हाफ योजना बंद किया। अब बिजली का वोल्टेज भी कम हो गया और सांय-सांय कटौती हो रही है। छत्तीसगढ़ की जनता बिजली और बिल दोनों से परेशान है। किसान, मजदूर और जनता त्रस्त है। सरकार में जनता की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। प्रदेश में दिनदहाड़े हत्याएं हो रही है।

### स्वागत के लिए खड़े रहे नेता नहीं रुके पायलट

सचिन पायलट की बाइक रैली दुर्ग के घड़ी चौक पर पहुंची। यहां पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री दीपक दुबे के बैनर तले मंच बनाया गया था। कार्यकर्ता यहां पर माला लेकर सचिन पायलट के स्वागत के लिए खड़े रहे, लेकिन सचिन पायलट और अन्य नेता आगे बढ़ गए। इससे कार्यकर्ता नाराज नजर आए।

### मंच पर भीड़ से गुस्साए ताम्रध्वज साहू कहा- कोई बचा है तो बुला लीजिए

प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री जब भाषण दे रहे थे। इसी दौरान सचिन पायलट के स्वागत के लिए महिलाओं का एक समूह मंच पर पहुंचा। पूर्व विधायक अरुण वोरा इन्हें मिलाने पायलट के पास पहुंचे। इस दौरान मंच पर इतनी भीड़ हो गई कि ताम्रध्वज साहू को भाषण बंद करना पड़ा। इस दौरान धक्का-मुक्की की वजह से उन्होंने मंच से ही कहा कि- मोला बचा ले भैया, मोला गिरा देबे तै। इसके बाद वे कुछ समय तक चुप रहे, फिर बाद में कहा कि और कोई बचा है तो उसे भी बुला लीजिए। इस दौरान वे गुस्से में नजर आए।

# युवाओं को रोजगार दिलाना सरकार की पहली प्राथमिकता: राजस्व मंत्री वर्मा



समवेत शिखर संवाददाता

» छत्तीसगढ़ में एआई हब और तकनीकी शिक्षा से खुलेगा रोजगार का नया द्वार: गुरु खुशवंत साहेब
» रोजगार की नई राह: बलौदाबाजार में 1458 पदों पर 1300 से अधिक युवाओं ने किया आवेदन
» 'हम होंगे कामयाब अभियान' के तहत 60 और जिला रोजगार कार्यालय से 15 युवाओं को मिला रोजगार

**बलौदाबाज़ार ।** स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बलौदाबाज़ार में जिला प्रशासन की ओर से आज भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा और कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का विजन है कि प्रदेश के प्रत्येक युवा को रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का प्रयास है कि कॉलेज की पढ़ाई पूरी करते ही युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है।

कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का एकमात्र रास्ता कड़ी मेहनत है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी लेकर सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश में साढ़े 13 एकड़ में एआई हब का निर्माण किया जाएगा, जिससे युवाओं को नई तकनीकी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित आई-हब लैब की भी जानकारी युवाओं के साथ साझा की।

रोजगार मेले में हम होंगे कामयाब अभियान के तहत 60 तथा जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से 15, इस प्रकार कुल 75 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किए गए। मेले में कुल 1458 पदों के विरुद्ध 1300 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके आधार पर युवाओं को उनकी योग्यता व रुचि के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री दीपक सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना यादव, भारत स्काउट गाइड के अध्यक्ष श्री विजय केशरवानी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और युवा उपस्थित रहे।

# सीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण



## विद्यार्थियों संग किया मध्यान्ह भोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर ने आज गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की पढ़ाई की प्रगति तथा विद्यालयों की अन्य गतिविधियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सीईओ श्री चंद्राकर ने गरियाबंद विकासखंड के हायर सेकंडरी स्कूल धवलपुर में कक्ष 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए मासिक मूल्यांकन परिणामों की समीक्षा की। उन्होंने आगामी त्रैमासिक परीक्षा की तैयारी पर विशेष बल देते हुए अंग्रेजी विषय पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।इस दौरान विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण किया तथा विनोबा एप में नियमित एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने मैनपुर विकासखंड के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय में पठन, पाठन एवं लेखन की दक्षता की जांच की तथा विद्यार्थियों को नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु प्रेरित किया।पूर्व माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों से त्रिकोण एवं त्रिकोणमिति से संबंधित विषयों पर चर्चा की और विज्ञान एवं गणित प्रयोगशालाओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान श्री चंद्राकर ने गौरघाट विद्यालय में बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन भी किया और भोजन की गुणवत्ता की जांच की।इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र ध्रुव, महेश पटेल, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शिव कुमार नाग,विनोबा एप प्रभारी शुभम पटेल एवं डी.पी.वो.व्यंकटेश साहू उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर स्वछता अभियान चलाया गया



समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** ग्राम बुचीपार में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गांव के पंचायत प्रतिनिधियों व गणमान्य लोगो द्वारा पंचायत प्रांगण, स्कूल प्रांगण ,मारूति चौक, पिपर चौक, महमाया मन्दिर चौक ,सहित गांव के सभी स्थानो में स्वच्छता अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिवस मनाया गया कार्यक्रम सफल बनाने में सरपंच लूकेश कुमार पाठक उपसरपंच बुधारी साहू, रोहित तिवारी, मोहन साहू, देवप्रकाश साहू, कमलेश निषाद, अश्वनी साहू, परदेशी साहू, राजेश साहू, लीलू साहू, छन्नू साहू, दुर्गेश साहू, सहीत अधिक संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# कुरूद में क्वांर नवरात्रि की तैयारी हुई तेज

## सज रहे मनभावन पंडाल, देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योत से उमड़ेगी आस्था

समवेत शिखर संवाददाता



**कुरूद।** श्री गणेशोत्सव पर्व के उपरांत कुरूद नगर में क्वांर नवरात्रि को लेकर तैयारी जारी है। नगर में प्रमुख स्थानों पर आदि शक्ति मां भवानी को विराजने मनभावन पंडाल सजाए जा रहे है। इस बार विशेष साज सज्जा और मनभावन डेकोरेशन से मां शक्ति के इस महाउत्सव में चार चांद लग जाएगा।

विदित है कि प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार कुरूद नगर में संजय नगर ,कारगिल चौक नया तालाब, सरोजनी चौक, पुराना बाजार ,थाना चौक,गांधी चौक,बजरंग चौक, पुरानी कृषि मंडी ,नया बाजार,इंदिरा नगर,सूर्य नमस्कार चौक,शंकर नगर,धोबनी पारा आदि में दुर्गोत्सव समितियों द्वारा माता के आगमन को लेकर तैयारी जारी है।

वहीं नगर की आराध्या देवी मां चंडी मंदिर , शीतला मंदिर और जय महाकाली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर में मनोकामना ज्योत के लिए पंजीयन का क्रम जारी है।माता के भुवन को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। आस्था और भक्ति की अनुपम छटा महकने वाली है और नवरात्रि के प्रथम दिवस से ही माता सेवा जसगीतों की गूंज महकने वाली है,जो कि आमजन मानस में माता सेवा भक्ति का उल्लास उमड़ेगा। वही समरसता और शांति का संदेश फैलेगा। इसी तरह नगर दशहरा महोत्सव समिति के द्वारा प्रथम दिवस से लेकर दशहरा तक विभिन्न मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी खेल मैदान में जारी है।वही इनडोर स्टेडियम और चंद्राकर भवन में गरबा महोत्सव के लिए प्रशिक्षण का क्रम जारी है।

# दंतार नाले के विषैले पानी से फसल हो रही प्रदूषित, 10 से अधिक गांव हैं प्रभावित

» पर्यावरण विभाग बैठा आंखें नीचे
» 10 से अधिक गांव हैं प्रभावित

समवेत शिखर संवाददाता



**खरसिया।** 10 से अधिक गांवों के लिए जो नाला जीवनदायनी माना जाता रहा, वही दंतार नाला अब अपने आप में काला पानी समेटे हुए हजारों लोगों के लिए कष्टकारी बना हुआ है। परंतु कंपनियों की इस मनमानी को लेकर पर्यावरण विभाग चुप्पी साधे बैठा हुआ है और आम लोग दुस्वारियों तथा बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

बताना लाजिमी होगा कि स्वच्छ पानी देने वाले दंतार नाले को प्रदूषित करने में छोटेडूमरपाली स्थित राजन कोल वाशरी और कुनकुनी स्थित वेदांता कोल वाशरी का उल्लेखनीय योगदान है। यूं तो संयंत्र स्थापित करने से पहले जनसुनवाई और पर्यावरण विभाग की स्वीकृति लेनी होती है, परंतु स्वीकृति के बाद सारे नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए यह प्लांट यूं ही संचालित होते रहते हैं और लोगों की जिंदगी से खेलते रहते हैं। ताज्जुब तो इस बात का भी है कि पर्यावरण विभाग की आंखों तले यह सब कुछ होता रहता है और विभाग के वे अधिकारी जिन पर इन संयंत्रों पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी होती है, वे ही आंखें मीचे इन्हें सब कुछ मनमाना करने की अघोषित अनुमति भी दे देते हैं।

### प्रदूषण पर प्रशासन की मौन स्वीकृति?

छोटेडूमरपाली, कुनकुनी, चपले, बेंदोझरिया, टेमटेमा, खैरपाली, पंडरीपानी जैसे अनेक गांवों के लोगों के जीवनयापन का मुख्य जरिया खेती-बाड़ी और सब्जी की खेती ही है। वहीं कोल वासरी ने इस नाले के पानी को कोयला डस्ट से पाट दिया है। ऐसे में सब्जी आदि प्रदूषित हो रही है और इन्ही सब्जियों का सेवन कर सभी लोग बीमारियों को अनचाहा न्योता दे रहे हैं। वहीं जिम्मेदार लोगों को इस बात की परवाह ही नहीं है। खरसिया विधानसभा के जीवनदायिनी दन्तार नाले में आज मोबिल जैसा गंदा पानी बह रहा है, जो न सिर्फ़ पर्यावरण बल्कि जनता के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन चुका है। यह सिर्फ़ एक नाले की समस्या नहीं, बल्कि हमारी जीवनदायिनी जलधाराओं के भविष्य का सवाल है। ऐसे समय में जनता की सुरक्षा, जल और जमीन को बचाना पर्यावरण विभाग की पहली ज़िम्मेदारी होनी चाहिए, लेकिन आश्चर्य है कि इस प्रदूषण पर प्रशासन और जनप्रतिनिधि अब तक चुप हैं।

# जिले में कहीं स्वच्छता का शपथ लेकर, तो कहीं श्रमदान कर शुरू हुआ स्वच्छता पखवाड़ा

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** पूरे प्रदेश के साथ-साथ गरियाबंद जिले में भी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ हो चुका है।

विगत दिवस जिले के कलेक्टर श्री उइके ने अपने हाथों झाड़ू थामकर लोगो को स्वच्छता के लिये प्रेरित किया।वहीं जिले के विकासखण्ड फिंगेश्वर में गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर,तो देवभोग विकासखण्ड में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने श्रमदान कर स्वच्छता के अभियान को स्वछोत्सव में परिवर्तित किया।छुरा जनपद में सभी सरपंच सचिवों के द्वारा स्वच्छता की शपथ लेकर अपने गांव को स्वच्छ रखने की कसम खाई और जुट गये स्वछोत्सव के इस त्यौहार को अपने गांव में मनाने। इस वर्ष यह अभियान जिले में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर,2025 तक ''स्वच्छोत्सव'' थीम पर मनाया जायेगा,विगत वर्षों की तरह,इस वर्ष भी 25 सितम्बर 2025 को सुबह 8 बजे एक साथ ''एक दिन,एक घण्टा, एक साथ'' श्रमदान का आयोजन किया जावेगा।प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजली देने के लिए स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2017 से प्रत्येक वर्ष जिले में ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान मनाया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2023-25 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज ब्रीफ

### आत्मसमर्पित नक्सलियों को महात्मा गांधी नरेगा और शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कार्यशाला आयोजित

**नारायणपुर।** जिला पंचायत के सभा कक्ष में सीईओ जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलखो के निर्देशानुसार 17 सितम्बर को आत्मसमर्पित नक्सलियों को महात्मा गांधी नरेगा सहित शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में नक्सलवाद का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट चुके 44 से अधिक हितग्राहियों ने सहभागिता की। उन्हें मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न कार्यों, सुविधाओं एवं स्वरोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के दौरान 40 हितग्राहियों द्वारा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर मांगें प्रस्तुत की गई। व्यक्तिगत मांगों में भूमि सुधार, डबरी निर्माण, पशु शेड, मुर्गी शेड, बकरी शेड एवं सुअर शेड निर्माण शामिल रहे। वहीं सामुदायिक स्तर पर गांव एवं पारा में सड़क-पुलिया तथा तालाब निर्माण जैसी आवश्यकताओं को प्रमुखता दी गई। मौके पर ही इनसे दस्तावेजो को लिया गया तथा तकनीकि सहायको को नियमानुसार प्रकरण तैयार करने को निदेर्शित किया गया।

### राज्य स्तरीय एवं अखिल भारतीय पुरस्कार सम्मान के लिए 22 सितम्बर तक प्रविष्टि आमंत्रित

**नारायणपुर।** राज्य शासन ने अहिंसा एवं गौ रक्षा, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक के क्षेत्र में किये गये अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से राज्य स्तरीय यतियतन लाल और पण्डित रविशंकर शुक्ल तथा सामाजिक समरसता, सभी वर्गों में संमभाव, सौहार्द, समाज सेवा, धर्मशाला, पेयजल, स्वच्छता एवं सामाजिक विकास, जनभागीदारी को बढ़ावा देने, सामाजिक चेतना का अच्छा वातावरण विकासित करने की दृष्टि से महाराजा अग्रसेन सम्मान की स्थापना की गई है। वर्ष 2025 के लिए उक्त पुरस्कार प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के एक व्यक्ति्, एक संस्था के चयन हेतु सर्वसंबंधितों से 22 सितम्बर 2025 सायं 5.30 बजे तक प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई है।

### लाइवलीहुड कॉलेज कारली में 23 सितंबर को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23 सितंबर दिन मंगलवार को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज कारली में प्रातः 11 बजे से शाम 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प हेतु केपस्टोन फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड एनएसडीसी हैदराबाद में सिक्यूरिटी गार्ड के 150, सुपरवाइजर के 20, सीसीटीवी ऑपरेटर के 05 पदों हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। इस संबंध में इच्छुक आवेदक, आवेदिका निर्धारित स्थल पर अपनी शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति एक सेट छाया प्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते हैं। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

# ग्रामों में स्वीकृत निर्माण कार्यों को अक्टूबर से प्रारंभ करना सुनिश्चित करें : कलेक्टर



### नियद नेल्लानार योजना के प्रगति की समीक्षा बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप माओवाद प्रभावित और दुर्गम क्षेत्रों में विकास की रोशनी पहुंचाने हेतु प्रारंभ की गई महत्वाकांक्षी नियद नेल्लानार (आपका अच्छा गांव) योजना की प्रगति की समीक्षा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में की गई। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक लेकर निर्माण कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वीकृत निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अक्टूबर से नए स्वीकृत निर्माण कार्यों की शुरुआत अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में ग्रामों में चल रहे विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई, जिसमें सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित प्रगति पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने कहा कि नियद नेल्लानार योजना न केवल विकास का माध्यम है, बल्कि यह ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर ममगाईं ने बैठक में जिले के चिन्हित ग्रामों में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण, सौर ऊर्जा के उपयोग, नलजल योजना, तथा आधार व जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड निर्माण, बैंक खाता खुलवाने, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, खेल मैदान विकास और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ये सुविधाएं ग्रामीणों के जीवन को सरल और सशक्त बनाएंगी। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और कार्यों की सघन मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

# नपा कार्यालय में आवास दिवस तथा पुर्नगठित पीएम स्वनिधि योजना मनाया गया



### स्वच्छता ही सेवा, प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2.0

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** कार्यालय नगरपालिका परिषद जिला नारायणपुर में स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम अंगीकार 2025 अभियान तहत् आवास दिवस तथा पुर्नगठित पीएम स्वनिधि योजना मनाया गया।

स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका नारायणपुर के अध्यक्ष श्री इंद्र प्रसाद बघेल द्वारा हरी झंडी दिखाकरकिया गया ।वृहद स्तर पर सभी स्वच्छता कर्मचारीयों को शपथ ग्रहण सामारोह में शपथ दिलाई गई और अभियान का शुभारंभ किया गया ।प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत जिनका आवास निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, उनका गृह प्रवेश कार्यक्रम नगरपालिका परिषद के सभाकक्ष में आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष श्री इंद्र प्रसाद बघेल , उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा , पार्षद कमलापति मिश्र, श्री प्रवीण गोलछा, श्रीमती कृति पोटाई, श्री कौशल बघेल, श्रीमती संगीता जैन, श्रीमती रमशिला नाग, श्रीमती नेहा कश्यप, श्री संतोष गोटा, श्री गोविंद भोयर, श्रीमती रीता मंडल, श्री हेमंत पात्र एवं अन्य पार्षदगण, समस्त गणमान्य नागरिक, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री आशीष कुमार कोर्राम, उप अभियंता श्री दीपक आंचला, बसंत कुंजाम तथा कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की गरिमामयी उपस्थिति में रायपुर में हो रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

# ग्राम धुरली की ग्रामीण महिला पायको ने राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं बनाया अपना पक्का घर

समवेत शिखर संवाददाता



**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयनित हितग्राहियों को अपने आवास निर्माण हेतु सर्वाधिक जरूरत राजमिस्त्रियों की होती है जो उनके घर के प्रारंभिक ढांचे को सही मानकों अनुसार स्वरूप दे सके। और तो और कई बार तो दूरस्थ क्षेत्रों में राजमिस्त्रियों की मांग इतनी बढ़ जाती है कि दूसरे ग्रामों से राजमिस्त्रियों को आग्रह पूर्वक बुलाया जाता है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अब राजमिस्त्रियों प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जा रहे है ताकि ग्राम के ही हितग्राही को आवास निर्माण की आधारभूत ज्ञान, निर्माण प्रक्रिया की सही सही जानकारी से प्रशिक्षित हो सके ताकि उनका आवास निमार्ण समय सीमा के साथ ही उनकी ही देख रेख में पूर्ण हो सके। और इस संबंध में सबसे विशेष बात यह है कि इस प्रशिक्षण सत्र में महिलाओं को भी शामिल कर आवास निमार्ण की मूलभूत तथ्य सिखाये जा रहे है।जिले के नियद नेल्लानार ग्राम घुरली में भी राजमिस्त्रियों प्रषिक्षण सत्र का आयोजित किए गए है। जिसमें प्रशिक्षित गांव की महिला ''पायको'' स्वयं अपने आवास का निर्माण कर रही है। पायको बताती है कि वह पूरे आत्मविश्वास से अपने घर का निमार्ण में योगदान दे रही है। और पक्का घर बन जाने के बाद ÷अब मुझे और मेरे परिवार को टपकती छत और कच्ची दीवारों का डर नहीं रहेगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत चलाए जा रहे ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम ने न सिर्फ पायको जैसी अन्य ग्रामीण महिलाओं का भी सपना पूरा किया, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की भी राह दिखाई। ज्ञात हो कि यह प्रशिक्षण सत्र 45 दिनों का निर्धारित किया गया है, जिसमें स्थानीय मजदूरों को तकनीकी जानकारी दी जाती है और साथ ही प्रतिदिन 220 रुपये की मजदूरी भी प्रदान की जाती है। पायको भी इस प्रशिक्षण का हिस्सा बनीं और अपने घर का निर्माण खुद अपने हाथों से करने लगीं। सिर्फ पायको ही नहीं, बल्कि नियद नेल्लानार योजना में शामिल गांव धुरली के ग्रामीण भी इस कार्यक्रम से जुड़कर अपने कच्चे मकानों को पक्के घरों में बदलने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रशिक्षण ने उन्हें ÷रोजगार, सम्मान और स्थायी आश्रय÷ तीनों का तोहफा दिया है। पहले कच्चे घरों में रहकर बारिश और धूप से जूझने वाले ये परिवार अब अपने मजबूत पक्के घरों को देखकर गर्व महसूस कर रहे हैं।

# व्यापमं द्वारा 21 सितम्बर को स्टॉफ नर्स भर्ती परीक्षा का आयोजन

### जगदलपुर के 09 परीक्षा केंद्रों में होगी लिखित परीक्षा

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्टॉफ नर्स के रिक्त पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा रविवार 21 सितम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक जगदलपुर के 09 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके तहत परीक्षा केंद्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 02 जगदलपुर, 1702 झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा नम्बर 03 जगदलपुर, 1703 शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय शान्ति नगर जगदलपुर, 1704 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक-1 जगदलपुर, 1705 शासकीय बहुउद्देश्यीय हायर सेकंडरी स्कूल जगदलपुर, 1706 सेजेस शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक-2 राजेन्द्र नगर वार्ड गीदम रोड जगदलपुर, 1707 निर्मल हायर सेकंडरी स्कूल लालबाग जगदलपुर, 1708 स्वामी विवेकानंद शासकीय एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल अग्रसेन चैक संजय मार्केट रोड जगदलपुर तथा परीक्षा केंद्र क्रमांक 1709 स्वामी आत्मानन्द एक्सीलेंट हिन्दी मीडियम शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल रेलवे कॉलोनी जगदलपुर में उक्त भर्ती परीक्षा होगी।

उक्त भर्ती परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों को निर्धारित समय के ढाई घंटे पहले पहुंचना होगा, जहां मेन गेट पर मेटल डिटेक्टर से परीक्षार्थियों की सम्पूर्ण जांच की जाएगी। फिर वीक्षकों द्वारा प्रवेश पत्र एवं कोई भी एक पहचान पत्र के सत्यापन जांच की कार्यवाही की जाएगी। परीक्षार्थियों को इंटरनेट से निकाला हुआ मूल प्रवेश पत्र जो साफ-सुथरा हो लाना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के हाफ टी-शर्ट, हल्के कपड़े एवं पैरों में चप्पल पहनकर आना होगा।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# 21 सितंबर को फिर भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान





**नई दिल्ली।** एशिया कप में बुधवार को पाकिस्तान ने यूएई को हरा दिया। इसी के साथ यह भी तय हो गया कि टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान एक बार फिर 21 सितंबर को एक-दूसरे का सामना करेंगे। ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को आसानी से 7 विकेट से हरा दिया था। वहीं, ग्रुप-बी में आज श्रीलंका और अफगानिस्तान के लिए करो या मरो का मैच है।

पाकिस्तान ने यूएई को हराकर ग्रुप-ए से भारत के साथ सुपर-4 स्टेज में जगह बना ली। सुपर-4 में अब बाकी 2 टीमें ग्रुप-बी से आएंगी। इस राउंड में हर टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। इस कारण भारत और पाकिस्तान के बीच एक और मुकाबला तय हो गया है।

टूर्नामेंट से पहले ही एशियन क्रिकेट काउंसिल ने सुपर-4 स्टेज का शेड्यूल भी बना लिया था। इसमें ग्रुप-ए से क्वालिफाई करने वालीं 2 टीमों को ए1 और ए2 नाम दिया गया। वहीं ग्रुप-बी से क्वालिफाई करने वालीं टीमों को बी1 और बी2 नाम दिया गया। शेड्यूल के मुताबिक, ए1 और ए2 के बीच 21 सितंबर को दुबई में मैच खेला जाना है। इस तरह ग्रुप-ए की टीमें भारत और पाकिस्तान रविवार को एक बार फिर महामुकाबले में एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मैच टीम इंडिया ने आसानी से 7 विकेट से जीत लिया था। मैच के बाद और टॉस के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया।

# वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप- 40सीएम से मेडल चूके सचिन यादव, 86.27 मीटर के साथ चौथे नंबर पर



**टोक्यो (ए)।** टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जेवलिन थ्रो फाइनल में भारत के नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम मेडल नहीं जीत सके। भारत के एक अन्य थ्रोअर सचिन यादव ने करियर बेस्ट (86.27 मीटर) प्रदर्शन किया, लेकिन वे चौथे स्थान से आगे नहीं बढ़ सके। सचिन महज 40 सेंटीमीटर के फासले से ब्रॉन्ज चूक गए। ब्रॉन्ज जीतने वाले खिलाड़ी ने 86.67 मीटर का थ्रो किया। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशॉर्न वाल्कॉट ने 88.16 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (87.38 मीटर) ने सिल्वर और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन (86.67 मीटर) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

डिफेंडिंग चैंपियन नीरज पांच प्रयास में 84.03 मीटर का बेस्ट थ्रो ही निकाल सके। वे आठवें नंबर पर रहते हुए बाहर हुए। वहीं, ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट पाकिस्तान के अरशद नदीम चार अटैम्प्ट में 82.75 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ 10वें नंबर पर रहे। नीरज चोपड़ा ने पहला थ्रो 83.65 मीटर का थ्रो किया। उनका दूसरा थ्रो 84.03 मीटर का रहा और तीसरा थ्रो फाउल रहा। चौथे प्रयास में उन्होंने 82.86 मीटर का थ्रो किया। इस तरह चार राउंड के बाद उनका बेस्ट स्कोर 84.03 मीटर का रहा। उनका पांचवां प्रयास फाउल रहा और वे मेडल की रेस से बाहर हो गए।

नदीम ने पहला थ्रो 82.75 मीटर का थ्रो किया था। नदीम का दूसरा थ्रो फाउल रहा है। तीसरे प्रयास में 82.73 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा प्रयास फाउल रहा और वे 10वें नंबर पर रहते हुए मेडल की रेस से बाहर हो गए।


इन दोनों से आगे सचिन यादव रहे। सचिन ने 86.27 मीटर का पहला थ्रो किया। सचिन का दूसरा थ्रो फाउल रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने 85.71 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा थ्रो 84.90 मीटर का रहा। उन्होंने पांचवें प्रयास में 85.96 और छठे प्रयास में 80.95 का स्कोर निकाला। इस तरह वे 86.27 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ चौथे नंबर पर रहे।

त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशॉर्न वाल्कॉट अपने चौथे प्रयास में 88.16 मीटर के थ्रो के साथ टॉप पर चल रहे हैं।

तीन थ्रो के बाद 11वें और 12वें नंबर पर मौजूद थ्रोअर रेस से बाहर हो चुके हैं। चौथे थ्रो के बाद नौवें और 10वें नंबर के थ्रोअर बाहर हो गए। पांचवें थ्रो के बाद सातवें और आठवें नंबर पर रहने वाला थ्रोअर बाहर हुआ। नीरज इसी राउंड के बाहर हुए।

### सोनी सब के आगामी शो 'गणेश कार्तिकेय' में आयुध भनुशाली निभाएंगे बुद्धिमान विघ्नहर्ता भगवान गणेश और सुभान खान दिव्य योद्धा भगवान कार्तिकेय की भूमिका

**मुंबई।** सोनी सब, जो पीढ़ियों से दर्शकों के दिलों को छू लेने वाली प्रभावशाली कहानियों के लिए जाना जाता है, लेकर आ रहा है 'गाथा शिव परिवार कीङ्क गणेश कार्तिकेय', एक भव्य प्रस्तुति जो ब्रह्मांड के सबसे पूजनीय दिव्य परिवार की असाधारण गाथा को जीवंत कर देगी। इस भव्य गाथा के केंद्र में भगवान शिव (मोहित मलिक) और देवी पार्वती (श्रेनु पारिख) की अब तक अनकही कहानी और उनके पुत्रों (दो भाइयों) की यात्राएँ शामिल हैं, जिनका संघर्ष, प्रेम और भावनाएँ प्रत्येक हर परिवार की आत्मा को दर्शाती हैं। इन प्रतिष्ठित किरदारों को जीवंत करने जा रहे हैं दो प्रतिभाशाली बाल कलाकार- आयुध भनुशाली भगवान गणेश के रूप में और सुभान खान भगवान कार्तिकेय के रूप में। अपनी प्रतिभा और निष्ठा के साथ ये दोनों इन प्रिय भूमिकाओं को इस तरह निभाएँगे कि इनमें झलकती बुद्धिमत्ता, साहस और भक्ति दर्शकों के दिलों को छू जाएगी। इस मार्मिक कहानी के केंद्र में दो भाइयों का जटिल रिश्ता है। एक ओर कार्तिकेय हैं, जो अकेलेपन से जूझते हैं और दूसरी ओर गणेश हैं, जो परिवार के लाड़ले बेटे हैं। उनका भाईचारा उनकी असुरक्षा को सामने लाता है और आत्म-खोज की राह भी बनाता है। अपनी भूमिका के बारे में बताते हुए आयुध भानुशाली ने कहा, ÷भगवान गणेश की भूमिका निभाना मेरे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है।



### मनाइए नवरात्रि एण्ड टीवी के संग!

**मुंबई।** एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में नवरात्रि का जश्न देखने को मिलेगा। इसमें शामिल होंगी - वेश बदलने की शरारतें, मस्ती और डांडिया से भरपूर धमाल, जो दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर देगा। 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में बताते हुए गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ राजेश ने कहा, ÷हप्पू (योगेश त्रिपाठी) और बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) अपनी ज़िंदगी से परेशान हैं। हप्पू हमेशा प्रमोशन न मिलने की शिकायत करता है, जबकि बेनी बिमलेश (सपना सिकरवार) की गैर-मौजूदगी से दुखी है। दोनों को पता चलता है कि पहाड़ी वाली माता के मंदिर में मन्नत पूरी होती है। वे ठान लेते हैं कि मंदिर तक घुटनों के बल जाएंगे और माता का आशीर्वाद लेंगे। लेकिन जैसे ही कमिश्नर (किशोर भानुशाली) को हप्पू की मन्नत का पता चलता है कि वह खुद कमिश्नर बनना चाहता है, वह मनोहर (नितिन जाधव) को हप्पू का रास्ता भटकाने का हुक्म देता है। नतीजा यह होता है कि हर बार हप्पू और बेनी मंदिर तक पहुंचने की कोशिश करते हैं, मगर गलत रास्तों में फँसकर भटक जाते हैं और उनके पहुंचने तक मंदिर बंद हो जाता है। इधर, राजेश भी यह मन्नत ले लेती है कि जब तक हप्पू दर्शन नहीं करेगा, वह न कुछ खाएगी न पिएगी। इससे हप्पू और भी दबाव में आ जाता है और आखिरकार राजेश को झूठ बोल देता है कि उसने माता के दर्शन कर लिए। मगर नवरात्रि की डांडिया नाइट पर हप्पू का राज़ खुलने ही वाला होता है, जब मनोहर कमिश्नर की चाल का पर्दाफाश कर देता है। अब सवाल यह है कि क्या हप्पू अपनी मन्नत सच में पूरी कर पाएगा या तक़दीर फिर उसके साथ कोई और खेल खेलेगी? 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभा रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने शो की आगे की कहानी के बारे में बताते हुये कहा, ÷तिवारी (रोहिताश्व गौड़) और विभूति (आसिफ़ शेख) अपनी-अपनी भाबियों के साथ डांडिया खेलने को बेताब हैं।



# एचडीएफसी बैंक ने 1,000 से ज़्यादा शिक्षकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं के बारे में किया शिक्षित

**मुंबई (ए)।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं पर एक वर्चुअल सत्र आयोजित किया, जिसका उद्देश्य पूरे भारत के स्कूलों और कॉलेजों के 1,000 से ज़्यादा शिक्षकों को जागरूक करना था।

इस सत्र के माध्यम से शिक्षकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को सतर्क रहने और साइबर स्कैमर्स से खुद को बचाने में मदद करना था। इस सत्र में प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न कार्यप्रणाली को समझने में मदद करने के लिए वास्तविक जीवन से सबंधित उदाहरण, कहानियाँ और वीडियो आदि का उपयोग किया गया। एचडीएफसी बैंक पिछले चार वर्षों से देश भर में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित बैंकिंग पहल के तहत साइबर धोखाधड़ी जागरूकता सत्र और कार्यशालाएँ आयोजित कर रहा है। कार्यशाला में कई प्रासंगिक विषयों पर चर्चा की गई, जिससे डिजिटल सुरक्षा की बेहतर समझ विकसित हुई- साइबर धोखाधड़ी जागरूकताः विशिंग, फ़िशिंग, स्मिशिंग, रिमोट डिवाइस एक्सेस, सिम स्वैप और यूपीआई धोखाधड़ी जैसे सामान्य साइबर खतरों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। निवेश, नौकरी के प्रस्ताव, डिजिटल गिरफ्तारी, नकली कूरियर आदि की आड़ में होने वाले घोटालों की पहचान करने और इनसे बचाव के तरीकों पर भी चर्चा हुई। समझ को गहरा करने के लिए वास्तविक जीवन के उदाहरणों का उपयोग किया गया। सुरक्षित नेट-बैंकिंग और खरीदारी के सुझाव- सत्रों में सुरक्षित ऑनलाइन लेनदेन के सर्वोत्तम तरीकों और सुरक्षित ऑनलाइन खरीदारी के सुझावों पर प्रकाश डाला गया। निवारक उपाय- उपस्थित लोगों को अपनी संवेदनशील बैंक जानकारी का खुलासा न करने के लिए निर्देशित किया गया। इस सत्र पर टिप्पणी करते हुए एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष (क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल) श्री मनीष अग्रवाल ने कहा, ÷जागरूकता की कमी के कारण लोग साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो जाते हैं। इसलिए लोगों को जागरूक करना ज़रूरी है ताकि वे गोपनीय बैंकिंग डेटा साझा न करें या असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें। इन सत्रों का उद्देश्य शिक्षकों को ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रूप से नेविगेट करने के लिए सही ज्ञान से लैस करना है।

# क्रोमा ने अपने स्टोर, ट्राइब बाय क्रोमा, क्रोमा.कॉम और टाटा न्यू पर की आईफोन 17 पर ऑफर की पेशकश

**नई दिल्ली।** टाटा समूह से जुड़ी भारत की अग्रणी ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर कंपनी, क्रोमा ने आज क्रोमा स्टोर, ट्राइब बाय क्रोमा आउटलेट, क्रोमा.कॉम और टाटा न्यू ऐप पर नए आईफोन 17 की रेंज पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की। लॉन्च अभियान 19-27 सितंबर तक सेल विंडो के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 26 अक्टूबर तक विस्तारित ऑफर दिए जाएंगे, और उसके बाद भी कुछ चुनिंदा लाभ जारी रहेंगे।

ग्राहक 206 शहरों में फैले क्रोमा और ट्राइब बाय क्रोमा के 560 से अधिक स्टोर के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क से, साथ ही क्रोमा.कॉम और टाटा न्यू के ज़रिये भी आईफोन 17 को देख-परख कर सहजता से खरीद सकते हैं। ट्राइब बाय क्रोमा, क्रोमा का एप्पल के लिहाज़ से समर्पित अधिकृत विक्रेता है। ट्राइब बाय क्रोमा प्रशिक्षित विशेषज्ञों और एप्पल के संपूर्ण पोर्टफोलियो के साथ एप्पल के उत्पादों की खरीद का बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है और यहां फोन के चुनाव से लेकर सेटअप तक विशेषज्ञ सहायता मिलती है। ग्राहक 19-27 सितंबर तक ?12,000 तक का एक्सचेंज बोनस प्राप्त कर सकते हैं, टाटा न्यू एचडीएफसी कार्ड के साथ 10त्न तक न्यूकॉइन* अर्जित कर सकते हैं, और क्रोमा तथा ट्राइब स्टोर और क्रोमा.कॉम तथा टाटा न्यू पर ऑनलाइन आईफोन 17 की खरीदारी पर बिना किसी अतिरिक्त लागत वाली ईएमआई* का लाभ उठा सकते हैं। केवल इस लॉन्च सेल के दौरान ही लागू एक विशेष ऑफर के तौर पर ग्राहक चुनिंदा एप्पल एक्सेसरीज़ पर 20त्न तक की छूट पा सकते हैं, जो केस, चार्जर और ऑडियो गियर के साथ आईफोन सेटअप को पूरा करने के लिए आदर्श हैं।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने तिफरा में किया सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

## दिव्यांगजनों का किया सम्मान, बांटे सहायक उपकरण

समवेत शिखर संवाददाता





**बिलासपुर।** केंद्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री श्री तोखन साहू ने बिलासपुर के तिफरा स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेता दिव्यागजनों को सम्मानित किया। समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांग जनों को सशक्त करने विभिन्न सहायक उपकरण भी वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक श्री धरम लाल कौशिक ने की।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने दिव्यांग बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान कुल 62 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता 17 प्रतिभागियों और शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट 17 छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। रजत महोत्सव कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के लिए रंगोली, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। मुख्य अतिथि श्री तोखन साहू द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं सम्मान प्रदान किये गये। इस दौरान 05 ब्रेल किट, 05 श्रवण यंत्र एवं 10 स्मार्ट केन वितरित किए गए। श्री तोखन साहू ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को दिए गए उपकरण उनकी शैक्षणिक प्रगति में सहायक होंगे तथा बिलासपुर जिले में किसी भी दिव्यांगजन को सहायक उपकरण की कमी नहीं होने दी जाएगी।

# मातृ एवं शिशु अस्पताल सक्ती में डायलीसिस मशीन की स्थापना

» सीएमएचओ डॉ. पूजा अग्रवाल के प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार

» अब जिले में ही किडनी के मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

समवेत शिखर संवाददाता



**सक्ती।** जिले के स्वास्थ्य सेवाओं में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मातृ एवं शिशु अस्पताल सक्ती में डायलीसिस मशीन की स्थापना की गई है। इस सुविधा के शुरू होने से अब मरीजों को डायलीसिस के लिए बाहर भटकना नहीं पड़ेगा और उन्हें जिले में ही उपचार उपलब्ध हो सकेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. पूजा अग्रवाल के अथक प्रयासों और जनभावनाओं के अनुरूप यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि जल्द ही मशीन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद गंभीर किडनी रोग से पीड़ित मरीजों को काफी राहत मिलेगी। अब तक मरीजों को रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चांपा या अन्य बड़े शहरों में जाना पड़ता था, जिससे समय और आर्थिक बोझ दोनों बढ़ जाते थे। सीएमएचओ डॉ. पूजा अग्रवाल के कार्यभार संभालने के बाद जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप स्वास्थ्य केंद्रों में साफ-सफाई, गुणवत्तापूर्ण उपचार और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया है। उनकी सक्रियता से मरीजों की परेशानी दूर करने के लिए कई नई पहल की गई हैं।स्थानीय लोगों और मरीजों ने इस कदम का स्वागत किया है। उनका कहना है कि डायलीसिस जैसी महंगी सुविधा का जिला अस्पताल में उपलब्ध होना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए किसी बड़ी राहत से कम नहीं है। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि आने वाले दिनों में और भी आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे जिले की स्वास्थ्य सेवाएँ और मजबूत होंगी।

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल 31वें दिन भी जारी

## लिखित आदेश मिलने तक आंदोलन पर अड़िग

समवेत शिखर संवाददाता



**सक्ती।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज 31वें दिन भी जारी रही। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिन था, सारे हड़ताली कर्मचारी केक काटकर उनका जन्मदिन मनाये और बधाई और शुभकामनायें प्रेषित किये, एवं शासन प्रशासन से अपील किये की मोदी की गारंटी को पूरा करें। जिले के कर्मचारियों ने दो टूक कह दिया है कि जब तक उनकी दस सूत्रीय मांगों पर शासन से लिखित आदेश प्राप्त नहीं हो जाता, तब तक वे आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे।




कर्मचारियों का कहना है कि कई दौर की बातचीत के बावजूद अब तक ठोस समाधान नहीं निकला है। मौखिक आश्वासनों से वे संतुष्ट नहीं हैं और केवल लिखित आदेश को ही मान्य करेंगे।

सक्ती जिले के लगभग 200 से अधिक एनएचएम कर्मचारी तथा प्रदेशभर के 16,000 से ज्यादा कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं।कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार की बेरुखी और अड़ियल रवैये के कारण उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। उनका कहना है कि पिछले 20 वर्षों से वे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बने हुए हैं। कोविड-19 जैसी महामारी के कठिन दौर में भी उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा की, फिर भी आज तक उन्हें मूलभूत सुविधाओं और अधिकारों से वंचित रखा गया है।

एनएचएम कर्मचारियों की 10 प्रमुख मांगे : (1) संविलियन/स्थायीकरण। (2) पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना। (3) ग्रेड पे का निर्धारण। (4) कार्य मूल्यांकन प्रणाली में पारदर्शिता।(5) लंबित 27% वेतन वृद्धि। (6) नियमित भर्ती में एनएचएम कर्मचारियों के लिए आरक्षण। (7) अनुकम्पा नियुक्ति। (8) मेडिकल व अन्य अवकाश की सुविधा। (9) स्थानांतरण नीति। (10) न्यूनतम 10 लाख रुपये का कैशलेस चिकित्सा बीमा। हड़ताली कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी जारी रही तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# श्री रामलला के दर्शन के लिए जिले से श्रद्धालुओं का दल रवाना

## श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजनांतर्गत अब तक जिले के 1870 श्रद्धालु लाभान्वित

समवेत शिखर संवाददाता




**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना के अंतर्गत आज जिले से श्रद्धालुओं का दल रवाना हुआ। इस योजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को निःशुल्क यात्रा, दर्शन, आवास, भोजन और सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजनांतर्गत आज खोखरा से जिले के कुल 187 श्रद्धालुओं को लेकर दो बसें अयोध्या धाम दर्शन यात्रा के लिए रवाना हुईं। यह बस जिले के श्रद्धालुओं को बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक ले जाएगी, जहाँ से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल, पूर्व विधायक श्री अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, श्री अमर सुलतानिया, इंजी रवि पाण्डेय, पार्षदगण सहित जनप्रतिधियों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही यात्रियों को सेवा पखवाड़ा दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की सराहना की एवं यात्रियों को तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर शुभकामनाओं सहित रवाना किया। इस अवसर पर एसडीएम व उप संचालक समाज कल्याण श्री पवन कोसमा, उप संचालक पंचायत श्री अभिमन्यु साहू सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजनांतर्गत यह 10वीं यात्रा है। प्रत्येक यात्रा में 187 श्रद्धालु अयोध्या दर्शन हेतु भेजे जाते हैं, इस प्रकार जिले से अब तक कुल 1870 श्रद्धालु योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। यात्रा पर रवाना हो रहे श्रद्धालुओं ने राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त की। उन्होंने कहा कि श्री रामलला के दर्शन का यह अवसर उनके लिए आनंददायक और सौभाग्यपूर्ण है। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि यह योजना उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

## बलरामपुर-रामानुजगंज प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी निलंबित

**बलरामपुर-रामानुजगंज।** जिले में निःशुल्क गणवेश वितरण कार्य में गंभीर अनियमितता एवं लापरवाही के फलस्वरूप प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री डी.एन. मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में आज मंत्रालय महानदी भवन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।जारी आदेश के अनुसार श्री डी. एन. मिश्रा के स्थान पर सूरजपुर जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कुमार मिश्रा को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। निलंबन अवधि में श्री डी.एन. मिश्रा का मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग सरगुजा (अम्बिकापुर) नियत किया गया है। निलंबन काल में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# धूमधाम से निकली देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की विसर्जन रैली

## बढ़ाई संघ द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के साथ भंडारे का किया आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महा संगठन द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंडी प्रांगण स्थित पांडाल में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। पिछले तीन दिनों से विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चना एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कल बुधवार को हवन-पूजन संपन्न होने के पश्चात आज प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने नगर के तीनों प्रमुख मार्गों से भव्य रैली निकाली।

रैली के दौरान आर्केस्ट्रा की मधुर धुन पर कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिस पर बाबा विश्वकर्मा के भक्त श्रद्धा और उल्लास के साथ झूमते नजर आए। प्रतिमा विसर्जन किलकिलेश्वर धाम में किया जाएगा। वहीं विसर्जन रैली को देखते हुए नगर में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही।

इस दौरान समिति के रूपेश यादव, नवीन सिदार, देवा यादव, राजू साहू, योगेश टंडन, राजू वैष्णव, विकास साहू, रमेश बंजारे, नरेश चौहान, शंकर महंत समेत अन्य शामिल रहे।

बढाई संघ द्वारा हर साल की भांति इस वर्ष भी शिशु मंदिर गली में भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के लिए भव्य सुंदर पांडाल बनाया गया है जिसमें बढाई संघ के सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया। समिति के धीरज शर्मा, विजय राणा ,नारायण राणा ,अनिल शर्मा ,सुनील शर्मा ,अशोक ,पप्पू राणा, संतोष राणा ,दिनेश, पूछपाच, महेश शर्मा सहित पुरी टीम जुटी हुई है।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पहले चरण में हजारों छात्र हुए शामिल

## द्वितीय चरण के लिए 318 छात्र हुए चयनित, विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार, द्वितीय चरण के परीक्षा की तारीख जल्द होगी घोषित

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर-चांपा।** हरि लीला ट्रस्ट, बनारी, जांजगीर-नैला के तत्वावधान में जिले के विद्यार्थियों व युवाओं के लिए इस वर्ष भी प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तहत प्रथम चरण में निःशुल्क सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता ङ्क 2025 का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल स्तर (जांजगीर-चाम्पा विधानसभा) पर हजारों छात्र-छात्राओ ने भागीदारी निभाई अब ट्रस्ट की टीम द्वितीय चरण के आयोजन की तैयारी में जुट चुकी है जिसमें स्कूलों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी शामिल होंगे।

इस सम्बन्ध हरि लीला ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया ने स्कूल प्रबंधनों, गुरुजनों एवं छात्र-छात्राओं का प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते है बताया कि प्रतियोगिता का प्रथम चरण 16 सितम्बर को विधानसभा क्षेत्र के 106 विद्यालयों में सम्पन्न हुआ, जिसमें लगभग 12,500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान छात्रों में उत्साह देखते ही बना। प्रत्येक विद्यालय से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 318 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। अब इन्हीं प्रतिभागियों के बीच द्वितीय चरण की महा परीक्षा कराई जाएगी, जो एक बृहद शैक्षणिक अभियान की तरह संपन्न होगी। द्वितीय के परीक्षा की तारीख जल्द ही घोषित भी कर दी जाएगी।

अमर सुल्तानिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता विशेष रूप से कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए रखी गई है। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। द्वितीय चरण में 318 प्रतिभागियों के माध्य प्रथम स्थान पर आने वाले विद्यार्थी को ?21,000, द्वितीय स्थान को ?11,000, तृतीय स्थान को ?5,100 और सात विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप ?2,100-?2,100 की राशि प्रदान की जाएगी। इसके आलवा विजेताओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र भी दिए जायेंगे साथ ही प्रथम चरण में स्कूलों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को भी मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा वहीं प्रथम चरण की परीक्षा में शामिल हर प्रतिभागी को प्रशस्ति पत्र अनिवार्य रूप से दिया जाएगा जिसका डाटा स्कूल प्रबंधन प्रदान करेंगे।

ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता न केवल सामान्य ज्ञान बढ़ाने का अवसर है, बल्कि छात्रों में प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास भी जगाती है। उन्होंने आगे कहा कि ट्रस्ट की टीम अब पूरी तैयारी के साथ दूसरे चरण को सफल बनाने में जुट गई है। विद्यालय प्रबंधन, गुरुजनों और अभिभावकों के सहयोग से यह आयोजन विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा।

# अग्रसेन जयंती की शान अंताक्षरी प्रतियोगिता में अनूप और पार्टनर ने मारी बाजी

## महिलाओं की रस्सा खींच प्रतियोगिता में राधिका एण्ड टीम ने जीता खिताब

समवेत शिखर संवाददाता

**पत्थलगांव।** पत्थलगांव में अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 में प्रतियोगियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई जा रही है अग्रसेन जयंती की शान अंताक्षरी प्रतियोगिता में अनूप जिंदल एण्ड पार्टनर ने अपने प्रतिद्वंदी खुशबू गोयल और पार्टनर को मात देते हुए अंताक्षरी के इनाम पर कब्जा जमाया वहीं पहली बार महिलाओं के लिए हो रही रस्सा खींच प्रतियोगिता में कई सारी टीमों ने भाग लिया इसमें राधिका एण्ड ग्रुप ने अंशु अग्रवाल और ग्रुप को मात देते हुए रस्सा खींच प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया वहीं महिलाओं के लिए सबसे फेवरेट प्रतियोगिता गुपचुप खाओ प्रतियोगिता में प्रीति सुनील अग्रवाल प्रथम ,आंचल विकास अग्रवाल दूसरा प्रिया अमित गोयल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अग्रसेन जयंती महोत्सव के प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में करीब बीस ओनरों अपनी हिस्सेदारी निभाई जिसमें अग्र स्टार के ओनर देवगोपाल गोयल एंड टीम ने खिताब पर कब्जा किया वही मॉर्निंग स्टार की आलोक गोयल एंड टीम ने उपविजेता का खिताब प्राप्त किया ।एपीएल में बहुत से बेस्ट लोगों के लिए भी इनाम दिए गए।

### APL स्पेशल अवार्ड

बेस्ट बैट्समैन - गौरव गोयल, बेस्ट बॉलर - शिवम मित्तल, बेस्ट फील्डर - सांतनु जिंदल, बेस्ट ऑल राउंडर - आकाश अग्रवाल, गेम चेंजर - शशांक जिंदल को दिया गया।प्रीमियर लीग को सफल बनाने में उपाध्यक्ष कान्हा अग्रवाल सहकोषाध्यक्ष शुभम गर्ग द्वारा काफी मेहनत करते हुए सफलता तक पहुंचाया।शेक बनाओ प्रतियोगिता में दर्जन भर से ज्यादा प्रतियोगियों ने भाग लिया जिसमें नैना आलोक अग्रवाल पहले, अंशिका हैप्पी मित्तल



रानू अमित अग्रवाल दूसरा स्थान ,ईशा हर्षित अग्रवाल ,ज्योति आशीष अग्रवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ महिलाओं की प्रतियोगिता में आभा नरेश अग्रवाल प्रथम ,पुष्पा अरुण मित्तल द्वितीय निक्की मनु अग्रवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया बिंदी लगाओ प्रतियोगिता में अंशु राकेश अग्रवाल प्रथम रीना परवीन गर्ग द्वितीय श्रुति मनीष अग्रवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।अग्रसेन जयंती महोत्सव अपनी ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है जहां नवयुवक समिति अपनी पूरी लगन , मेहनत से अग्रसेन जयंती महोत्सव में चार चांद लगाने में जुटी हुई है ।प्रतिदिन सुबह से लेकर रात्रि तक अग्र बंधु अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हुए अपनी मजबूत भागीदारी पेश कर रहे हैं ।अग्रवाल सभा के अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल, सचिव अनिल मित्तल के द्वारा भी नवयुवक समिति के सदस्यों व पदाधिकारी को अपना कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुए कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं ।एकता की मिसाल पेश करने वाली अग्रसेन मैराथन दौड़ की तैयारी को लेकर नवयुवक समिति के अध्यक्ष दिवाकर अग्रवाल उपाध्यक्ष विष्णु मित्तल जुटे हुए हैं एवं समाज के सभी वर्ग के लोगों को इस अग्र मैराथन दौड़ में भाग लेने के लिए अपील करते हुए समाज की एकता का मजबूत करते हुए अपनी भागीदारी निभाने के लिए कहा है।

# विनोबा एप में उत्कृष्ट कार्य के लिए नवाचारी शिक्षक हुए सम्मानित

समवेत शिखर संवाददाता



**खरसिया।** जिलाधीश मयंक चतुर्वेदी एवं जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में और जिला शिक्षाधिकारी डॉ.के.वेंकट राव एवं जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र कुमार चौधरी के दिशा निर्देश में ओपन लिंक फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। जिसमें खरसिया ब्लॉक से विनोबा ऐप में उत्कृष्ट कार्य के लिए ब्लॉक स्तरीय विजेता होने पर विकासखंड शिक्षाधिकारी एल.एन.पटेल एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक प्रदीप कुमार साहू ने प्राथमिक शाला बैकुंठपुर (बासनपाली) की शिक्षिका ममता पटेल,प्राथमिक शाला घघरा के शिक्षक लीलाधर साहू, प्रा.शा.अ.जा.मोहल्ला खरसिया की शिक्षिका सुमित्रा भारती, प्रा.शा.आदर्श खरसिया की शिक्षिका हीरा पटेल को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

अगस्त माह में इन शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने कार्यों और नवाचारी गतिविधियों को विनोबा एप में अपलोड किया था। विनोबा एप में अपलोड की गई गतिविधियों के विश्लेषण पश्चात उत्कृष्ट कार्य के लिए विकास खण्ड खरसिया के इन 04 शिक्षक-शिक्षिकाओं को चयनित किया गया। विनोबा भावे की टीम जिले में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एफएलएन एवं अन्य शाला के कार्यों में सहयोग के साथ डाटा कलेक्शन का कार्य में भी सक्रीय समन्वय कर रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित विनोबा टीम से प्रोजेक्ट ऑफिसर पायल सिन्हा ने शिक्षक-शिक्षिकाओं और ब्लॉक को बधाई दी।